22 may 2022:Layout 1 7/6/2022 1:06 AM Page 1

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 01 अंकः 268 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 06 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेजः 12 मूल्य 05 रुपया

शंकर विहार स्थित मुथूट फाइनेंस में दिनदहाड़े लूट की वारदात

(हरेश उपाध्याय) पूर्वी दिल्लीः- थाना प्रीत विहार इलाके के शंकर विहार स्थित मुथूट फाइनेंस में दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि तकरीबन 10:30 बजे के आसपास

चार लोग मुथूट फाइनेंस में घुसे और तमंचे की नोक पर सभी कर्मचारियों को बंधक बना लिया तथा मुथूट फाइनेंस के मैनेजर दीपक पांडे ने जब विरोध करना चाहा तो लुटेरों ने उनकी पिटाई कर दी। वह बुरी तरह से घायल हो गए लेकिन मुथूट फाइनेंस के कर्मचारियों की सूझबूझ से बड़ी घटना होने से टल गई क्योंकि कर्मचारियों ने तुरंत अलार्म का बटन दबा दिया और चारो लुटेरों को वहां से भागना पड़ा। बताया जा रहा है कि लुटेरे ड्ड56000 और कर्मचारियों के मोबाइल लूटकर ले गए। पुलिस मौके पर पहुंच कर सीसीटीवी की सहायता से सभी लुटेरों की पहचान कर रही हैं।

हिंदू सर्व समाज संघर्ष समिति ने कन्हैया के लिए श्रद्धांजलि सभा व रैली निकाली

(हरेश उपाध्याय, नीरज अवस्थी) दिल्लीः-आज गौतम नगर में विश्व हिंदू परिषद,आर एस एस व भाजपा युवा मोर्चा व अन्य हिंदू संगठनों ने कट्टरपंथी जेहादियों के द्वारा उदयपुर में स्वर्गीय कन्हैया लाल की निर्मम हत्या के विरोध में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की और रैली भी निकाली। उक्त सभी संगठनों ने

जेहादियों की सरेआम शीघ्र फांसी को सजा मांग की और गहलोत सरकार की बर्खास्तगी की मांग की। उन्होंने "कन्हैया लाल अमर रहे"व हत्यारों को फांसी दो"के नारे लगाए.इस श्रद्धांजलि सभा व रैली में विश्व हिंदू परिषद तरूण सैनी, युवा मोर्चा के राहुल गर्ग,आर एस एस के राकेश गुप्ता, योगेश शर्मा सहित काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

जिला प्राथमिक शिक्षक संघ ने नए DEO का किया स्वागत।

समाज जागरण नवादा(आर्यन मोहन)

नवादा।नव पदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी ,नवादा वीरेंद्र कुमार के योगदान तथा निवर्तमान ऊएड संजय कुमार चौधरी के उप निदेशक ,प्राथमिक शिक्षा, बिहार के पद पर प्रोन्नति के उपलक्ष्य में जिला प्राथमिक शिक्षक संघ नवादा के द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारी प्रकोष्ठ में स्वागत - सह - सम्मान समारोह का आयोजन

किया गया। इस अवसर पर अधिकारी द्वय को संगठन की ओर से पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र दे प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, प्रधान सचिव बीके सिंह, प्रमंडलीय अध्यक्ष जयराम शर्मा, उपाध्यक्ष संजय कुमार भारती, मनोज कुमार झा, अलख देव यादव, वीरेंद्र पासवान, मिथिलेश प्रसाद सिंह, राज्य चुनाव अभियान समिति के सदस्य रविनंदन कुमार, विशाल चंद्रा आदि शिक्षक नेता शामिल थे। कार्यालय सचिव डॉ रवि शंकर कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया।

खैर-पीस कमेटी की हुई बैठक

लक्ष्मन सिंह राघव अलीगढ़ ब्यूरो

अलीगढ़ आगामी त्यौहार को लेकर डीएम अलीगढ़ इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देश पर खैर उप जिलाधिकारीसंजय मिश्रा,पुलिस खैर क्षेत्राधिकारी आर के सिंह सिसौदिया ने लोगों के साथ मीटिंग की गई। जिसमें खैर उप जिलाधिकारी संजय मिश्रा व पुलिस खैर क्षेत्राधिकारी आर के सिंह सिसौदिया द्वारा सभी धर्मगुरुओ व व्यापारियों ,नगर के सम्मानित के साथ शांति पूर्वक ढंग से त्यौहार मनाने के लिए निर्देश दिए।इस मीटिंग में इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार,कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज अजेंद्र सरोहा सहित खैर चेयरमैन संजीव अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

एडीए इनर रिंग रोड पर करेगा 40000 पौधों का वृक्षारोपण

आगरा। शासन के निर्देश पर आगरा विकास प्राधिकरण ने वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण का आयोजन इनर रिंग रोड पर किया।

प्रदेश के प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजने नितिन रमेश गोकर्ण ने इनर रिंग रोड स्थल पर वृक्षारोपण कर इस वृक्षारोपणे महोत्सव का शुभारम्भ किया गया।` वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा इनर रिंग रोड परे 40000 पौधों का रोपणे प्रथम व द्वितीय चरण पर किया जायेगा।

इस मौके पर उपाध्यक्ष आङ्गविङ्गप्रा०, सचिव, मुख्य अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता व क्षेत्रीय अवर अभियन्ता, सम्बन्धित उद्यान विभाग, अभियन्त्रण विभाग, अनुरक्षण व विद्युत विभाग का स्टाफ मौके पर उपस्थित था ।

जून में खुला नौकरियों का पिटारा,

22 फीसदी बढ़ी कर्मचारियों की मांग; इन सेक्टर्स में दिखा दम

जून का महीना नई नौकरी पाने वालों के लिए किसी वरदान से कम नहीं था. ऐसा खुलासा एक रिपोर्ट से हुआ है. बता दें कि जून 2022 में जॉब के लिए भर्तियों की प्रक्रिया में 22 फीसदी सालाना का उछाल दर्ज किया

नई नौकरी पाने वालों के लिए जून का महीना किसी वरदान से कम नहीं था. ऐसा खुलासा एक रिपोर्ट से हुआ है. बता दें कि जून 2022 में जॉब के लिए भर्तियों की प्रक्रिया में 22 फीसदी सालाना का उछाल दर्ज किया गया है. बताते चलें कि सबसे ज्यादा इजाफा ट्रैवल और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में हुआ है. इसके अलावा फ्रैशर्स के लिए भी यह महीना फायदेमंद साबित हुआ.

रिपोर्ट में सामने आई ये बात

नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स की एक रिपोर्ट के अनुसार ट्रैवल और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में फ्रैशर्स की मांग 158 फीसदी, रिटेल में 109 फीसदी, इंश्योरेंस सेक्टर में 101 फीसदी, अकाउंटिंग फाइनेंस में 95 फीसदी और एजुकेशन में 70 फीसदी बढ़ी है. इसी तरह अनुभवी कर्मचारियों की हायरिंग में भी बढ़ोतरी हुई है. इंडस्ट्री, ट्रैवल और हॉस्पिटैलिटी में जून 2021 के मुकाबले जून 2022 में हायरिंग एक्टिविटीज में

125 फीसदी का उछाल आया है. रिटेल सेक्टर में 75 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है तो BFSI में 58 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है.

इन सेक्टरों में बढ़े रोजगार के अवसर

बिजनेस स्टैंडर्ड में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार इंश्योरेंस सेक्टर में भी सालाना आधार पर रोजगार की मांग में 48 फीसदी, शिक्षा में 47 फीसदी, रियल एस्टेट में 46 फीसदी, ऑटो में 37 फीसदी और ऑयल एंड गैस में 36 फीसदी का इजाफा हुआ है.

इन सेक्टर्स में नहीं हुई बिल्कुल बढ़त

गौरतलब है कि टेलीकॉम, फार्मा और बायोटेक में हायरिंग एक्टिविटीज स्थिर रही हैं. इस शहर में सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर

इसी रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र है कि सबसे ज्यादा हायरिंग एक्टिविटीज मुंबई में दर्ज की गई हैं. सालाना आधार पर मुंबई में 43 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है. इस–ाके अलावा कोलकाता में जून 2022 में जून 2021 के मुकाबले हायरिंग एक्टिविटीज 29 फीसदी, दिल्ली में 29 फीसदी, चेन्नई में 21 फीसदी, बैंगलोर में 17 फीसदी, पुणे में 15 फीसदी और हैदराबाद में 11 फीसदी बढ़ी है.

डायट परिसर में वृक्षारोपण कर दिया हरियाली का संदेश

कौशाम्बी वृक्षारोपण दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर के डायट मैदान में उपशिक्षा निदेशक प्राचार्य अनिल कुमार द्वारा वृक्षारोपण कर माँ पृथ्वी को हरा भरा बनाये रखने हेतु अभिनव प्रयास किया गया। वृक्ष लगाकर उन्होंने परिसर में मौजूद समस्त प्रशिक्षुओं, प्रवक्ताओं व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए आव्हान किया कि सभी लोग एक एक पौधा अवश्य लगाएं, तथा जैसे अपने नौनिहाल की देखभाल करते हैं ठीक उसी प्रकार उस पौधे की भी देखभाल करे। डायट प्रवक्ता कौशलेंद्र मिश्र ने वृक्ष की महत्ता पर विस्तृत चर्चा करते हुए धरती को स्वर्ग बनाने हेतु पौधरोपण अधिक से अधिक किये जाने पर विशेष बल देते हुए कहा कि एक वृक्ष सौ पुत्र के बराबर होता है। इसलिए हमें अपने जीवन मे वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए। जिससे हम धरती माँ के अनन्य सेवक बन सकें। आज के पौधरोपण अभियान में संस्थान की वरिष्ठ प्रवक्ता भारती त्रिपाठी, विपुल सागर, रिफत मलिक,अनिरुद्ध कुमार व समस्त प्रवक्ता एवं कर्मचारी व प्रशिक्षुओं ने एक एक वृक्ष लगाने का दृढ़ संकल्प लिया एवं इस हरित यज्ञ में अपनी अपनी आहुति देने की प्रतिबद्धता जाहिर की।

भगवान बुद्ध की धरती पर आकर खुश हुई मुर्मू, RJD से पुनर्विचार करने का आग्रह

समाज जागरण पटना सेबिहार हेड(राजेंद्र कुमार पांडेय की रिपोर्ट) पटना : एनडीए की राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का मंगलवार को बिहार की राजधानी पटना पहुचने पर भव्य स्वागत किया गया। पटना हवाई अड्डे से ही उनके स्वागत के लिए विशेष तैयारी की गई। खासकर लोककलाकारों ने मुर्मू के स्वागत के अवसर पर बिहार और विशेषकर जनजातीय समुदाय की लोक संस्कृति को बेहद निराले अंदाज में पेश किया।

दरअसल, आदिवासी समाज से आने वाली राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के पटना हवाई अड्डे पर पहुंचते ही बिहार भाजपा के कई नेताओं ने उनका जोदार स्वागत किया। इसी कड़ी में पटना के होटल मौर्या में एनडीए विधायक दल की बैठक में राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू ने कहा कि ह्यभगवान बुद्ध की पावन धरती पर सभी से मिलकर खुशी हुई। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने हमे उम्मीदवार बनाया है। आपके समक्ष राष्ट्रपति पद के समर्थन के लिए आई हूं।भाजपा के वरिष्ठ नेता, राज्यसभा सदस्य और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने

राष्ट्रीय जनता दल से राष्ट्रपति चुनाव को लेकर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि राजद को द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करते हुए मिसाल पेश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा को मौका मिला तो एक मुसलमान को राष्ट्रपति बनाया। दूसरी बार अनुसूचित जाति से राष्ट्रपति बनाया। अब पार्टी आदिवासी समुदाय की महिला को यह गौरव दिलाने की कोशिश कर रही है। राजद को इसका समर्थन करना चाहिए।इधर, एनडीए उम्मीदवार मुर्मू के स्वागत के बहाने बिहार एनडीए के सभी घटक दल लम्बे समय के बाद एक मंच पर आए और राजग की एकजुटता दिखाई दी। जदयू के राष्ट्रीय ललन सिंह ने कहा कि जब से आदिवासी समाज से आने वाली उम्मीदवार के नामों की घोषणा हुई तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को खुशी हुई और आपको समर्थन देने का ऐलान किया। जदयू के सभी सांसद और विधायक आपके पक्ष में वोट करेंगे और आपका राष्ट्रपति बनना तय है। मुर्मू को उम्मीदवार बनाकर चौंका दिया

पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने भी उत्साहित भाव से अपने दल हम का समर्थन द्रौपदी मुर्मू के लिए करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुर्मू को उम्मीदवार बनाकर चौका दिया। उन्होंने कहा कि कहीं-कहीं भाजपा के बारे में भ्रम फैलाया जाता है कि भाजपा आदिवासी समाज और दलित समाज के खिलाफ है, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी के इस फैसले से सभी हैरान हैं।

बिहार में 98 घंटे में बना दी 38 किलोमीटर लंबी सड़क, सूबे के मंत्री बोले – यह नया विश्व रिकॉर्ड

समाज जागरण पटना (बिहार प्रभारी)

बिहार में बिछाए गए सड़कों की जाल की हर जगह प्रशंसा होती है। राज्य के सभी जिलों में अच्छी सड़क का निर्माण किया गया है। इस कड़ी में अब बिहार में सड़क निर्माण में एक ऐसा काम हुआ है। जिसे अब तक दुनिया के बड़ें देशों में भी नहीं किया जा सका है। यहां राष्ट्रीय राजमार्ग की 38 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण को सिर्फ 98 घंटे में तैयार कर दिया है। जो कि अब वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गया है।

इन जिलों में यह निर्माण कार्यः एनएचएआई ने सूबे के भोजपुर-रोहतास जिले से गुजरने वाले नेशनल हाइवे-30 के निर्माण में नवीनतम तकनीक, माइक्रो प्लानिंग और वेल कॉर्डिनेशन का ऐसा संगम पेश किया है कि मात्र 98 घंटे में निर्माण एजेंसी अशोका बिल्डकॉन ने 38 किलोमीटर सिंगल लेन हाइवे बना डाला। 19 जून से 24 जून के बीच लगातार

98.50 घंटे तीन शिफ्ट में काम करने की रणनीति के तहत निर्माण कार्य चला और परिरया-मोहनिया एलाइनमेंट में कोचस से मोहिनया बायपास 37.74 किलोमीटर सिंगल लेन सड़क बना दी गई।इन अनवरत 98 घंटे के काम में 10 इंजीनियर मैनेजर, 15 सुपरवाईजर और सामान सप्यालर, 15 क्वालिटी कंट्रोल टीम, 24 लेबर और 136 ऑपरेटर और ड्राईवरों की कड़ी मेहनत रंग लायी। मशीनों की बात करें तो बड़े-बड़े 2 हॉट मिक्स प्लांट, 4 सेंसर पेवर, 6 रॉलर, 50 टीपर, 8 ट्रैक्टर-ट्रैलर समेत अन्य कई तरह की मशीनों का बिना किसी बाधा के प्रयोग किया गया। अशोका बिल्डकॉन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और एनएचएआई के डीजीएम ने बताया कि 1200 टन अलकतरा और 400 टन फर्नेश ऑयल मंगाने के लिए माइक्रो प्लानिंग करते हुए हल्दिया और भोपाल स्थित डिपो से पहले ही एडवांस बात की गई। फूल स्विंग में काम कराने के लिये एजेंसी के सीईओ और सीओओ कार्य स्थल पूरे काम के दौरान मौजूद रहे। प्रशासनिक सपोर्ट के कारण 98 घंटे के काम में किसी तरह की बाधा नहीं आयी और रिकार्ड बनाने की जिद्द ने काम पूरा करा दिया।

लखनऊ आम महोत्सव

आम - फलों का राजा उतना ही पुराना है जितना कि भारत की सभ्यता

समाज जागरण लखनऊ (रत्ना तिवारी)

विश्व में आम उत्पादन का अधिकांश हिस्सा लगभग 65 (20.4 मिलियन टन) भारत से है तथा आम उत्पादन में उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक हिस्सा है ' उत्तर प्रदेश में 1000 से अधिक किस्मों से लगभग 22 प्रतिशत (4.5 मिलियन टन) आम का उत्पादन होता है ' उत्तर प्रदेश म

विश्व में आमों ; उच्चता उत्पादन के लिए प्रसिद्ध हैं ' कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने भी इसको पहचाना है '

लखनऊ आम महोत्सव 2022 में आम सभी हितकारी शामिल होगे अर्थात किसान, एफपीओ, सरकारी समितियां,स्वयं सहायता समूह, फुड हाऊस,फुड प्रोसेसर, निर्यातक, व्यापारी, नर्सरी, वित्तीय सहायता प्रदाता, अवसंरचना और रसद प्रदाता, मशीनरी और उपकरण आपूर्तिकर्ता,

शोधकर्ता, वैज्ञानिक, सरकारी अधिकारी, भारत और उत्तर प्रदेश सरकार के नोडल अधिकार शामिल रहेंगे 'इस कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमन्त्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा किया गया

वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में 9 लाख से अधिक पौधे रोपित किए गए

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा प्रदेश सरकार की वन महोत्सव कार्यक्रम में आज एक ही दिन में 25 करोड पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें से गौतमबुद्धनगर का कुल 856100 पौधो का लक्ष्य आवंटित है। (वन विभाग का लक्ष्य 271500 एवं अन्य विभाग का लक्ष्य 584600) निर्धारित किया गया था। इस कार्यक्रम को जनपद में सफल बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा नामित जनपद गौतमबुद्धनगर के नोडल अधिकारी नरेन्द्र भूषण, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग उ०प्र शासन की उपस्थिति में तथा सुहास एल०वाई० जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर के निर्देशन एवं श्री प्रमोद कुमार प्रभागीय वनाधिकारी, गौतमबुद्धनगर के कुशल नेतृत्व में जनपद गौतमबुद्धनगर में विभिन्न स्थलो पर वृक्षारोपण कार्यक्रम को व्यापक जनसहभागिता प्राप्त करते हुए एक जन आंदोलन के रूप में क्रियान्वित कर वृहद स्तर पर वन विभाग द्वारा कुल 275500 पौधे एवं अन्य विभाग द्वारा 633445 पौधे कुल 921 साईटो पर 908945 पौधे रोपित किये गये जो निर्धारित लक्ष्य का 106.17 प्रतिशत रहा।

उक्त कार्यक्रम के निरन्तरता में सेक्टर-136, ग्रीन बेल्ट नोएडा में खेल वन तथा शक्ति वन की स्थापना

करते हुए माननीय सांसद महेश शर्मा, माननीय तेजपाल नागर, विधायक, दादरी माननीय पंकज सिंह, विधायक नोएडा, महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, नरेन्द्र भूषण, आई०ए०एस० प्रमुख सचिव / नोडल अधिकारी, लोक निर्माण विभाग उ०प्र०, सुहास एल वाई० जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर तथा प्रमोद कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी गौतमबुद्धनगर द्वारा एक-एक मौलश्री का पौधा वृक्षारोपण स्थल पर रोपित किया गया तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करके उसकी देख-भाल करने की अपील की गयी। वृक्षारोपण कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर प्रभागीय वनाधिकारी, गौतमबुद्धनगर / सदस्य सचिव द्वारा समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों स्वयं सेवी संस्थाओं तथा गणमान्य व्यक्तियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

22 may 2022:Layout 1 7/6/2022 1:06 AM Page 2

साधना पथ (भाग 187)

देव मणि शुक्ल

साधकों , लौकिक जीवन में जितने भी सुख साधन एवं प्रसन्नता-दायक अवसर है, उनका मूल अध्यात्म ही है। यदि इस विचारधारा का प्रभाव मन पर न हो, तो पुण्य कर्म किस प्रकार बन पड़ेंगे और उनके बिना सुख साधनों से परिपूर्ण प्रारब्ध कैसे बनेगा?

स्त्री-पुत्रों का, स्वजनों, परिजनों का सज्जन और सद्भाव-सम्पन्न होना एक बहुत बड़ा सुख है, पर यह सुख उसे ही मिलता है, जिसने अपने स्वभाव और चरित्र को आदर्श बनाकर अपने निकटवर्ती लोगों को प्रभावित कर लिया है।

दूसरों को सज्जन बनाने के लिए अपना सज्जन होना आवश्यक है। क्रोधी बाप के बेटे अवज्ञाकारी ही हो सकते हैं। बालक के स्वभाव का बहुत कुछ निर्माण उसके जन्म से पूर्व हो जाता है। माता-पिता के रज-वीर्य से बच्चे का शरीर बनता है और स्वभाव एवं चरित्र से उस-का मन विनिर्मित होता है।

अच्छी सन्तान पैदा करने के इच्छुक माता-पिता को इसके लिए वर्षो पूर्व आत्म-निर्माण की साधना करनी पड़ती है। अपना चेहरा कुरुप हो, तो फोटो भी कुरुप ही खिंचेगा। माता-पिता का स्वभाव अव्यवस्थित हो, तो उनके बालक कैसे सज्जन और सद्भावी होंगे?

बच्चों को पौष्टिक भोजन कराकर, उन्हें स्वस्थ और कपड़े, जेवर आदि से सजाकर सुन्दर बनाया जा सकता है, पर उसके स्वभाव में श्रेष्ठता तो तभी आएगी, जब माता-पिता अपने शिक्षा का प्रभाव प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से उन पर डालें। यह कार्य आध्यात्मिक विचारधारा से ओत-प्रोत दम्पति ही कर सकते हैं। इसलिए उत्कृष्ट प्रकार की सन्तान प्राप्त करना भी उन्हीं के लिए संभव होता है। कभी-कभी सज्जनों के घर में भी कुसंस्कारी बालक जन्मने के अपवाद होते तो हैं, पर मोटा नियम यही है, कि जैसे भावना प्रवाह में बालक पलता है, वैसे ही संस्कार उसके बनते हैं और धीरे-धीरे उसी साँचे में ढल जाता है।

उपदेशों से नहीं, बालक संस्कारों से ढलते हैं और श्रेष्ठ ढालने का साँचा एकमात्र अध्यात्म ही है। यही बात परिवार के अन्य सदस्यों के ऊपर लागू होती है। पति-पत्नी में से एक भी उत्कृष्ट स्वभाव का हो, तो दूसरे की अपूर्णता को बहुत हद तक दूर करके सभी को बहुत अँशों में अपने अनुकूल बना सकता है।

व्यवहार की सज्जनता से परिवार के अन्य सदस्य भी अपने अनुकूल बन जाते हैं।

महंगाई उच्चतम सीमा पर, आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों को रोकने नए प्रभावी नियंत्रक कानून की आवश्यकता'

भारत में पिछले दो वर्षों में महंगाई चरम पर पहुंच गई है' भारत की जनसंख्या के मद्देनजर लगभग 135 करोड़ लोगों के लिए आवश्यक वस्तुओं के दाम पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। आपको यह बता दें कि आवश्यक वस्तुओं में चावल, दाल, गेहूं, केरोसिन, गैस, पेट्रोल, डीजल और अन्य रोजमर्रा की चीजें समाहित है ।आवश्यक वस्तुओं के मूल्य केरोसिन,गैस और पेट्रोल ,डीजल को छोड़कर अन्य चीजों कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कोई भी अत्यंत प्रभावी नियंत्रक कानून प्रचलन में नहीं है और जो वर्तमान में प्रचलित धाराएं हैं वह बढ़ती कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पर्याप्त ना होकर काफी लचीली है। आवश्यक वस्तु अधिनियम को भी परिमार्जित करने की आवश्यकता प्रतीत होती है। यदि वर्तमान जैसा परिदृश्य लगातार चलता रहा तो महंगाई बेलगाम हो जाएगी और तमाम आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आम आदमी की पहुंच से बाहर होकर अनियंत्रित हो जाएगी' इसी लिए केंद्र को चाहिए इस संदर्भ में विचार मनन कर अत्यंत ही समीचीन कानूनों में परिवर्तन कर महंगाई और बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण लाने का प्रयास करें ' पिछले दो-तीन वर्षों में भारत में आवश्यक वस्तुओं से लेकर पेट्रोल, डीजल तथा अन्य सामग्रियों में कीमतें लगभग डेढ़ गुना हो गई है। भारत में महंगाई का स्तर अभूतपूर्व तरीके से अचानक उच्चतम सीमा से ऊपर हो गया है। मध्यम वर्ग तथा गरीब तबके का व्यक्ति इस महंगाई की आग में सबसे ज्यादा झुलस रहा है। आमदनी उतनी की उतनी ही है और महंगाई चरम सीमा पर है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हिंदुस्तान में ही महंगाई का परचम भयानक तौर पर लहरा रहा है। पेट्रोल ,डीजल, गैस के दाम तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रूड आयल के दाम बढ़ने से बढ़ते हैं, फिर अलग अलग राज्य सरकारें उस पर कर लगाकर दाम बढ़ाने का काम करती है पर मूल रूप से वैश्विक स्तर पर महंगाई करोना के भयानक संक्रमण और रूस यूक्रेन युद्ध की भयानक विभीषिका की परिणति ही है। रूस के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों ने तो महंगाई में आग ही लगा के रख दी है। रूस अब किसी भी कीमत पर यूरोपीय देशों तथा अन्य पश्चिमी देशों को पेट्रोल डीजल गैस देने की मनः स्थिति में नहीं है, उस पर रूस पर यूरोपीय तथा ने1टो देशों का प्रतिबंध भी महंगाई का बड़ा कारण है। रूस का अमानवीय तरीके से यूक्रेन पर आक्रमण और लगभग एक करोड़ यूक्रेन के नागरिक अन्य देशों में शरणार्थी बनकर रहने के कारण ही यूरोप में महंगाई बहुत बढ़ गई है। भारत के परिपेक्ष में महंगाई अब चरम सीमा पर है आम आदमी का जीना मुश्किल दर मुश्किल होता जा रहा है। पाकिस्तान, बांग्लादेश के अलावा श्रीलंका में तो महंगाई ने सरकार का तख्ता ही पलट दिया है।

पाकिस्तान में भी सत्ता परिवर्तन का कारण महंगाई तथा बेरोजगारी ही रही है। रूस यूक्रेन युद्ध के इतने महीने बाद भी अमानवीय क्रूर विभीषिका थमने का नाम नहीं ले रही है। यूक्रेन के करोड़ों लोग बेघरबार हो गए हैं। यूक्रेन की अरबों रुपए की संपत्ति युद्ध की भेंट चढ़ चुकी है, यूक्रेन में नागरिकों का कोहराम मचा हुआ है।

ऐसे समय में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियों गुतारेस की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से शांति बहाल हेतु शांति वार्ता मानवता के लिए सर्वाधिक सकारात्मक एवं अहम पहल है।

अब रूस, यूक्रेन युद्ध भयानक तथा क्रूरतम रूप ले चुका है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पूरी तरह अपनी सनक में आकर यूक्रेन को बबार्दी के अंतिम छोर पर पहुंचाना चाह रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ अड़ियल रवैया रूस ही दिखा रहा है बल्कि यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेन्सकी भी

ना जाने किस घमंड और गुमान पर अड़े हुए हैं, उन्हें अपने देश के एक करोड़ से ज्यादा विस्थापित नागरिक दिखाई नहीं दे रहे हैं एवं हजारों निर्दोष नागरिकों के साथ सैनिकों की मृत्यु तथा शव भी उन्हें युद्ध रोकने के लिए बाध्य नहीं कर पा रहें है। वैसे यह तो तय है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन की आड़ में अमेरिका तथा नाटो देशों के सदस्यों को यह बताना चाह रहे हैं कि रूस अभी भी उतना ही शक्तिशाली है जितना वह उस 1990 में विघटन के पूर्व था। रूस यूक्रेन युद्ध के 50 दिन पूरे हो चुके हैं और यूक्रेन के हौसले अभी भी बुलंद दिखाई दे रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय न्यूज एजेंसियों के अनुसार कीव ,मारियोपोल, बूचा, लोहानस्क,डोनेट्स आदि शहर नर संहार के भयानक केंद्र बन चुके हैं। न्यूज एजेंसी के अनुसार यूक्रेन के मूल हथियार जो उसके पास पूर्व में थे सारे नष्ट हो चुके हैं, तमाम हवाई अड्डे नेस्तनाबूद कर दिए गए हैं, अब स्थिति यह है कि फ्रांस, इजराइल, कनाडा,न्यूजीलैंड, अमेरिका, ब्रिटेन, पोलैंड से आए हुए जहाज, टैंक और मशीन गनों के सहारे ही यूक्रेन में वर्तमान का युद्ध लडा जा रहा है। यूक्रेन के लगभग 20 से 25 हजार सैनिक और नागरिक मारे जाने की एजेंसियों द्वारा पुष्टि की गई है। और कीव ,बूचा, मारियोपोल मैं रूसी सैनिकों के साथ उनके कई सेना के अधिकारियों की मौत की भी पुष्टि की गई है। यूक्रेन के सरकारी प्रवक्ता ने बताया रूस के लगभग 15हजार सैनिक इस युद्ध में हलाक हुए हैं। और उनके लड़ाकू जेट ,पैटर्न टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां तथा ड्रोन भारी मात्रा में नष्ट कर दिए गए हैं। रूस युद्ध में अरबों रुपए का नुकसान प्रतिदिन झेल रहा है। यूक्रेन को तो नाटो तथा अमेरिका लगातार आर्थिक तथा सामरिक मदद कर रहा है, जिसके फलस्वरूप यूक्रेन की स्थिति अभी तक मजबूत बनी हुई है।

इस युद्ध में मानवीय संवेदनाओं, मानवता ने यूक्रेन तथा रूस दामन लगभग त्याग दिया है। दोनों देशों के निष्ठुर कमांडरों ने मानवता को मूल नष्ट करने का मानों ठेका ही ले लिया है। यूक्रेन से लगभग एक करोड़ से ज्यादा यूक्रेन के निवासियों ने पोलैंड और यूरोपीय देशों में मजबूर शरणार्थियों की तरह पनाह ले ली है। इस युद्ध में रूस के राष्ट्रपति पुतिन उनके विदेश मंत्री लावरोव तथा रक्षा मंत्री सहित अन्य कमांडर अब मानसिक दबाव में आकर मानसिक असंतुलन की स्थिति में आ गए हैं। पुतिन के मानसिक असंतुलन की स्थिति का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि उसने चेचन्या के सबसे खतरनाक कमांडर रमजान को आक्रमण का जिम्मा दिया है इस कमांडर रमजान के बारे में बताया जाता है कि यह पुतिन का सबसे विश्वास पात्र एवं अत्यंत क्रूर सैन्य अधिकारी है जो केवल विरोधी सैनिकों की मृत्यु बनकर उन पर टूट पड़ता है। ऐसे में यूक्रेन एक बड़े नरसंहार केंद्र के रूप में तब्दील हो सकता है और इसकी परिणति वैश्विक अशांति की ओर अग्रसर हो कर विश्व युद्ध की संभावनाओं को और बढ़ा देगी ।

अब धीरे-धीरे पुतिन की योजनाओं से लगने लगा कि उनकी मानसिक स्थिति हिटलर की तरह पूरे विश्व को विश्व युद्ध की आग में झोंकने की हो गई है। उल्लेखनीय है कि इस रूस यूक्रेन युद्ध में रूस के साथ लगभग 24 देश ही है और बाकी सारे देश रूस का लगातार विरोध कर रहे हैं केवल भारती ही ऐसा देश है जो निरपेक्ष बना हुआ है रूस का मौन समर्थन करने के कारण यूरोपीय देश की नाराजगी झेलने को मजबूर हैं। विश्व युद्ध में भारत की स्थिति बड़ी असमंजस वाली बन सकती है, यदि भारत रूस का साथ देता है तो उसे अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो देशों के विरोध का सामना करना पड़ सकता है। कुल मिलाकर रूस यूक्रेन युद्ध ने मानवीय संवेदनाओं, मानवता को को जिस तरह समूल नष्ट किया है, वह वैश्विक इतिहास वर्तमान संदर्भ में क्रूरतम माना जाएगा।

संजीव ठाकुर, स्वतंत्र लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़

6 जुलाई/जन्म-दिवस
नारी जागरण की अग्रदूत लक्ष्मीबाई केलकर

बंगाल विभाजन के विरुद्ध हो रहे आन्दोलन के दिनों में छह जुलाई, 1905 को नागपुर में कमल नामक बालिका का जन्म हुआ। तब किसे पता था कि भविष्य में यह बालिका नारी जागरण के एक महान संगठन का निर्माण करेगी।

कमल के घर में देशभक्ति का वातावरण था। उसकी माँ जब लोकमान्य तिलक का अखबार ह्यकेसरी पढ़ती थीं, तो कमल भी गौर से उसे सुनती थी। केसरी के तेजस्वी विचारों से प्रभावित होकर उसने निश्चय किया कि वह दहेज रहित विवाह करेगी। इस जिद के कारण उसका विवाह 14 वर्ष की अवस्था में वर्धा के एक विधुर वकील पुरुषोत्तमराव केलकर से हुआ, जो दो पुत्रियों के पिता थे। विवाह के बाद उसका नाम लक्ष्मीबाई हो गया।



अगले 12 वर्ष में लक्ष्मीबाई ने छह पुत्रों को जन्म दिया। वे एक आदर्श व जागरूक गृहिणी थीं। मायके से प्राप्त संस्कारों का उन्होंने गृहस्थ जीवन में पूर्णतः पालन किया। उनके घर में स्वदेशी वस्तुएँ ही आती थीं। अपनी कन्याओं के लिए वे घर पर एक शिक्षक बुलाती थीं। वहीं से उनके मन में कन्या शिक्षा की भावना जन्मी और उन्होंने एक बालिका विद्यालय खोल दिया।

रूढ़िग्रस्त समाज से टक्कर लेकर उन्होंने घर में हरिजन नौकर रखे। गान्धी जी की प्रेरणा से उन्होंने घर में चरखा मँगाया। एक बार जब गान्धी जी ने एक सभा में दान की अपील की, तो लक्ष्मीबाई ने अपनी सोने की जञ्जीर ही दान कर दी।

1932 में उनके पति का देहान्त हो गया। अब अपने बच्चों के साथ बाल विधवा ननद का दायित्व भी उन पर आ गया। लक्ष्मीबाई ने घर के दो कमरे किराये पर उठा दिये। इससे आर्थिक समस्या कुछ हल हुई। इन्हीं दिनों उनके बेटों ने संघ की शाखा पर जाना शुरू किया। उनके विचार और व्यवहार में आये परिवर्तन से लक्ष्मीबाई के मन में संघ के प्रति आकर्षण जगा और उन्होंने संघ के संस्थापक डा. हेडगेवार से भेंट की।

डा. हेडगेवार ने उन्हें बताया कि संघ में स्त्रियाँ नहीं आतीं। तब उन्होंने 1936 में स्त्रियों के लिए ह्यराष्ट्र सेविका समितिह्ण नामक एक नया संगठन प्रारम्भ किया। समिति के कार्यविस्तार के साथ ही लक्ष्मीबाई ने नारियों के हृदय में श्रद्धा का स्थान बना लिया। सब उन्हें ह्यवन्दनीया मौसीजीह्ण कहने लगे। आगामी दस साल के निरन्तर प्रवास से समिति के कार्य का अनेक प्रान्तों में विस्तार हुआ।

1945 में समिति का पहला राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। देश की स्वतन्त्रता एवं विभाजन से एक दिन पूर्व वे कराची, सिन्ध में थीं। उन्होंने सेविकाओं से हर परिस्थिति का मुकाबला करने और अपनी पवित्रता बनाये रखने को कहा। उन्होंने हिन्दू परिवारों के सुरक्षित भारत पहुँचने के प्रबन्ध भी किये।

मौसीजी स्त्रियों के लिए जीजाबाई के मातृत्व, अहल्याबाई के कर्तृत्व तथा लक्ष्मीबाई के नेतृत्व को आदर्श मानती थीं। उन्होंने अपने जीवनकाल में बाल मन्दिर, भजन मण्डली, योगाभ्यास केन्द्र, बालिका छात्रावास आदि अनेक प्रकल्प प्रारम्भ किये। वे रामायण पर बहुत सुन्दर प्रवचन देतीं थीं। उनसे होने वाली आय से उन्होंने अनेक स्थानों पर समिति के कार्यालय बनवाये।

27 नवम्बर, 1978 को नारी जागरण की अग्रदूत वन्दनीय मौसीजी का देहान्त हुआ। उन द्वारा स्थापित राष्ट्र सेविका समिति आज विश्व के 25 से भी अधिक देशों में सक्रिय है।

6 जुलाई / जन्मदिन
मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी राजनीतिज्ञ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता के अत्यन्त प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे एवं शिक्षाविद् के रूप में विख्यात थे। श्यामा प्रसाद जी ने भी अल्पायु में ही विद्याध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएँ अर्जित कर ली थीं। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के पिता श्री आशुतोष मुखर्जी कलकत्ता विश्वविद्यालय के संस्थापक उपकुलपति थे। उनके देहांत के बाद केवल 23 वर्ष की अवस्था में श्यामाप्रसाद जी को विश्वविद्यालय की प्रबन्ध समिति में ले लिया गया। 33 वर्ष की अल्पायु में वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। इस पद पर नियुक्ति पाने वाले वे विश्व के सबसे कम आयु के कुलपति थे। एक विचारक तथा प्रखर शिक्षाविद् के रूप में उनकी उपलब्धि तथा ख्याति निरन्तर आगे बढ़ती गयी। कुलपति के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान कविवर रविन्द्र नाथ टैगोर ने दीक्षांत समारोह में बंगला में भाषण दिया और इसके साथ ही बंगला और अन्य भारतीय भाषाओं का युग शुरू हो गया। डॉ. मुखर्जी का छात्र जीवन से ही अटल विश्वास था कि अध्यात्म तथा विज्ञान से युक्त शिक्षा के द्वारा ही भारत 'जगत गुरु' के रूप में निरन्तर विश्व में आगे बढ़ सकता है। श्यामा प्रसाद जी के जीवन की विशेषता यह है कि उनमें अध्यात्मवाद, सहनशीलता, मानवीय गुणों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं गहरी समझ के साथ सुन्दर समन्वय हो गया था। यह विशेषता शिक्षाविद् और संसदविद् के रूप में उनके पूरे जीवन में परिलक्षित होती रही। मानव मात्र की सेवा को ही वह ईश्वर की सच्ची पूजा मानते थे। युवा श्यामा प्रसाद का लालन पालन एक ऐसे वातावरण में हुआ था जहां उन्हें पूजा, अनुष्ठानों, धार्मिक कृत्यों और उत्सवों को देखने का सौभाग्य तथा अपने पिता और भारत के सभी भागों एवं विदेशों से आये महान विद्वानों के बीच सामाजिक और वैज्ञानिक विषयों पर हुई चचाओं को सुनने का सौभाग्य प्राप्त था। वास्तव में, इससे उनमें भारत की पुरातन संस्कृति के प्रति गहरी आस्था और पाश्चात्य विचारों और ज्ञान के प्रति लगाव पैदा हुआ। उन्होंने सोलह वर्ष की आयु में मित्तर इंस्टीटयूट से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की जिसमें उन्हें छात्रवृत्ति प्राप्त हुई और प्रसिद्ध प्रेजीडेंसी कालेज, कलकत्ता में प्रवेश प्राप्त किया। वर्ष 1919 में उन्हें इंटर आर्ट्स की परीक्षा में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और 1921 में अंग्रेजी में बी.ए. आनर्स की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। उन्होंने वर्ष 1923 में एम.ए. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया। अप्रैल, 1922 में जब वह एम.ए. कर रहे थे, उनका विवाह सुधा देवी जी से हुआ। इस दंपति के चार बच्चे हुए। 1934 में डॉ. मुखर्जी की पत्नी का निधन हो गया। श्यामा प्रसाद उस समय केवल 33 वर्ष के थे, फिर भी उन्होंने मानव सेवा में पूरा जीवन लगा देने के संकल्प के चलते पुनर्विवाह न करने का निर्णय लिया। वर्ष 1924 में उन्होंने बी.एल. उत्तीर्ण किया और इस परीक्षा में भी विश्वविद्यालय से प्रथम रहे। उन्होंने डी. लिट और एल.एल.डी. की उपाधियां भी प्राप्त कीं। 1926 में वह लिंकन्स इन (इंग्लैड) में कार्य करने लगे थे किन्तु 1927 में उन्हें वहां से ''इंग्लिश बार'' में बुला लिया गया। किन्तु उन्होंने वकालत नहीं की। इंग्लैंड में रहते हुए उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य के विश्वविद्यालयों के सम्मेलनों में कलकत्ता विश्वविद्यालय का बखूबी प्रतिनिधित्व किया और तब से ही उनकी गिनती भारत के शीर्षस्थ शिक्षाविदों में की जाने लगी। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से आजादी की अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया। डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। उन्होंने बहुत से गैर कांग्रेसी नेताओं की मदद से कृषक प्रजा पार्टी से मिलकर प्रगतिशील गठबन्धन का निर्माण किया। इस बंगाल की प्रान्तीय सरकार में वे वित्तमन्त्री बने। इसी समय वे राष्ट्रवाद के प्रति आकर्षित हुए और हिन्दू महासभा में सम्मिलित हुए। 1943 में बंगाल में पड़े अकाल के दौरान श्यामा प्रसाद जी का मानवतावादी पक्ष निखर कर सामने आया, जिसे बंगाल के लोग कभी भुला नहीं सकते। बंगाल पर आए संकट की ओर देश का ध्यान आकर्षित करने के लिए और अकाल ग्रस्त लोगों के लिए व्यापक पैमाने पर राहत जुटाने के लिए उन्होंने प्रमुख राजनेताओं, व्यापारियों, समाजसेवी व्यक्तियों आदि को जरूरतमंद और पीड़ितों को राहत पहुंचाने के उपाय खोजने के लिए आमंत्रित किया। फलस्वरूप बंगाल राहत समिति गठित की गई और हिन्दू महासभा राहत समिति भी बना दी गई। श्यामा प्रसाद जी इन दोनों ही संगठनों के लिए प्रेरणा के स्रोत थे। लोगों से धन देने की उनकी अपील का देशभर में इतना अधिक प्रभाव पड़ा कि बड़ी बड़ी राशियां इस प्रयोजनार्थ आनी शुरू हो गई। इस बात का श्रेय उन्हीं को जाता है कि पूरा देश एकजुट होकर राहत देने में लग गया और लाखों लोग मौत के मुंह में जाने से बच गए। वह केवल मौखिक सहानुभूति प्रकट नहीं करते थे बल्कि ऐसे व्यावहारिक सुझाव भी देते थे, जिनमें ऐसे सहृदय मानव हृदय की झलक मिलती जो मानव पीड़ा को हरने के लिए सदैव लालायित और तत्पर रहता है। डॉ. मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वे मानते थे कि विभाजन सम्बन्धी उत्पन्न हुई परिस्थिति ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से थी। वे जानते थे कि आधारभूत सत्य यह है कि हम सब एक हैं। हममें कोई अन्तर नहीं है। हम सब एक ही रक्त के हैं। एक ही भाषा, एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है। लोगों के दिलों में उनके प्रति अथाह प्यार और समर्थन बढ़ता गया। ब्रिटिश सरकार की भारत विभाजन की गुप्त योजना और साजिश को कांग्रेस के नेताओं ने अखण्ड भारत सम्बन्धी अपने वादों को ताक पर रखकर स्वीकार कर लिया। उस समय डॉ. मुखर्जी ने बंगाल और पंजाब के विभाजन की माँग उठाकर प्रस्तावित पाकिस्तान का विभाजन कराया और आधा बंगाल और आधा पंजाब खण्डित भारत के लिए बचा लिया। गान्धी जी और सरदार पटेल के अनुरोध पर वे भारत के पहले मन्त्रिमंडल में शामिल हुए। उन्हें उद्योग जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गयी। संविधान सभा और प्रान्तीय संसद के सदस्य और केन्द्रीय मन्त्री के नाते उन्होंने शीघ्र ही अपना विशिष्ट स्थान बना लिया। राष्ट्रीय हितों की प्रतिबद्धता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानने के कारण उन्होंने केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल से त्यागपत्र दे दिया। डॉ. मुखर्जी ने एक नई पार्टी अक्टूबर, 1951 में भारतीय जनसंघ के नाम से बनायी। एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे' के नारे गांव गांव में गूंजने लगे। भारतीय जनसंघ ने इस आंदोलन को समर्थन दिया। डॉ. मुखर्जी ने अध्यक्ष होने के नाते स्वयं इस आंदोलन में भाग लेकर बिना अनुमति पत्र जम्मू कश्मीर में जाने का निश्चय किया। भारतीय जनसंघ जो कि बाद में भाजपा बनी और आज विश्व में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। डॉ. मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उस समय जम्मू-कश्मीर का अलग झण्डा और अलग संविधान था। वहाँ का मुख्यमन्त्री (वजीरेआजम) अर्थात् प्रधानमन्त्री कहलाता था। संसद में अपने भाषण में डॉ. मुखर्जी ने धारा370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊँगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूँगा। अपने संकल्प को पूरा करने के लिये वे 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहाँ पहुँचते ही उन्हें गिरफ्तार कर नजरबन्द कर लिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। डॉ. मुखर्जी देह से तो हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनका बलिदान हमें मातृ भूमि के लिए जीने की प्रेरणा सदैव देता रहेगा। भारतीय संसद, राज्य विधान मंडल, प्रेस एवं दलगत भावना से ऊपर उठकर जन नेताओं, विश्व के अनेक देशों के नेताओं और शासकों ने भी उनकी मृत्यु पर गहरा शोक प्रकट किया और इसे महान क्षति बताया तथा इस महान आत्मा को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जो जीवनपर्यन्त अपनी मातृभूमि की सेवा में समर्पित रहे। वह जीवन का एकएक पल लोक कल्याण के लिए जीते रहे। इस तरह उन्होंने मानव जीवन के महान उद्देश्य और चेतना के उच्चतम स्तर को प्राप्त कर लिया। डॉ. मुखर्जी के पद चिन्हों पर चलते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जब से देश की बागडोर अपने हाथों में ली है, तब से भारतीय संस्कृति की शिक्षा को आधार मानते हुए सारे विश्व में इसके प्रसार के लिए वे 'अग्रदूत' की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। श्री मोदी न केवल भारतीय संस्कृति के ज्ञान को माध्यम बनाकर विश्व समुदाय को जीवन जीने का नवीन मार्ग बता रहे हैं, बल्कि भारत को एक बार फिर जगत गुरु के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दृष्टिकोण को श्री मोदी ने 'माय आइडिया ऑफ इंडिया' के रूप में कई बार संसार के समक्ष भी रखा है।



गणेश गीता (गीता भाग 104)

ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

गजानन भगवान राजा वरेण्य को भक्ति सूत्र समझाते हुए आगे कहते हैं , राजन्!.....

ततश्च सर्वभावेन,
भज त्वं मां नरेश्वरे
भक्त्या चाभिव्यभिचारिण्या
सर्वत्रैव च संस्थिता`

हे राजन्! तदंतर सर्व भाव से तुम मेरा भजन करो और निश्चल भक्ति से तुम मुझे। सर्वत्र स्थित जानो`

अग्नौ ससूर्ये। तथा सोमे ,
यच्च ताराषु संस्थितं
विदुषी ब्राह्मणे तेजो,
विद्धि तान्मामकं नृप`

हे नृपेन्द्र ! अग्नि ,सूर्य,चंद्र ,तारागण , विद्वान ब्राह्मण में जो तेज विद्यमान है उसे मुझे ही जानो`

अहमेवाखिलं विश्वं,
सृजामि विसृजामि चे
औषधींस्तेजसा सर्वा
विश्वंचाप्याययाम्यहं`

मैं ही सम्पूर्ण संसार का सर्जक व विध्वंस-

ाक हूँ अपने तेज से ही मैंऔषधियों व सम्पूर्ण जगत को पुष्ट करता हूँ`

सर्वेन्द्रियाण्यधिष्ठाय,
जाठरं च धनंजयम्
भुनज्मि चचाखिलान्
भोगान् पुण्यपाप वि-
वर्जितः

हे श्रेष्ठ नृपेन्द्र ! सम्पूर्ण इन्द्रियों में तथा उदर में स्थित हो कर धनंजय नामक प्राणी जठराग्नि रूप से पाप पुण्य रहित हो कर मैं ही सम्पूर्ण भोगों को भोगता हूँ`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

संक्षिप्त न्यूज

हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद पत्रकार रोहित रंजन गिरफ्तार

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः- राहुल गांधी के एक बयान को गलत संदर्भ में प्रसारित करने के मामले में जी न्यूज के पत्रकार रोहित रंजन के घर पर छत्तीसगढ़ पुलिस मंगलवार सुबह पहुंच गई। इसके बाद गाजियाबाद से लेकर नोएडा तक हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ और दो राज्यों की पुलिस भिड़ती दिखीं। अंत में नोएडा की पुलिस ने रोहित रंजन को हिरासत में ले लिया। इससे पहले सुबह पत्रकार ने खुद ही ट्वीट कर घर पर छत्तीसगढ़ पुलिस के पहुंचने की जानकारी दी और यूपी पुलिस के अधिकारियों को टैग कर पूछा कि क्या यह नियमानुसार सही है ?इस पर यूपी पुलिस की ओर से जवाब दिया गया कि गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाने की पुलिस मौके पर है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सीएम योगी आदित्यनाथ, एडीजी लखनऊ जोन और गाजियाबाद के एसएसपी को टैग करते हुए रोहित रंजन ने ट्वीट किया था। उन्होंने लिखा था, 'बिना लोकल पुलिस को जानकारी दिए छत्तीसगढ़ पुलिस मेरे घर के बाहर मुझे अरेस्ट करने के लिए खड़ी है।इस पर गाजियाबाद पुलिस ने रिप्लाई करते हुए लिखा,'प्रकरण स्थानीय पुलिस के संज्ञान में है। थाना इंदिरापुरम पुलिस मौके पर है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।' यही नहीं रायपुर की पुलिस ने भी रोहित रंजन की ओर से बिना जानकारी के पहुंचने के आरोपों पर जवाब दिया और कहा कि ऐसा कोई नियम ही नहीं है। रायपुर पुलिस ने लिखा, 'ऐसा कोई नियम नहीं है कि आरोपी को जानकारी दी जाए। अब आपको जानकारी मिल गई है। पुलिस टीम ने आपको कोर्ट का वॉरंट दिखाया है। अब आपको इस मामले में सहयोग करना चाहिए। जांच में शामिल होना चाहिए और अपनी बात को अदालत में रखना चाहिए।

सांसद खेल महोत्सव की शुरूआत की,मनोज तिवारी ने

(हरेश उपाध्याय) पूर्वी दिल्लीः-उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज

तिवारी द्वारा आज खेल महोत्सव की शुरूआत डिस्ट्रिक्ट पार्क नंद नगरी के खेल के मैदान पर की। प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने सांसद रमेश बिधूडी डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मास्टर विनोद कुमार मोहन गोयल भाजपा नेता नीलकांत बक्शी, नीरज गुप्ता प्रमोद गुप्ता, कैलाश जैन,विधायक अजय महावर, जितेंद्र महाजन,जिला महामंत्री डॉ यूके चौधरी, मनोज त्यागी पूर्व पार्षद प्रवेश शर्मा, रीना माहेश्वरी, पुनीत शर्मा कमल क्लब के पदाधिकारी चौधरी सुग्रीव सिंह अश्वनी शर्मा,गंगाराम माहोर, आरडी शर्मा, वीरेंद्र खंडेलवाल, नंद नगरी के मंडल अध्यक्ष शेर बहादुर व सभी टीमों के संयोजक एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे टीम के मालिकों और आयोजकों के बीच छः ओवर के एक दोस्ताना मैच मैच से खेल महोत्सव की शुरूआत हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता की बॉल पर छक्का मारकर सांसद मनोज तिवारी ने मैच की शुरूआत की इस दौरान रोहन जेटली और रमेश बिधूड़ी ने भी क्रिकेट में हाथ आजमाए।आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी आनंद त्रिवेदी व उपाध्यक्ष भुवनेश सिंघल ने बताया कि12 क्रिकेट टीमों के 12 ओनर होंगे, जो अपनी अपनी टीम को लीड करेंगे। जो इस प्रकार हैंः
1. गोकलपुर दबंग2. रोहतासनगर रेंजर्स3. सीमापूरी स्ट्राइकर्स4. मुस्तफाबाद चेलेंजर्स5. बाबरपुर बुलडोजर्स 6. घोंडा लायंस 7.करावलनगर हीरोज8. सीलमपुर रेंजर्स 9. बुराड़ी बुल्स 10. तिमारपुर टाईटंस11. पुलिस पैंथरस 12. मीडिया मास्टर्स ।

खैर एसडीएम ने की-जनसुनवाई

लक्ष्मन सिंह राघव अलीगढ़ ब्यूरो अलीगढ़ डीएम इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देश पर खैर एसडीएम संजय मिश्रा ने तहसील में आए फरियादियो की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया तथा अधीनस्थ

अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील स्तर पर किसी भी प्रकार की समस्या लंबित नही रहनी चाहिए।

जनपद के पेंशनर्स/ पारिवारिक पेंशनर्स के बनाए जा रहे है स्मार्ट फोटो आईडी कार्ड

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा जिला अधिकारी सुहास एलवाई के निदेर्शों के क्रम में वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक कुमार ने जनपद कोषागार से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनर्स का आह्वान करते हुए उन्हें जानकारी दी है कि सभी पेंशनर्स/ पारिवारिक पेंशनर्स के स्मार्ट फोटो आईडी कार्ड बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लगभग 1000 सम्मानित पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स ने निर्धारित प्रारूप पर अपनी सूचना नवीनतम स्टांप साइज फोटो सहित उपलब्ध करा दी है, जिनके स्मार्ट फोटो आईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया संचालित है। अतः जनपद के अवशेष पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स अपना स्मार्ट फोटो आईडी कार्ड बनवाने के लिए निर्धारित प्रारूप पर अपनी सूचना भरते हुए किसी भी कार्य दिवस में कोषागार गौतम बुद्ध नगर में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि आपके स्मार्ट कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके।

जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभ हेतु कलैक्ट्रेट प्रांगण से प्रचार-वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रचार-वाहन जनपद की न्याय पंचायतों, ग्राम पंचायतों एवं विकास खंडों में पहुंचकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का करेगा व्यापक प्रचार-प्रसार

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप जनपद गौतमबुद्धनगर के समस्त किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का सरलता के साथ लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी सुहास एल0वाई0 ने कलैक्ट्रेट प्रांगण से एक प्रचार-वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी तेज प्रताप मिश्र, उप निदेशक कृषि राजीव कुमार, जिला कृषि अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित प्रचार वाहन जनपद के समस्त ब्लॉकों की न्याय पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में पहुंचकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुये जनपद के किसान भाईयों को योजना के सम्बंध में जागरूक करते हुयें प्रचार-वाहन के माध्यम से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को होने वाले लाभ के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी और सभी किसान सरलता के साथ किस प्रकार अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं, इस संबंध में भी मौके पर किसानों को जानकारी उपलब्ध कराने की कार्यवाही प्रचार-वाहन के माध्यम से सुनिश्चित की जाएगी ताकि जनपद के अधिक से अधिक किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाकर अपनी फसलों को अतिवृष्टि से बचा सकें।

अवैध शराब को लेकर आबकारी विभाग एवं पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में चलाया गया गहन सर्च अभियान

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह एवं जिला अधिकारी सुहास एल0वाई0 के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस गौरव चन्द आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 व रवि जायसवाल आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 द्वार अशोकनगर में चेकिंग के दौरान मारुति यस प्रेस्सो गाड़ी वाहन संख्या-वढ16उ 9264 से 12 बोतल रॉयल स्टैग ब्राण्ड के विदेशी शराब दिल्ली राज्य में बिक्री के लिए मान्य के साथ अभियुक्त सुभाष पुत्र यादराम को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराते हुये जेल भेजा। इसी प्रकार आबकरी निरीक्षक क्षेत्र 1 गौरव चन्द व क्षेत्र 2 रवि जायसवाल द्वारा कोंडली चेक पॉइंट पर चेकिंग के दौरान एक काले रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल वाहन संख्या-वढ14ऊे2039 पर 08 बोतल रॉयल स्टैग ब्राण्ड के विदेशी शराब दिल्ली राज्य में विक्री हेतु अनुमन्य के साथ एक अभियुक्त पप्पू पुत्र शैलेन्द्र यादव को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुये जेल भेजा। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

वर्ष 2022-23 में वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2022 के तहत निर्धारित 35 करोड़ पौधारोपण के लक्ष्य की पूर्ति

लक्ष्मन सिंह राघव अलीगढ़ ब्यूरो

अलीगढ़ दिनांक-05.07.2022 को परिवहन विभाग, अलीगढ़ के लिये निर्धारित 1474 पौधारोपण लक्ष्य के की पूर्ति हेतु कार्यालय के फरीदउद्दीन, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) अलीगढ़, प्रवेश कुमार,सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अलीगढ़ एवं उपेन्द्र विक्रम सिंह,प्रभारी, परमिट अनुभाग तथा प्रदीप कुमार शर्मा, प्रधान सहायक,फूलचन्द्र, वैयक्तिक सहायक, खुशीराम, वरिष्ठ सहायक एवं कार्यालय के अन्य कर्मचारियों द्वारा सर्वप्रथम दिल्ली पब्लिक स्कूल,अलीगढ़ में वृक्षारोपण किया गया है,जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या आरती झा एवं ट्रांसपोर्ट इंचार्ज बृजमोहन एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया। इसके बाद महर्षि विद्या मन्दिर

स्कूल में वृक्षारोपण किया गया है, जिसमें स्कूल के प्रधानाचार्य, अनिल कुमार शर्मा, विद्यालय की शिक्षिक-शिक्षिकायें एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसी क्रम में विजन ग्लोबल स्कूल में भी वृक्षारोपण किया गया, जिसमें स्कूल के डायरेक्टर रमेशचन्द्र एवं विजय प्रताप सिंह, सहायक रजिस्ट्रार द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसके बाद सिसरोई, नगला ढक, अलीगढ़ स्थित अम्बेडकर पार्क में वृक्षारोपण कार्य किया गया, जिसमें ग्रामवासियों द्वारा बढ़-चढ़कर सहयोग किया गया।

इस वृक्षारोपण अभियान के दौरान सभी उपस्थित लोगों को वृक्षारोपण के महत्व एवं पर्यावरण की सुरक्षा किये जाने की जानकारी दी गयी।

जनपद में औषधियों की मानकों के अनुरूप पर्याप्त उपलब्धता, गुणवत्ता के उद्देश्य से जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा मेडिकल स्टोर्स की की जांच।

2 मेडिकल स्टोर की जांच कर कुल 2 नमूने जांच के लिए किये संग्रहित।

गौतम बुद्ध नगर 5 जुलाई, 2022 जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुहास एल0वाई0 के निदेर्शों के क्रम में व नामी दवा कंपनी की शिकायत की मेडिकल स्टोर्स पर औषधियों की मानकों के अनुरूप पर्याप्त उपलब्धता, गुणवत्ता की जांच की जाए के क्रम में औषधि निरीक्षक गौतम बुद्ध नगर द्वारा पुलिस बल थाना सेक्टर 71 के साथ आज सेक्टर 66, ममूरा स्थित रोशन कॉम्प्लेक्स के 2 मेडिकल स्टोर की जांच कर कुल 2 नमूने जांच के लिए संग्रहित किये गये।

औषधि निरीक्षक ने बताया कि बदलते मौसम में बुखार, खांसी एवं अन्य बीमारी में प्रयुक्त औषधि की गुणवत्ता एवं संबंधित क्रय विक्रय अभिलेखों की जांच के क्रम मे बावा मेडिकल अर्जेंसी (थोक) की जांच में एक शुगर की औषधि का नमूना संग्रहित किया गया। मौके पर 6 औषधि के बिल प्रस्तुत नहीं करने पर सभी औषधि के क्रय बिलों को अगले तीन दिनों के अंदर सत्यापन करने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं एक अन्य बावा ट्रिङ्किशी (फुटकर) औषधि से एक दर्द निवारक औषधि नमूना संग्रह किया गया।

उन्होंने बताया कि बदलते मौसम में परियुक्त स्र्श्ृ३ेंङ्क', ल्लङ्कङ्कङ्क, दर्द निवारक एवं अन्य औषधियां मेडिकल स्टोर्स में पर्याप्त मात्रा में हैं। औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने कहा कि क्रय विक्रय अभिलेखों की जांच यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसी भी मेडिकल द्वारा किसी बिना या अवैध लाइसेंस धारी को औषधि का क्रय विक्रय तो नहीं किया जा रहा है। औषधि निरीक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जिनकी रिपोर्ट आने पर एवं विवेचना करने पर आग्रिम कार्यवाही औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 के अन्तर्गत नियमनुसार की जायेगी तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में सभी प्रकार की दवाइयां मानकों एवं गुणवत्ता के साथ सभी मेडिकल स्टोर्स पर बिक्री सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आगे भी इसी प्रकार अभियान संचालित करते हुए मेडिकल स्टोर्स की जांच की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

'कल्पतरु' अभियान का हिस्सा बने पूर्व राज्य मंत्री नवाब सिंह नागर

नोएडा सेक्टर-33 के ए ब्लॉक में ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र और सेक्टर-33 की फ्हअ द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में "कल्पतरु" अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस पौधारोपण के दौरान पूर्व राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार और बीजेपी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष नवाब सिंह नागर भी मौजूद रहे।

पौधारोपण के दौरान ब्रह्माकुमारीज केंद्र की प्रमुख प्रभारी मंजू दीदी ने कहा कि, पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सबको पौधा लगाना अति आवश्यक है, क्योंकि बिना वृक्षों के मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए हमें पौधे लगाने के साथ उनका पालन-पोषण अपने बच्चों के जैसे करना चाहिए। वहीं पूर्व राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार व उत्तर प्रदेश बीजेपी उपाध्यक्ष नवाब सिंह नागर ने कहा कि, आज के समय में पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है, ऐसे में समय की मांग है कि, हम सब अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाएं। जिससे आने वाली पीढ़ियां स्वच्छ हवा में सांस ले सकें। इस पौधारोपण के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नोएडा महानगर पर्यावरण गतिविधि

के सह संयोजक राजीव गोयल ने कहा कि, आज के समय में ग्लोबल वॉर्मिंग का सबसे बड़ा कारण पर्यावरण और पेड़-पौधों का नष्ट होना है। यदि पर्यावरण संरक्षण के प्रति हम सबने ध्यान नहीं दिया तो आने वाले वक्त में पूरी मानव जाति को ग्लोबल वॉर्मिंग और इससे जुड़ी ना जाने कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए अब जरूरत है कि, हम सब जागरूक बने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपना दायित्व निभाएं। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज नोएडा सेक्टर-33 सेवा केन्द्र की ममता दीदी, ब्रह्माकुमार निपुण, सेक्टर-33 फ्हअ के अध्यक्ष आर.के.घई, जे.पी.रावत, महेंद्र सिंह व अन्य भाई-बहनें उपस्थित रहे।

हम सब के प्रिय और राष्ट्रीय योगी सेना , गौतम बुद्ध नगर के ऊजार्वान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष
भाई श्री घनश्याम कुमार सिंह जी को
शादी की शालागिरह की बहुत बहुत बधाई '
भगवान उनके दाम्पत्य को सदैव सुखी और प्रसन्न रखे हम सब की यही मंगल कामना है जितेंद्र सिंह राजपूत, महानगर अध्यक्ष एवं समस्त राष्ट्रीय योगी सेना टीम गौतम बुद्ध नगर

खैर कोतवाली क्षेत्र में मृत्यु के बाद देहदान की शख्स ने उठाई इच्छा

लक्ष्मन सिंह राघव अलीगढ़ ब्यूरो अलीगढ़ खैर कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी मृत्यु के बाद खैर के नयेला गांव निवासी एक शख्स ने अपनी मृत्यु के बाद अपने देह को दान देने की इच्छा जिला प्रशासन के समक्ष की है। बता दें कि खैर क्षेत्र के टैटीगॉव रोड स्थित नयेला गांव निवासी सुनील

गौतम पुत्र विनोद कुमार गौतम ने जिलाधिकारी के समक्ष दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उनकी मृत्यु के बाद उनके शरीर को जरूरतमंद व्यक्ति को दे दिया जाए। अगर डॉक्टरों की टीम चाहे तो उनके शरीर का 11 दिन डॉक्टरी परीक्षण भी कर ले। उन्होंने यह कदम अपनी इच्छा से उठा रहे हैं। उनकी शादी 13 वर्ष पूर्व हुई थी उनके पास तीन बेटियां व एक बेटा है। उनके तीन भाई व एक बहन है। युवक सुनील गौतम अपनी मृत्यु के बाद अपने शरीर को किसी जरूरतमंद व्यक्ति या विद्यालय या संस्था को देना चाह रहे हैं। उन्होंने शपथ पत्र देकर अधिकारियों को पत्र भेजा है और कहा है कि यह उनकी इच्छा है कोई भी दबाव में उन्होंने यह फैसला नहीं लिया है।

यूपीएस फेल होने से ताज पर पर्यटकों को काटना पड़ा लम्बा चक्कर

आगरा (वी एन मिश्र) ताजमहल पर आज टर्न स्टाइल गेट बंद होने से पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ऐसा बिजली गुल होने व पावर बैकअप को लगे यूपीएस के काम नहीं करने के कारण हुआ। पर्यटकों को एक किमी लंबा चक्कर काटकर पूर्वी गेट जाना पड़ा, तब जाकर उन्हें स्मारक में प्रवेश मिल सका। आधा घंटे से अधिक समय तक यह समस्या रही।

ताजमहल में प्रवेश से पूर्व पर्यटकों को पूर्वी व पश्चिमी गेट पर लगे टर्न स्टाइल गेट पर टिकट को स्कैन करना होता है। आज सुबह नौ बजे के करीब बिजली गुल होने पर ताजमहल के पश्चिमी गेट पर लगे टर्न स्टाइल गेट बंद हो गए। यहां लगे यूपीएस ने भी काम नहीं किया। इससे पर्यटकों की लाइन लग गई। उमस भरी गर्मी में पर्यटक परेशान हो उठे। उन्हें पूर्वी गेट जाकर वहां से स्मारक में प्रवेश करने को कहा गया। पर्यटकों को लंबा चक्कर लगाकर पूर्वी गेट जाना पड़ा। एएसआई के अफसरों ने जानकारी होने के बाद आनलाइन बुक किए हुए टिकट मोबाइल डिवाइस से स्कैन कराने की व्यवस्था की। इसके बाद पर्यटकों को पश्चिमी गेट से प्रवेश मिलना शुरू हुआ। टिकट विंडो से टिकट लेने वाले पर्यटकों को इससे भी राहत नहीं मिली। टर्न स्टाइल गेट बंद होने से टिकट के साथ मिलने वाले क्वाइन स्कैन नहीं हो सके। बिजली आने के बाद ही टर्न स्टाइल गेट शुरू सके।

क्या है अधिकारी का कहना ताजमहल के वरिष्ठ संरक्षण सहायक प्रिंस वाजपेयी ने बताया कि बिजली गुल होने व यूपीएस के काम नहीं करने की वजह से दिक्कत आई थी। 15 से 20 मिनट तक यह समस्या रही

एनसीसी के छात्रों ने लगाए पौधे

आगरा! वृहद वृक्षारोपण अभियान महोत्सव के अंतर्गत विद्यालय श्री मोती लाल इण्टर कॉलेज सैयां आगरा में आज एन सी सी ऑफिसर जुग्गी लाल वर्मा ने स्टॉफ एवं एन सी सी कैडेट्स के संग साठ फलदार पौधों का रोपण किया। बता दे कि जुग्गी लाल वर्मा ने कुशीनगर के एक शिक्षक परशुराम कन्नौजिया के द्वारा चलाये जा रहे रक्षा क्रान्ति जिन्दाबाद अभियान से जुड़कर पिछले पाँच वर्षो में सैकड़ो पेड़ लगा चुके हैं। रक्षा क्रान्ति अभियान के तहत धरती को हरा भरा रखने हेतु पौधों को लगाने से लेकर उसको बड़े हो जाने तक देखभाल किया जाता है। आप सभी इस अभियान से जुड़कर धरती को हरा भरा बनाने में सहयोग करे।

शत प्रतिशत रहा हाईस्कूल /इन्टर का परिणाम

आगरा (वी एन मिश्र) थाना ताजगंज के गांव बुढाना मे स्थित श्री मती लीलावती इन्टर कालेज का परिणाम यूपी वोर्ड परीक्षा 2022 का शत प्रतिशत रहा!

विधालय के छात्रों ने हाईस्कूल /इन्टर की परीक्षा मे 80से 90प्रतिशत तक अंक प्राप्त किए !विधालय संचालक अनिल यादव ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा मे राखी दीपक और विशाखा ने विधालय मे सबसे अधिक अंक प्राप्त कर विधालय का नाम रोशन किया! इन्टर का परिणाम भी काफी अच्छा रहा है! संचालक श्री यादव ने बताया की अंछे अंक पाने वाले छात्रों का सम्मान भी किया जाएगा! विधालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत आने पर इसका श्रेय विधालय के शिक्षको को दिया है!

अलीगढ़ मुख्य विकास अधिकारी ने किया वन स्टॉप सेंटर बिल्डिंग का निरीक्षण

लक्ष्मन सिंह राघव अलीगढ़ ब्यूरो

अलीगढ़ डीएम इंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर आज दिनांक 5-7-2022 को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता व कमेटी के द्वारा नवीन वन स्टॉप सेंटर बिल्डिंग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी ने निम्नलिखित निर्देश दिए। 1-पुलिस विभाग द्वारा नाइट गार्ड की ड्यूटी लगाई जाए। 2-112 की वैन। 3-वन स्टॉप सेंटर की चारों तरफ बाउंड्री पर कटीले तार लगवाए जाए। 4- नगर निगम द्वारा दो सफाई कर्मी की ड्यूटी लगाई जाए एवं स्ट्रीट लाइट लगवाई जाए ,नगर निगम द्वारा दो बड़े डस्टबिन लगवाए जाए और नगर निगम द्वारा बिल्डिंग के सामने नाले पर स्लैप डलवाई जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कर्मचारियों का रिकॉर्ड केस की जानकारी का विवरण लिया गया। अधिशासी अभियंता फ्ऊको निर्देश दिए गए कि बिल्डिंग में कमियां पूरी कराकर जल्दी हैंडोवर किया जाए। निरीक्षण के समय पीडीडीआरडीए और जिला प्रोवेशन अधिकारी उपस्थित रहे।

22 may 2022:Layout 1 7/6/2022 1:06 AM Page 4

क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ आयोजन

संवाददाता समाज जागरण

बहेड़ी। कस्वे के मोहल्ला शाहगढ़ में अलीम अहमद और उनके साथियों ने एक नाईट क्रैकेट टूनार्मेंट का अयोजन कराया 10 दिन से चल रहे नाईट क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मैच कठर्रा और बरेली की टीम के बीच खेला गया जिसमें मुख्य अतिथि चेयर मैन प्रत्याशी सलीक कातिब ने विनर और रनर टीम के कप्तानों को अलीम अहमद

के हाथो ट्राफी दिलाई और पुरुस्कार राशि के तौर पर सलीक कातिब ने विनर टीम को 20000/रुपए और रनर टीम को 10000/रुपए की धन राशि के साथ मैन ऑफ द मैच को एक मोबाइल अलीम अहमद के हाथो दिलाया ।बरेली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12ओवर में 67 रन बनाये जिसको कठर्रा टीम ने 2ओवर शेष रहते आसानी से जीत हासिल की ।इस मौके पर सलीक कातिब ने कहा की युवा ही देश का भविष्य है इसी तरह खेल को बढ़ावा देते रहे इस आयोजन में अलीम अहमद, मोईन खान साकिब राजा खान, अनवर रजा खान, शैजी खान, वा कैफ राजा खान सहित अनेक युवाओं ने भाग लिया

स्कूल बस में ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, बस में सवार बच्चों में 6 से अधिक बच्चे हुए घायल दो की हालत गंभीर।

संवाददाता समाज जागरण

बहेड़ी थाना क्षेत्र में स्कूल बस में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी इस घटना से बस में बैठे 6 से अधिक बच्चे घायल हो गए जिसमे दो बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को उत्तराखंड के किच्छा के निजी अस्पताल ले जाया गया वहीं ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। बहेड़ी थाना क्षेत्र के सिरसा चौकी के उत्तम नगर गुरुद्वारे के पास सेंट पीटर स्कूल की बस बच्चो को लेने के लिए पहुंची थी बस ड्राइवर बस रोक कर बच्चो को बिठाने लगा तभी पीछे से ट्रक ने बस को टक्कर मार दी टक्कर लगते ही बस में हड़कंप मच गया। घटना में 6 से अधिक बच्चे घायल हो गए सोचना

पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से बच्चो को बस ने निकाल कर इलाज के लिए उत्तराखंड के किच्छा अस्पताल भेजा। बहेड़ी पुलिस के मुताबिक, सिरसा चौकी के उत्तम नगर गुरुद्वारे के पास सेंट पीटर स्कूल की बस पहुंची थी। बच्चे को लेने के लिए बस रुकी कि इसी दौरान पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में बस में पीछे की ओर बैठे सात बच्चे घायल हो गए। इसमें दो की हालत गंभीर है। स्वजन तक जानकारी पहुंची। स्वजन आनन-फानन में पहुंचे। बच्चों को किच्छा अस्पताल लेकर दौड़े। बहेड़ी इंस्पेक्टर सतेंद्र भड़ाना ने बताया कि ट्रक नंबर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

दरबार फुलसंदा में वृक्षारोपण करते सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे वाले

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण

बिजनोर- आपको बता दे मंगलवार दरबार फुलसन्दा में उत्तर प्रदेश योगी सरकार का ह्लवृक्षारोपण जन आंदोलन 2022ह्व अभियान के तहत परम ब्रह्म की ज्योति सत्पुरूष बाबा फुलसंदे वालों ने वृक्षारोपण कर प्रकृति को बचाने का संदेश जन-जन को दिया। वही सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे वालो ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार बीते साढ़े 4 साल में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में 100 करोड़ वृक्ष लगा चुकी है. यह पूरी दुनिया में अपने आप में एक अनोखा रिकॉर्ड है। वृक्ष प्रकृति के अनमोल रत्न हैं। इनकी रक्षा हम सबका दायित्व है।

पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तो हम स्वस्थ रहेंगे। पर्यावरण को नुकसान से अनेक बीमारियां, मानव जीवन व जीव सृष्टि को त्रस्त करेंगी। ऐसी स्थिति से बचने के लिए हम सभी को ह्यवन है तो जीवन है, जल है तो कल हैह्व के संकल्प के साथ पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर राहुल देवता, दानी जी, धनपति देवता, अग्नि देवता आदि मौजूद रहे।

सब्जी की दुकान में लगा दी आगज प्रॉपर्टी को लेकर चल रहा है विवाद

दैनिक समाज जागरण शरीफ मलिक

किरतपुर। मुफ्ती प्लाजा मार्किट में सब्जी की एक दुकान में आग लगा दी गई पीड़ित दुकानदार का आरोप है कि प्रॉपर्टी के विवाद के चलते उसके प्रति पक्ष ने आग लगाई है। पीड़ित आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है। प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला मिल्कियान निवासी अकरम पुत्र फरीद अहमद मुफ्ती प्लाजा मार्किट में सब्जी की दुकान करता है। बीती रात लगभग 12:00 बजे दुकान में आग लगा दी गई, अकरम को

इस घटना का सुबह सवेरे पता चला उसका कहना है कि मोहल्ला कमकरान निवासी लईक अहमद का इस दुकान को लेकर कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है उसे इलाहाबाद हाईकोर्ट से स्टे भी प्राप्त है तथा दुकान पर लगभग तीस वर्षों से उसका कब्जा है। उसके आरोप लगाते हुए कहा कि लईक अहमद पक्ष ने दुकान खाली कराने के दबाव में यह आग लगाई है। लईक अहमद उसे समय समय पर परेशान करता रहता है। उसने लगभग दस दिन पूर्व मेरे खिलाफ थाने में तहरीर भी दी थी।दूसरी ओर लईक अहमद का कहना है कि वह हार्ट पेशेंट है तथा बीमार रहता है उसके ऊपर लगाए गए आरोप निर्धार है।

चलती बाईक पर पीछे से आए दो बाईक सवारो ने मारी टक्कर।

रिपोर्ट मोहम्मद आबिद खान दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नहटौर। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार दूसरे युवक की बाइक लेकर हुए फरार।सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। प्राप्त समाचार के अनुसार स्योहारा क्षेत्र के गांव मलकपुर बिडोरा निवासी शानेआलम बाइक द्वारा बिजनौर जा रहा था।बताया जाता है कि जब वह नहटौर झालु मार्ग स्थित बान के पुल के पास पहुंचा तो उसके सामने गाय आ गई।गाय को

देखकर शानेआलम ने अपनी बाईक को धीमी कर लिया। इसी दौरान पीछे से आए दो बाईक सवारो ने शानेआलम की बाईक में टक्कर मार दी।जिससे दोनो बाइक गिर गई और शाने आलम थोड़ा घायल भी हो गया।दोनो बाईक सवार दोनो बाइक लेकर फरार हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली।बताया जाता है कि बाइक सवार दोनो युवकों को मिनी मेट्रो में सवार महिलाओं ने पहचान लिया था।जिसके बाद से पुलिस ने कार्यवाही करते हुए झालु पुलिस द्वारा बाइक सवारो को बाइक सहित पकड़ लिया गया।

वृक्षारोपण जनआन्दोलन-2022 अन्तर्गत जनपद के लक्ष्य 6558790 की पूर्ति हेतु आयोजित हुआ वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो बिजनौर
आसिफ अख्तर के साथ
मोहम्मद आरिफ

कादरपुर जसवन्त वन खण्ड में 15 हेक्टेयर मे बनाया गया दुष्यन्त वन, 16500 पौधो का हुआ रोपण

वृक्षारोपण आज की जरूरत, जन्म दिवस पर एक वृक्ष लगाकर उसको सिंचित करें-मा0 राज्यमंत्री श्री कपिल देव अग्रवाल

वृक्ष धरती का गहना, सभी को अपने जीवन में वृक्षारोपण करना चाहिये- मा0 श्री कपिल देव अग्रवाल

वृक्ष जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण संतुलन में सहायक -मा0 राज्यमंत्री श्री कपिल देव अग्रवाल

मा0 राज्यमंत्री ने आमजन से किया सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार का आवाहन

वृक्ष का महत्व हमारे जीवन में सर्वाधिक, जिला बिजनौर प्राकृतिक रूप से सबसे समृद्ध जिलो मे-जिला पंचायत अध्यक्ष श्री साकेन्द्र प्रताप सिंह

वृक्षारोपण का जीवन में बडा महत्व, सभी अपनी जिम्मेदारी को समझे- नोडल अधिकारी निदेशक उद्योग कानपुर श्री मनीष चौहान

जब तक जंगल, वन व नदी संरक्षित रहेगें तब तक हमारी संततियां संरक्षित रहेगी-जिलाधिकारी उमेश मिश्रा

पौधो को अपना समझ कर उसमे पानी डालें व उसे संरक्षित करें-मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा

पौधो को अपना समझ कर उसमे पानी डालें व उसे संरक्षित करें-जिला वन अधिकारी डा0 अनिल कुमार पटेल

आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत अमृत वन भी बनाये जायेगें, वृक्षारोपण की करायी जायेगी जियो टैगिंग - जिला वन अधिकारी

वृक्षारोपण कार्यक्रम अन्तर्गत बनाये जायेगें शकुंतला, महात्मा विदुर, भरत बालवन- जिला वन अधिकारी बिजनौर 05 जुलाई, 2022:- वृक्षारोपण जनआन्दोलन-2022 अन्तर्गत 35 करोड पौधारोपण के लिये जनपद के लक्ष्य 6558790 की पूर्ति हेतु आज वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन विभाग के कादरपुर जसवन्त वन खण्ड में 15 हेक्टेयर मे दुष्यन्त वन बनाया गया जिसमे 16500 पौधो का रोपण किया गया। मुख्य अतिथि मा0

राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार श्री कपिल देव अग्रवाल ने वृक्षारोपण को आज की जरूरत बताते हुये आमजन से जन्म दिवस पर एक वृक्ष लगाकर उसको सिंचित करने का आवाहन किया। मुख्य अतिथि मा0 राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग श्री कपिल देव अग्रवाल जी ने कहा कि वृक्ष धरती का गहना है। सभी को अपने जीवन में वृक्षारोपण करना चाहिये। उन्होंने कहा कि वृक्ष जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण संतुलन में सहायक है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम एक दिन का ना होकर प्रतिदिन लगातार व नियमित है, और इसको इसी रूप मे मनाने के लिए जन सहभगिता आवश्यक है। मा0 राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार श्री कपिल देव अग्रवाल जी ने सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावो के बारे मे बताते हुये आमजन से सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार का आवाहन किया। उन्होंने वृक्षारोपण अभियान के लिये मा0 प्रधानमंत्री जी व मा0 मुख्यमंत्री जी की ओर से सभी को बधाई प्रेषित की। मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्री साकेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि वृक्ष का महत्व हमारे जीवन में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि हमारा जिला बिजनौर प्राकृतिक रूप से सबसे समृद्ध जिलो मे है। यहां मां गंगा का आंचल है। उन्होंने कहा कि यहां प्राकृतिक ऊर्जा का संचार है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आवाहन किया और पौधारोपण के उपरान्त उसका संरक्षण करने के लिये भी कहा। नोडल अधिकारी निदेशक उद्योग कानपुर श्री मनीष चौहान ने कहा कि वृक्षारोपण का आमजन के दैनिक दिनचर्या व जीवन में बडा महत्व है। उन्होंने कहा कि सभी अपनी जिम्मेदारी को समझे तथा जहां भी संभव हो वहां वृक्ष लगायें, और उनकी रक्षा भी करें। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि जब तक जंगल, वन व नदी संरक्षित रहेगी तब तक हमारी संततियं संरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा व निर्देश है कि इस जनपद में हमे 65 लाख से अधिक पौधो का रोपण करना है। उन्होंने कहा कि यह जनपद प्राकृतिक रूप से बहुत ही समृद्ध जनपद है। उन्होंने कहा ऋषि मुनियों का वरदान इस जनपद को प्राप्त है हम जो भी पौधारोपण कार्यक्रम करा रहे है उसका नाम इस जनपद से जुडे महान पुरूषो के नाम पर रख रहे है। जिलाधिकारी ने कहा कि आज यहां दुष्यन्त वन बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शकुंतला, कर्ण ऋषि व महात्मां विदुर इस जनपद से जुडे हुये है, उनके नाम पर भी वन क्षेत्र का नाम रखा जा रहा है। उन्होंने सभी से आवाहन किया कि वह वृक्षारोपण करें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिये पौधा निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी वृक्षारोपण करें उसका संरक्षित भी करें तथा हैशटैग के माध्यम से उसको ट्विट भी करें। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने कहा कि आज एक महान कार्य के लिये हम सभी यहां उपस्थित हुये है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण का पर्यावरण व प्रकृति मे बडा महत्व है। उन्होंने कहा कि नेशनल फॉरेस्ट पॉलिसी मे कहा गया था की कम से कम 33 प्रतिशत वन क्षेत्र होना चाहिये। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र को बढाने के लिये सभी अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि पौधो को अपना समझ कर उसमे पानी डालें व उसे संरक्षित करें। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के कार्यो को हैशटैग दुष्यन्त वन, हैशटैग शकुंतला वन व हैशटैग विदुर वन पर ट्विट भी करें। जिला वन अधिकारी डा0 अनिल कुमार पटेल ने कहा कि वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष दस पुत्र समान। उन्होंने कहा कि 35 करोड पौधारोपण का लक्ष्य है तथा जनपद के वृक्षारोपण के लिए कुल लक्ष्य 6558790 है। उन्होंने कहा कि जनआंदोलन के रूप मे वृक्षारोपण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी लक्ष्य बडा नही होता, मिला उसी को जो डरा नहीं। जला वन अधिकारी ने बताया कि 06 जुलाई को 4.60 लाख पौधों, 07 जुलाई को 4.60 लाख पौधो तथा 15 अगस्त को करीब 09 लाख पौधो का रोपण जनपद मे किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश का फॉरेस्ट कवर का औसत 09 प्रतिशत है जबकि बिजनौर का 11 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र को बढाने के सभी अपना सहयोग दें। जिला वन अधिकारी ने बताया कि 06 जुलाई को नई पुलिस लाईन मे शकुंतला/शक्ति वन बनाया जायेगा जिसमे करीब 08 हजार पौधे लगाये जायेगें। उन्होंने बताया कि 07 जुलाई को विदुर कुटि में महात्मा विदुर वन भी बनाया जायेगा। इसके साथ ही स्कूल व कॉलेजों मे बाल वन व युवा वन भी बनाये जायेगें तथा कर्ण ऋषि आश्रम मे भरत बालवन भी बनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि 25 से 26 प्रकार की प्रजातियों के पौधो का रोपण वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत कराया जा रहा है। जिला वन अधिकारी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत अमृत वन भी बनाये जायेगें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक नगर पालिका, नगर पंचायत व ग्राम पंचायत मे अमृत वन बनाये जायेगे जिसमे प्रत्येक अमृत वन मे नगर निकायो मे 750-750 पौधे तथा ग्राम पंचायतो मे 75-75 पौधे लगाये जायेगे। उन्होंने कहा कि इसकी जियो टैगिंग भी की जायेगी।

इससे पूर्व दुष्यन्त वन में मा0 राज्यमंत्री श्री कपिल देव अग्रवाल जी ने पीपल, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष ने जामुन, मा0 विधायक श्रीमती सूचि चौधरी जी ने पीपल, नोडल अधिकारी निदेशक उद्योग कानपुर ने जामुन, जिलाधिकारी ने पीपल, जिलाध्यक्ष ने पीलखन व मुख्य विकास अधिकारी ने पीपल का पौधा रोपित किया। कार्यक्रम उपरान्त मा0 जनप्रतिनिधियो को तुलसी को पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन पीडी डीआरडीए ज्ञानेश्वर तिवारी ने किया। कार्यक्रम मे एनसीसी कैडिट, एनएसएस, गंगा प्रहरी व स्कूल/कॉलेज का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर मा0 विधायक श्रीमती सूचि चौधरी, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्री साकेन्द्र प्रताप सिंह, नोडल अधिकारी निदेशक उद्योग कानपुर श्री मनीष चौहान, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, जिलाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, ब्लाक प्रमुख सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलीम हुसैन बने जिला अध्यक्ष माइनॉरिटी विंग

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर
नजीबाबाद शकील मलिक प्रदेश अध्यक्ष

माइनॉरिटी विंग की सहमति से प्रभारी अशोक कमांडो जी के संज्ञान उपरांत जिला अध्यक्ष तेजपाल सिंह के द्वारा कलीम हुसैन को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है आप को बता दें की कलीम हुसैन अन्ना हजारे मंच से जुड़े हुए थे और उन्होंने बताया की पार्टी की सेवा पहले भी की है और फिर एक बार मौका मिल रहा उन्होंने ये भी बताया की अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील मालिक ने

उम्मीद जताई कि, कलीम हुसैन के नेतृत्व में, जिला बिजनौर में,माइनॉरिटी विंग का मजबूत संगठन खड़ा होगा व अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों व हितों की रक्षा, साथ ही पार्टी का संदेश घर घर तक पहुंचाने का काम मजबूती से करेगा। आप को बता दें की कलीम हुसैन एक न्यूज चैनल के एडिटर हैं और एक न्यूज पेपर के संपादक हैं इतना ही नहीं मीडिया के साथ साथ एक समाज सेवी भी हैं वो समय समय पर अपनी टीम के साथ मिलकर कोरोना जैसी महामारी में कलीम हुसैन व उनकी टीम ने तमाम सराहनीय कार्य किए है कलीम हुसैन हमेशा निस्वार्थ गरीबो की मदद के लिए तैयार रहते है और जनता पर हो रहे अत्याचार के लिए हमेशा आवाज उठाते है कलीम हुसैन ने कहा वह अपना कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे और पार्टी कड़ी मेहनत और लगन के साथ बहुत आगे तक ले जाने का काम करेंगे यही कारण है कि जनता उनके अच्छे व्यवहार को देखते हुए उनकी बात से सहमत होती है और उनके द्वारा लिए गए निर्णय का जनता पूरी तरीके से मान सम्मान करती है जिला अध्यक्ष बनने पर जनता ने कलीम हुसैन को बधाई दी और उनकी कामयाबी के लिए दुआएं की

महिला से छीन कर फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर
नजीबाबाद

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 05.07.2022थाना नजीबाबाद पुलिस द्वारा लूट की घटना का अनावरण करते हुये एक अभियुक्त को एक अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार किया गया आपको बता दे श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय बिजनौर के द्वारा चलाये जा रहे अपराधियो की धरपकड़ के अभियान मे व पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के पर्यवेक्षण मे व नजीबाबाद थाना प्रभारी रविंद्र कुमार वर्मा के कुशल निर्देशन मे थाना नजीबाबाद पुलिस द्वारा थाना नजीबाबाद मे दिनांक 03.07.2022 को श्रीमति

अनीता आर्य पत्नी श्री सुनील कुमार आर्य निवासी मोहल्ला सन्तोमालन कस्बा व थाना नजीबाबाद बिजनौर से एक पर्स जिसमे करीब एक मोबाईल एंव 40 हजार रुपए नकदी अज्ञात व्यक्ति द्वारा छीन कर भाग जाने के सम्बन्ध मे थाना नजीबाबाद मे तहरीर दी गई थी आज एक अभियुक्त सुलेमान पुत्र नासिर निवासी मौहल्ला रम्पुरा कस्बा व थाना नजीबाबाद जिला बिजनौर को लूटे गये माल पर्स एक मोबाईल वीवो कम्पन्नी एवं 1500/- नकद व एक अवैध तमंचा 12 बोर 02 जिन्दा कारतूस के हरिद्वार रोड बाइपास से गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध मे मुकदमा उपरोक्त मे बरामदगी के आधार पर धारा 411 भादवि की वृद्धि की गयी एंव अवैध तमंचे की बरामदगी के आधार पर थाना नजीबाबाद पर मु0अ0सं0- 318/2022 धारा 3/25(1B)(a)आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त को समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । गिरफ्तार करने वाली नजीबाबाद थाना पुलिस टीम मैं उपनिरीक्षक श्री अमित कुमार हेड कांस्टेबल कल्याण सिंह थाना कांस्टेबल गौरव कुमार कांस्टेबल विनीत पवांर शामिल रहे

बिना अनुमति के तहसील परिसर की कैंटीन की दीवार तोडकर रोड से निकाला रास्ता

संवाददाता समाज जागरण

बहेड़ी। तहसील में माफियो की मनमानी हावी है खनन माफिया भूमाफियो के बाद माफिया तहसील परिसर की जमीन पर भी हावी है तहसील की कैंटीन के ठेकेदार ने बिना अनुमति के तहसील में बनी कैंटीन की दीवार तोड़ दी। जानकारी के अनुसार तहसील परिसर में पिछली साइड में बनी कैंटीन प्रशासन द्वारा ठेके पर दी गयी है कैंटीन कम चलने के चलते बराबर से जा रहे रोड की तरफ ठेकेदार ने दीवार तोड़कर

रास्ता निकाल लिया रास्ता निकालने न ही कोई प्रस्ताव पास हुआ न ही किसी की अनुमति तहसील परिसर में ही अधिकारी बैठते है सब देखने के बाद भी अनजान बने बैठे है। तहसीलदार विनोद चौधरी ने बताया तहसील परिसर की कैंटीन अंदर साइड है आने जाने वालों को दिखाई नही देती जिस कारण इस बार कोई ठेका लेने वाला नही आया तो उसका रास्ता पास में चल रहे रोड इसड से खुलवा रहे है।

नगर पालिका परिषद की ओर से पौधा रोपण कर जनमानस को दिया संदेश

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीना।नगर पालिका परिषद की ओर से वन महोत्सव पर सरकार के निर्देशन में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम तहत नगर व आसपास के इलाकों मे बड़ी संख्या में पेड़ों की पौध लगाई जा रही है।नगीना नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी इन्द्रपाल ने नेतृत्व में स्थानीय एम एम इंटर कालेज के खेल के मैदान की बाउंड्रीवाल के चारों और विभिन्न प्रजातियों के पेड़ों का पौधारोपण किया। इस मौके नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक मदनपाल

सिंह,तलत अहमद,सैय्यद मुनीर अहमद जैदी,इक़्तेदार आलम जैदी,आदि ने अपने कर कमलों से पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वन महोत्सव पर पौधारोपण के आदेश का पालन करते हुये ज्यादा से ज्यादा पौधों का रोपण करना है।जिससे चारो ओर हरियाली हो साथ ही हमें भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन उपलब्ध होगी।पौधे हमें जीवन प्रदान करने के साथ साथ वातावरण को शुद्ध रखते हैं।इस मौके पर नगर पालिका के स्टाफ के अलावा सभासदों की भी मौजूदगी रही।

उप जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण कर जनमानस से वृक्ष लगाने की अपील

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीना उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने वृक्षारोपण कर जनमानस को दिया संदेश योगी सरकार के द्वारा चलाया जा रहा वृक्षारोपण अभियान के तहत नगीना तहसील में छायादार व फलदार वृक्ष लगाकर अनेक सामाजिक संगठनों व जनमानस से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की उन्होंने जनमानस को

संदेश देते हुए कहा वृक्ष हमारा जीवन है वृक्ष लगाने से वातावरण शुद्ध हो जाता है वृक्ष हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं उन्होंने जनमानस से अपील करते हुए कहा वृक्ष लगाकर समय-समय पानी डालकर उनका पालन पोषण भी करना चाहिए।

प्रॉपर्टी डीलरो की हरकतों से तंग आकर पीड़ित परिवार ने लिया पलायन का फैसला

पुलिस आई हरकत में गंभीरता से कर रही है जांच

दैनिक समाज जागरण शरीफ मलिक

किरतपुर। एक व्यक्ति ने कुछ लोगो पर आरोप लगाया है कि वह भु-माफिया है तथा उसके घर की महिलाओ पर बुरी नजर रखते है। जिससे आजिज आकर उसने पलायन करने का फैसला कर लिया है मामले की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला जाटान निवासी पंडित रवि दत्त शर्मा व उनके पुत्र दीपक शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि उनके घर के आसपास कुछ प्रॉपर्टी डीलर मार्किट का निर्माण कर रहे है इनमे से कुछ लोग शाम होते ही शराब के नशे में धुत होकर आपस में गाली गलौच करते है। जिससे आस

पड़ोस में रहने वाली महिलाओ व परिवारों को काफी शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। बार बार समझाने के बाद भी यह लोग दबंगई दिखाते हुए अपनी हरकतो से बाज नहीं आते । इसलिए उनकी दहशत से तंग आकर मकान बेच कर पलायन करने का फैसला किया है। इस मामले का पता चलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। कस्बा इंचार्ज अमित कुमार ने मौके का मुआयना किया। परंतु पीड़ित पंडित रवि दत्त शर्मा व उसका पुत्र दीपक शर्मा मौके पर नही मिले जबकि थाना प्रभारी का कहना है कि यह मामला उनके संज्ञान मे तो है परंतु पीड़ित पक्ष के बाहर होने के कारण उनसे बात चीत नही हो पाई है। यदि यह मामला पलायन से सबंधित है तो आरोपियों को बख्शा नही जाएगा। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

मेट्रो नूरपुर मार्ग स्थित दक्ष हॉस्पिटल में सांप घुसने से स्टाफ व मरीजों में हडकंप मच गय

रिपोर्ट मोहम्मद आबिद खान दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नहटौर। सूचना पर सर्प मित्र ने पहुंचकर सांप को रेस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर नूरपुर मार्ग स्थित चांदपुर चुंगी के निकट स्थित दक्ष हॉस्पिटल में सांप घुस गया।सांप को घुसा देख हॉस्पिटल में मौजूद स्टाफ व मरीजों में हडकंप मच गया।डॉ एके दक्ष ने तुरंत इसकी सूचना सर्प मित्र बी भास्कर को दी।सूचना पर बी भास्कर अपने सहयोगी गौरव कुमार के साथ हॉस्पिटल में पहुंचे और उन्होने सांप को रेस्क्यू करते हुए पकड़ लिया और सांप को पकड़ जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।सर्प मित्र बी भास्कर ने बताया कि ये रेट स्नेक प्रजाति का सर्प था जिसे घोड़ा पछाड़ सांप बोलते है।सांप के पकड़े जाने के बाद स्टाफ ने राहत की सांस ली।

जाट जागृति मंच के तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन किया

रिपोर्ट मोहम्मद आबिद खान दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नहटौर। गया।बैठक में वक्ताओं ने समाज में फैली कुरुतियों को दूर करने का आह्वान किया और समाज को जोड़ने के लिये चर्चा की गई ।प्राप्त समाचार के अनुसार हल्दौर मार्ग पर स्थित जाट भवन में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अपने बच्चो को शिक्षित बनाए और युवा पीढ़ी को संस्कारवान शिक्षा देने के साथ साथ उन्हें अपने गौरान्वित इतिहास के बारे में अवगत कराने का आह्वान किया।बैठक में समाज में फैली सामाजिक कुरुतियों को दूसर करने का आह्वान किया गया।बैठक में रामपाल सिंह अमीन साहब द्वारा भवन निर्माण के आय और व्यय के बारे मे बताया गया। तारा सिंह की अध्यक्षता ओर स्वामी आनन्द आचार्य के संचालन में आयोजित बैठक में गुणवान सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवनिहाल सिंह, डॉ शलभ अहलावत, महेंद्र सिंह, मा.विजयपाल सिंह, सतवीर सिंह, सुनील कुमार, कैलाश लाम्बा आदि ने अपने विचार व्यक्त किये

कानपुर में बुजुर्ग दंपति की हत्या से सनसनी : वजह अज्ञात

सुनील बाजपेई

कानपुर। आज यहां मंगलवार को बर्रा थाना क्षेत्र में बुजुर्ग दंपति के हत्या किए हुए शव बरामद किए गए ,जिसकी जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई । वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ मिलकर घटना की छानबीन शुरू की है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक घटना की वजह पता नहीं चल पाई है ।जानकारी के मुताबिक मूल रूप से महाराजपुर थाना क्षेत्र के प्रेमपुर में रहने वाले गणपति से रिटायर्ड 62 साल के मुन्ना लाल बर्रा थाना क्षेत्र में रहते थे । परिजनों ने बताया की इसके पहले वह अपनी पत्नी रामदेव जी के साथ गुजैनी में रहते थे ।इस घटना की जानकारी बीती रात लगभग 2:30 बजे परिवार वालों को तब हुई जब बेटी माला ने दोनों की लाखों को रक्त रंजीत पड़े हुए देखा` मौके पर पहुंची पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक रात तीन अज्ञात लोग घर में जबरन घुस आए । और वही अज्ञात बदमाश धारदार हथियार से हत्या करने के बाद फरार हो गए।इस बारे में मृतक के बेटे से भी पुलिस ने पूछताछ की है लेकिन समाचार लिखे जाने तक घटना की वजह घटना की वजह पता नहीं चल पाई है । वही पुलिस का कहना है की हत्यारों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उनकी तलाश लगातार की जा रही है ।

राजस्थान के दौसा में हुए सड़क हादसे में कानपुर के चार लोगों की मौत

सुनील बाजपेई

कानपुर` लगातार होने वाली सड़क दुर्घटनायें लोगों की असमय जान लेने से नहीं चूक रही हैं। ऐसी ही एक घटना में राजस्थान के दौसा जिले में हुए सड़क हादसे में कानपुर के चार लोगों की मौत हो गई । यह सभी लोग खाटू श्याम जी के दर्शन करने के लिए जा रहे थे। मिली जानकारी के मुताबिक सड़क हादसे में मौत का शिकार होने वाले सानू सोनी, आकाश सोनी, नीरज सोनी और करमेन्द्र सोनी उत्तर प्रदेश में कानपुर के संजय गांधी नगर के रहने वाले थे और घटना के समय खाटू श्याम जी के दर्शन करने के लिए गए हुए थे। इस घटना से उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक ने 750 पेड़ लगाकर किया वृक्षारोपण

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह /गुन्नौर

गुन्नौर थाना परिसर एवं चौकी क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार तथा थाना प्रभारी वीरेंद्र पाल सिंह पूनिया की अध्यक्षता में पौधारोपण किया गया।जिसमें कुल 750 पौधे थाना क्षेत्र,चौकी सहित लगाए गए। जिसमें फलदार, छायादार एवं फूल के अलावा कई महत्वपूर्ण पौधे लगाए गए हैं। वृक्षारोपण के मौके पर थाना प्रभारी,वीरेंद्र पाल पुनिया ने कहा कि पेड़ ही जीवन है। पेड़ पौधों के बिना जीवन की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। यदि पेड़ पौधे ना हो तो हम सब सांस नहीं ले सकते हैं इसलिए जीवन के लिए हम सब को संकल्प लेना

चाहिए। वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाते रहना चाहिए। प्रत्येक वर्ष ,अपना जीवन यापन करने के लिए कम से कम पांच पौधे प्रतिवर्ष जरूर लगाएं। पर्यावरण की यदि बात करें तो अब संतुलन बिगड़ता जा रहा है। पर्यावरण मैं प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदूषित पर्यावरण के दुष्परिणाम भी सामने आने लगे हैं। प्राकृतिक विपदा और सुनामी इसका उदाहरण है। पेड़ पौधे हम सबको छाया व फल आदि देते ही हैं। इसके अलावा आंतरिक रूप से हमारे जीवन को जरूरी बहुमूल्य सांसें भी प्रदान करते हैं। इसलिए पेड़ लगाओ जीवन बचाओ पेड़ है तो जल है। वृक्षारोपण के मौके पर,विकास चावला के अलावा समस्त थाना के पुलिस कर्मी शामिल थे।

उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ द्विवार्षिक अधिवेशन चुनाओ विकास खंड पुरवा के सभागार में सम्पन्न हुआ।

आज उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ द्विवार्षिक अधिवेशन चुनाओ विकास खंड पुरवा के सभागार में सम्पन्न हुआ।वही द्विवार्षिक चुनावों जिला अध्यक्ष संदीप भारती की अगुवाई में किया गया जिसमें पुरवा ब्लाक से सुरेश कुमार को अध्यक्ष बनाया गया, साथ ही ब्लॉक मंत्री रजनीश जी एवं कोषा अध्यक्ष अनुज कुमार को बनाया गया ।साथ ही जिला मंत्री सुनील

कुमार एवं जिला कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार भी मौजूद रहे, सभागार में पूर्ण संपन्न चुनावों के बाद संदीप भारती ने कहा कि हमें अपने हक की लड़ाई लड़ना है और आप सभी लोग अपने हक की लड़ाई लड़ो, हम सभी लोग आपके साथ हैं। वही जिला मंत्री सुनील कुमार ने कहा हम सभी सफाई कर्मचारियों को आपस में मतभेद नहीं करना है और एक दूसरे को कंधे से कंधा मिलाकर चलना है ।साथ ही कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा हम पुरवा ब्लाक के पदाधिकारियो से आशा करते हैं कि अपने गरिमा को बनाकर रखेंगे। इस मौके पर आजाद सुजीत धानुक व अतुल सोनकर ,राजेश कुमार ,शिव प्रकाश, पंकज ,उमेश,कालीप्रसाद, श्री राम,सुंदर दिलीप,अनिल सुनील सोनेलाल घनश्याम आदि तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे।

सुसराल से फरार महिला ने थाने में काटा हंगामा

रिपोर्ट फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

स्योहारा : एक माह पूर्व घर से फरार महिला ने थाने पहुंचकर जमकर हंगामा किया महिला के ससुराल व मायके जाने से इंकार करते हुए अन्य कहीं जाने को लेकर चार घंटे से अधिक समय तक हंगामा होता रहा` पुलिस ने महिला के ससुराल न जाने पर महिला को वन स्टॉप सेंटर भेजने को कहा थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गाँव निवासी एक

महिला की शादी चार वर्ष पूर्व स्योहारा क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवक से हुई थी` महिला के एक तीन साल का पुत्र भी है`सब कुछ ठीक चल रहा था कि इसी बीच एक माह पूर्व महिला ससुराल से फरार हो गई` काफी तलाश के बाद भी जब महिला नहीं मिली तो महिला के पति ने थाने पहुंचकर 22 जून को अपनी पत्नी की गुमशुदगी दर्ज ` कराई` सोमवार की दोपहर महिला अचानक स्योहारा थाने पहुंची` महिला के थाने पहुँचने की सूचना मिलने पर महिला के ससुराल व मायके पक्ष के लोग भी थाने पहुँच गये` मामले में अचानक मोड़ तब आया जब महिला ने अपने ससुराल व मायके जाने से मना कर दिया` महिला के पति व ससुराल वालों ने महिला को अपने साथ ले जाने की जिद की तो महिला ने जमकर हंगामा करते हुए अन्य कहीं जाने की बात की` जिसको लेकर थाने में चार घंटे से अधिक समय तक गहमा गहमी का माहौल रहा` थानाध्यक्ष राजीव चौधरी का कहना है कि महिला को समझाने का प्रयास किया जा रहा है ससुराल न जाने पर महिला को वन स्टॉप सेंटर भेज दिया जायेगा

बदायूं सांसद डीएम एवं अन्य अधिकारियों ने गंगा किनारे (28800) पेड़ लगाकर किया वृक्षारोपण।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह/ जुनावई

जुनावई मंगलवार को संभल जनपद में पौधारोपण लक्ष्य के सापेक्ष मैं 28800 पौधों को रोपित किया गया। जबकि मंडलायुक्त जिलाधिकारी एवं बदायूं सांसद के द्वारा जुनावई क्षेत्र की असदपुर, सकेला गांव के गंगा तट किनारे ग्राम सभा की 18 हेक्टेयर भूमि पर 28800 पौधे रोपित किए गए। जबकि इस भूमि पर एक-एक पौधा सभी अधिकारी एवं बदायूं सांसद द्वारा रोपित किया गया। वही इस मौके पर सभी विभागों के अधिकारी एवं वन क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे। वही मंडलायुक्त एवं जिला अधिकारी तथा सांसद ने सभी लोगों से अपने अपने हाथों से एक पौधा रोपित कर उसकी परवरिश करने की बात रखी है। जिलाधकारी मनीष बंसल ने बताया क्षेत्र में होने वाले वृक्षारोपण को लेकर सभी विभाग की अधिकारी एवं कर्मचारियों को बुलाया गया है। सभी लोग पौधा रोपित करने में सहयोग करेंगे। इसी

करने के बाद उसकी देखभाल करना भी बहुत जरूरी है सभी लोग अपने अपने घरों में 11 तुलसी का वृक्ष अवश्य लगाएं जिससे की भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन प्राप्त होने के साथ ही उसके फायदे भी हमें मिलते रहे। वही चकबंदी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा धांधली किए जाने को लेकर किसान वीर सिंह सुनील कुमार तथा पृथ्वी राज सिंह के द्वारा जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी से शिकायत दर्ज कराई गई थी। ...ही खेरिया रुद्र ... रहने वाले ...किसान रामवीर ...सिंह की खेत ...ी चकबंदी ...माइश सही न ...किए जाने को ...लेकर किसान ...रामवीर सिंह ने ...आत्महत्या ...करने का प्रयास ...असदपुर गंगा तट किनारे पौधा रोपित किए जाने के उपरांत असद पुर गांव की चमेली पत्नी असद सिंह तथा तिलक चंद के द्वारा मंडलायुक्त को रास्ते में ही रोक कर दोनों लोग रो-रोकर शिकायत करने लगे उन्होंने बताया हमारे पास पैसा ना होने के कारण हमारी जमीनों को अच्छे स्थान से काटकर गंगा में कर दी जा रही है। इसी को लेकर मंडलायुक्त एवं जिला अधिकारी ने इसकी गहनता से जांच के लिए गुन्नौर उप जिला अधिकारी रामकेश धामा को नियुक्त किया है ।इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन संगीता देवी के द्वारा किया गया। स्काउट एवं गाइड के 35 बच्चों के द्वारा बैंड बाजों के साथ अधिकारियों का स्वागत किया गया वही इस मौके पर युवा मंडल दल से 119 लोगों तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा बहू है संगिनी के द्वारा एक एक पौधे को आरोपित किया गया ।इस मौके पर अपर जिला अधिकारी, सुधीर कुमार मल्होत्रा, सीएमओ तरन्नुम रजा, सीडीओ कमलेश सचन, जिला कृषि अधिकारी ओंकार सिंह,डीएफओ अरविंद कुमार, एसडीएम रामकेश धामा ,सीओसंतोष कुमार, वन रेंजर राजकुमार पाठक, जुनावई एसएचओ पवन कुमार, गुन्नौर एसएचओ वीरेंद्र कुमार पुनिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत एवं आदर्श- अनंत अग्रवाल

पंकज राघव दैनिक समाज जागरण ब्यूरो संभल

स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि आयोजित करके हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने संगठन में युवाओं को वरीयता देने युवाओं को दायित्व सौंपने तथा युवा शक्ति के माध्यम से समाज की सेवा करने का संकल्प लिया।

श्री सनातन धर्म मंदिर में आयोजित स्वामी विवेकानंद पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात राष्ट्रभक्ति गीत विष्णु कुमार ने सुनाया और प्रदीप कुमार शुक्ला ने एक आध्यात्मिक भजन का गायन किया। कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष अजय गुप्ता सर्राफ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जन्म कोलकाता में 12 जनवरी 1863 में हुआ था। समाज की सेवा राष्ट्र और धर्म की सेवा

भारतीय संस्कृति भारतीय परंपराओं का प्रचार प्रसार करते करते 39 वर्ष की अवस्था में 4 जुलाई 1914 को निधन हो गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनन्त कुमार अग्रवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद आध्यात्मिक गुरु थे। समाज सुधारक थे। और सबसे बड़ी बात कि आप युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे युवा शक्ति के आदर्श थे। आपने 39 वर्ष की अवस्था में देश और संस्कृति की जो यश पताका दिग दिगंत में सारी दुनिया में फहराई उसका कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने युवा शक्ति से आह्वान किया कि आगे आकर देश समाज धर्म के कल्याण हेतु अपने दिल और दिमाग से सेवा कार्य करें। श्याम शरण शर्मा, अरविंद शंकर शुक्ला, सरिता गुप्ता, सुबोध कुमार गुप्ता, विकास कुमार वर्मा, सुभाष चंद्र मोगिया, सुभाष चंद्र शर्मा, अमित कुमार शुक्ला, नरेश शर्मा, गुलशन मदान, संतलाल गंभीर, आदि वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद को युवा शक्ति का आदर्श और प्रेरणा पुंज बताते हुए उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तय किया गया कि हिंदू जागृति मंच में युवा शक्ति को अधिक वरीयता दी जाएगी संगठन के दायित्व अधिकतर युवा वर्ग को सौंप कर उन्हें समाज राष्ट्र और धर्म की सेवा में लगाया जाएगा। लोकतंत्र रक्षक सेनानी चौधरी महीपाल सिंह ने स्वामी विवेकानंद द्वारा दिए गए शिकागो में भाषण का उल्लेख किया और उनकी शक्ति सामर्थ्य, ज्ञान, क्षमता को अद्भुत और अकल्पनीय बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण कुमार अग्रवाल ने की तथा संचालन नवनीत कुमार ने किया।

पत्रकार तथा उनके चचेरे भाई की मौत से शोक की दौड़ी लहर ,परिजनों में मचा कोहराम

हर्षित श्रीवास्तव संवाददाता पुरवा उन्नाव दैनिक समाज जागरण

पुरवा उन्नाव= देर रात वापस आ रहे कानपुर से स्थानीय संवाददाता दैनिक जागरण समाचार पत्र के तथा उनके चचेरे भाई की कार पलटने से मौत हो गई पुरवा अचलगंज मार्ग के चपरी शाहपुर की हुई घटना लगभग 12 बजे रात आस पास की है । प्रत्यक्षदर्शी की मानें तो पुल के गड्ढा युक्त सड़क पर जैसे ही कार गड्ढे में उतरी, पलक झपकते ही कार अनियंत्रित होकर उस गड्ढे में गिर गई पुरवा कस्बा के कस्टोलवा निवासी स्थानीय संवाददाता आशीष बाजपेई स्व प्रतापनारायण बाजपेई उम्र 40 वर्ष अपने चचेरे भाई विकास उर्फ भजन वेदनारायण बाजपेई 30 वर्ष के साथ कानपुर रिश्तेदारी में गए थे । रात में वापस घर आ रहे थे कि पुरवा अचलगंज के चपरी शाहपुर पुल के पास अधिक गड्ढा होने के कारण कार अनियंत्रित हो गई।और देखते देखते कार खंती में जा गिरी। कार की

गिरने की आवाज सुनते ही कुछ युवक दौड़ कर पास आए ।और दोनो को निकलने का भरपूर प्रयास किया यही नही अचलगंज पुलिस को फोन किया और घटना की जानकारी दी ।मौके पर पुलिस पहुंच कर दोनो को निकाल कर सीएचसी भेज दिया जहा हालत गंभीर देखते हुए सीएससी डॉक्टरों ने उन्नाव रेफर कर दिया जहा डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घरवालों को जैसे ही दोनो लोगो के सड़क दुघटना से मौत की सूचना मिली पूरे घर में मातम छा गया पूरा घर फूट-फूट कर रोने लगा पत्रकार की पत्नी शीलू उनकी 10 वर्षीय पुत्री मान्या सहित पूरे घर का रो रो कर बुरा हाल हो गया ।

आपको बताते चले की आशीष के बड़े भाई अन्नू जो एक व्यवसाई परिवार सयुक्त है ।चहेरा भाई मृतक विकास की सादी इसी नवंबर में होना तय थी जो अचानक दुर्घटना के शिकार हो गए ।पत्रकार आशीष बाजपेई की घटने की खबर जैसे ही सोशल मीडिया का हिस्सा बनी । किसी को यकीन नही हो रहा था सभी पत्रकार धीरे धीरे उनके घर करस्टोलवा पहुंचने लगे । सूचना पाकर उन्नाव सांसद साक्षी महाराज अध्यक्ष नगर पंचायत रेनू गुप्ता पुरवा के पूर्व विधायक उदय राज यादव, मोहित शुक्ला सतीश त्रिपाठी समेत सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित हो गए। मृतक के परिवार को ढांढस बढ़ाया इतना ही नहीं सांसद साक्षी महाराज ने बताया कि पत्रकारिता क्षेत्र में आशीष बाजपेई का जाना बहुत बड़ी अपूर्ण हानि हुई है । मृतकों का अंतिम संस्कार शुक्लागंज के मिश्रा घाट पर रीति रिवाज से किया गया । मृतको की अंतिम दर्शनाथ में हिंदू जागरण मंच के विमल दिवेदी ,मोहित पांडे ,राजा गुप्ता ,अशोक तिवारी ,अदीब हसन ,भीम शंकर त्रिपाठी ,अभिषेक त्रिपाठी, राजेश चौधरी ,प्रिंशु ,अमित समेत दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा तहसील धामपुर के ग्राम नया गांव में खो नदी द्वारा हो रहे कटान से ग्राम वासियों एवं अन्य लोगों को सुरक्षित रखने के लिए स्थलीय निरीक्षण कर अधिशासी अभियंता,

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो बिजनौर आसिफ अख्तर के साथ मोहम्मद आरिफ

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा तहसील धामपुर के ग्राम नया गांव में खो नदी द्वारा हो रहे कटान से ग्राम वासियों एवं अन्य लोगों को सुरक्षित रखने के लिए स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सिंचाई विभाग द्वारा कटान को रोकने के लिए स्टड बनाने के साथ ही साथ और अन्य व्यवस्थाएं भी की गई थी, उनमें तेज बहाव के कारण

कुछ स्टड्स बह गए हैं और पानी का कटान सड़क के करीब तक आ चुका है। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने उक्त कटान रोकने के लिए अधिशासी अभियंता, अफजलगढ़ सिंचाई खंड, धामपुर को निर्देश दिए कि तत्काल अतिरिक्त स्टड्स बनवाना सुनिश्चित करें और कट्टों में बजरी आदि भरवाकर कटान स्थल तथा आसपास के क्षेत्रों में डलवाएं ताकि कटान की प्रक्रिया पर आवश्यक नियंत्रण स्थापित हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि खो नदी द्वारा किए जा रहे कटान की स्थिति पर पूरी सजगता एवं गंभीरता के साथ कड़ी निगाह रखने के लिए राजस्व कार्मिकों की नियमित ड्यूटी लगाई जाए और इसके साथ साथ ग्राम वासियों से संपर्क बनाए रखने के भी निर्देश दिए।इस अवसर पर अधिशासी अभियंता,अफजलगढ़ सिंचाई खंड धामपुर, उप जिलाधिकारी धामपुर के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी एवं संभ्रांत ग्रामवासी मौजूद थे।

ईद-उल-अजहा व आगामी त्योहारों को लेकर थाना परिसर मे अमन कमेटी की बैठक का किया गया आयोजन

रिपोर्ट मोहम्मद आबिद खान दैनिक समाज जागरण बिजनौर

स्योहारा थाना परिसर में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थानाध्यक्ष राजीव चौधरी ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। थानाध्यक्ष ने अशांति फैलाने का प्रयास करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। उन्होंने ईद उल अजहा का त्यौहार नगर व देहात क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने, आपसी भाईचारा कायम रखने की अपील की। बैठक को सम्बोधित करते हुए धामपुर सीओ इंदू सिद्धार्थ ने कहा कि बकरीद पर कुबार्नी के बाद अवशेषों को गड्ढे में दबाएं, सफाई का ध्यान रखें। किसी झूठी अफवाह पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का

हर संभव सहयोग करें। सीओ ने कहा कि कुबार्नी का फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड न करें, कहीं भी कोई ऐसी गतिविधि नहीं होनी चाहिए जिससे नगर व क्षेत्र का माहौल खराब हो। सीओ ने त्यौहार को शान्ति से मनाने के साथ कुबार्नी से किसी को परेशानी न होने देने की बात कही। साथ ही कुबार्नी के अवशेष जमीन में दबाने की अपील की। श्रवण मास के चलते एहतियात बरते। उन्होंने कहा की ईदुल अजहा पर कोई नई परम्परा शुरू नही होने दी जाएगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए शहर इमाम मौलाना कामिल ने सभी लोगों से ईदुल अजहा का त्यौहार भाईचारे के साथ मनाने की अपील की और पुलिस प्रशासन को सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर थानाध्यक्ष राजीव चौधरी के अलावा थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।अमन कमेटी की मीटिंग में शहर इमाम मौलाना मोहम्मद कामिल,चेयरमैन अख्तर जलील, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ए पी पांडे, मौलाना अरशद, फहीम उर रहमान, राजू भटनागर, राजपाल प्रजापति, नसीम सभासद, सीटू शर्मा अमित शर्मा, मुकेश रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

हुनर बाजों को स्टार बनाने के लिए मिडास और एजेडब्ल्यू फाउंडेशन ने किया निःशुल्क ऑडिशन शामिल हुए 85 हुनरमंद

सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां एजेडब्ल्यू फाउंडेशन के शो फेम इन कानपुर एवं मिडास परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रिंस फिल्म सिटी के ऑडिशन में शहर के 85 हुनरबाजों ने अपनी प्रतिभाओं का जलवा जमकर बिखेरा ।इसके लिए यहां के बर्रा दो राम जानकी मंदिर स्थित मिडास मल्टीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय में एजेडब्ल्यू फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क ऑडिशन आयोजित किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में शहर के जाने-माने समाजसेवी गोपाल तुलसियान एवं

बॉलीवुड एक्टर रियाज कुरेशी ,वॉइस ऑफ मुकेश सुबोध आर्य, कृष्णा शर्मा वरदान फाउंडेशन , उपेंद्र मिश्रा चेयरमैन मिडास मल्टीट्रेड फेम इन कानपुर शो के फाउंडर प्रदीप शुक्ला व डायरेक्टर चिराग जी, भोजपुरी सिंगर एवं सॉन्ग राइटर सत्येन्द्र अंदाज जी एवं प्रिंस फिल्म सिटी डायरेक्टर विनोद सैनी, मिस यूपी सोनी सिंह ,हर्ष यादव, राजा राठौर, रेनु भारती मॉडल , दीपक परवानी ,निशा, अखिल खरे और निशा अग्रवाल आदि मौजूद रहे । मिडास मल्टीट्रेड चेयरमैन उपेंद्र मिश्रा ने बताया कि चयनित प्रतियोगियों को आगामी कार्यक्रमों में शिरकत करने का मौका भी प्रदान किया जाएगा।

पंवासा ब्लॉक के गांव किसौली के मनरेगा पार्क में ब्लाक प्रमुख प्रेम कुमारी और खंड विकास अधिकारी ने पौधारोपण किया

दैनिक समाज जागरण संभल

पंवासा ब्लॉक के गांव किसौली के मनरेगा पार्क में ब्लाक प्रमुख प्रेम कुमारी और खंड विकास अधिकारी ने पौधारोपण किया इसमें कई प्रजातियों के पौधे लगाए गए जिसमें पीपल बरगद पापड़ व अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए गए खंड विकास अधिकारी ने पार्क की गुणवत्ता को

भी देखा कहां की पार का और सौंदर्यीकरण कराया जाए खंड विकास अधिकारी ने लोगों को कहां कि लोग अधिक से अधिक अपने आसपास खाली जगह पर पौधे लगाएं जिससे बाद वायु प्रदूषण कम हो सके इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रेम कुमारी ब्लाक प्रमुख पति हिरदेश यादव सहायक विकास अधिकारी अनिल कुमार ग्राम पंचायत सचिव अवनीश उपाध्याय ग्राम प्रधान कैलाश यादव अन्य गांव के लोग उपस्थित रहे

राजेश कुमार श्रीवास्तव बने कन्नौज के पुलिस अधीक्षक

अजय दुबे कन्नौज

कन्नौज में राजेश कुमार ने सभाला पुलिस अधीक्षक का कार्यभार ।उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में प्रेस कांफ्रेंस की।पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने प्रेस वार्ता करते हुए पत्रकारों को बताया कि उन्हें उनका भी सहयोग चाहिए अपने विभाग के साथ साथ । उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुसार जमीनी स्तर पर कार्य किया जाएगा शिकायतों का सा समय निस्तारण किया जाएगा वह पीड़ित को असंभव न्याय दिलाने

का कार्य किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया की जंजीर की प्रत्येक कड़ी अपने आप में महत्वपूर्ण है पूरी जंजीर में प्रत्येक कड़ी का अपना अलग रोल होता है एक कड़ी के कमजोर होने से पूरी चैन कमजोर होती हैं। उन्होंने कहा कि विभाग के साथ-साथ आप लोगों के भी सुझाव मिलते रहे और तालमेल बना रहे तो बेहतर कार्य हो सकता है जिससे आम आदमी को आसानी से न्याय मिल सके। आपको बता देंगे पीएसी के अलावा वह क्षेत्राधिकारी भी रहे लेकिन कन्नौज में पहली बार पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किया।

राष्ट्रीय प्रेस क्लब चांदपुर की मासिक मीटिंग सम्पन्न नागेंद्र सिंह को बनाया गया सदस्य

दैनिक समाज जागरण फारूक अंसारी

राष्ट्रीय प्रेस क्लब चांदपुर की मासिक मीटिंग का आयोजन किया गया मीटिंग में अनेक मुद्दों पर वातार्लाप करते हुए नागेंद्र सिंह को संगठन की सदस्यता दिलाई गई प्राप्त समाचार के अनुसार राष्ट्रीय प्रेस क्लब चांदपुर की एक मीटिंग का आयोजन संगठन के कानूनी सलाहकार कुलदीप सिंह एडवोकेट के निवास स्थान पर अनिल शर्मा की अध्यक्षता व नईम परवेज के संचालन में किया गया मीटिंग में पत्रकारों से संबंधित समस्या और अनेक मुद्दों

पर वातार्लाप करते हुए नागेंद्र सिंह चौहान को संगठन की सदस्यता दिलाई गई इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रेस क्लब के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि संगठन के लोग किसी भी तरह से अपने आप को कमजोर ना समझे मैं संगठन के हर पत्रकार के हर दुख दर्द में हर समय तैयार हूं संगठन का कोई भी सदस्य किसी भी समय मेरा दरवाजा खटखटा सकता है किंतु इसके साथ साथ सभी सदस्यों को संगठन के प्रति वफादारी और एकता का खास ख्याल रखना होगा इस अवसर पर नईम परवेज, अनिल शर्मा ,आफाक अहमद, इरफान अंसारी, ललित मोहन कौशिक ,मोहम्मद गुलफाम ,फैसल शैख, जोगिंदर सिंह, मोहम्मद हनीफ ,नागेंद्र सिंह आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

स्कूल चलो अभियान मे यूथ सोसाइटी ने निकाली शिक्षा जागरूकता रैली

रिपोर्ट फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

स्योहारा यूथ वेलफेयर सोसाइटी ने शिक्षा अभियान में अपनी योजना 'एवरी चाइल्ड इन स्कूल' के अन्तर्गत डोर टू डोर स्कूली बच्चों के साथ शिक्षा जागरूकता रैली निकाली जिसमें संस्था ने बच्चों को साथ लेकर कस्बे के निकटवर्ती गांव अलादीन पित्थापुर, मंसूरीसराय बुढेरन एंव झिल्ला मे नुक्कड़ सभा व नारों के साथ शिक्षा जागरूकता रैली निकाली !इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष तनवीर चौधरी ने बताया कि बच्चों में शिक्षा की उदासीनता परिजनों की लापरवाही के मिथक को तोड़ने के उद्देश्य से संस्था की टीम ने गांव- गांव में

जाकर वहां के विद्यालयों के स्टाफ एवं छात्रों के सहयोग से गांव में घूम कर शिक्षा जागरूकता अभियान चलाया ! संस्था ने वासित अली के नेतृत्व में नागरिकों परिजनो से डोर टू डोर संवाद करते हुए शिक्षा के महत्व को समझाते हुए अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने की अपील करते की ! रैली में भाग लेने में स्कूली बच्चों के अलावा संस्था की ओर से जुबेर जैदी, अमीन अहमद शब्बू ठेकेदार अयान जावेद अरशद अहमद फिरोज, कायम नकवी, डॉ सौरभ, संजय शर्मा व अलादीन पुर में हजरत बिलाल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य तैय्यबुजुमा व स्टाफ मुस्तकीम अहमद, फरहीन, ग्राम मन्सूरसराय के प्रा० विघालय की प्रधानाचार्य शबनम आरा व स्टाफ सपना, जूही, रंजना ग्राम बुढेरन मे मॉर्डन पार्कर जूनियर हाईस्कूल के टीचर्स डॉ जाकिर हुसैन, हरि ओम, फरहत जहाँ, नाजिश परवीन, अजहर अली का विशेष सहयोग रहा ! संरक्षक असजद चौधरी ने छात्रों स्टाफ एवं संस्था के सदस्यों का आभार जताया संस्था के संरक्षक अमीन अहमद ने सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए सभी का हौसला अप्लाई अफजाई की !

22 may 2022:Layout 1 7/6/2022 1:06 AM Page 6

अमेठी बन महोत्सव के अवसर पर पुलिस लाइन मे वृक्षारोपण

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

वन महोत्सव के अवसर जिलाधिकारी अमेठी व पुलिस अधीक्षक अमेठी महोदय द्वारा पुलिस लाइन अमेठी में किया गया वृक्षारोपण वन महोत्सव के अवसर पर जिलाधिकारी अमेठी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक अमेठी इलामारन जी द्वारा वृहद वृक्षारोपण अभियान-2022 के अन्तर्गत निमार्णाधीन कलेट्रेट परिसर में वृक्षारोपण किया गया । वृक्षारोपण के उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बताया गया कि वृक्ष मानवता की रक्षा के लिए बहुत जरूरी हैं, वृक्ष लगाकर हम अपने पर्यावरण व परिवेश को स्वच्छ व सुन्दर बना सकते हैं । प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैये को लेकर सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने एवं वातावरण के लिए खतरनाक प्लास्टिक जैसे कई पदार्थों का उपयोग बंद करने के लिये जागरूक किया गया तथा वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण के इस महाअभियान को सफल बनाने की अपील की गयी ।

वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा । पेड़-पौधे मत करो नष्ट, साँस लेने में होगा कष्ट पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ, इस दुनिया को सुंदर बनाओ । पेड़ लगाये जीवन बचाए, इस धरती को स्वर्ग बनाये इस धरती को चलो हरा भरा बनाये, आओ मिलकर पेड़ लगाये ।

आगामी त्यौहार के दृष्टिगत जनपद के थानों द्वारा पीस कमेटी का किया गया आयोजन

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

पुलिस अधीक्षक अमेठी इलामारन जी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी विनोद कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में आगामी त्यौहार बकरीद व कांवड़ यात्रा के दृष्टिग थाना जगदीशपुर पर क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अर्पित कपूर द्वारा, थाना मोहनगंज पर क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह द्वारा, थाना मुंशीगंज पर क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन मयंक द्विवेदी द्वारा एवं जनपद के अन्य थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, एस-10, डिजिटल वॉलेंटियर्स व ग्राम चौकीदार के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी । मीटिंग में आपस में प्रेम-सौहार्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक व पालन करने हेतु अपील की गयी ।

अमेठी मुसाफिरखाना मे मिसन सक्ती अभियान

समाज जागरण मनोज यायव ब्यूरो अमेठी

महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के

तहत थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गयाह्व ।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री इलामारन जी0 के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री विनोद कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में ह्नमिशन शक्तिह्व अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा बाजारों व सार्वजनिक स्थानों व गांव में जाकर महिलाओं व बालिकाओं को1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड , 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ,उठाने के लिए 15 जुलाई तक करें आवेदन

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने बताया है कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु लाभार्थी विभागीय पोर्टल पर आनलाइन आवेदन 15 जुलाई तक कर सकते है। आवेदनकर्ता विभागीय पोर्टल पर अपना स्वयं अथवा जनसूचना केन्द्र के माध्यम से आवेदन भरने के साथ-साथ आवश्यक अभिलेख, फोटो, हस्ताक्षर, आधार की प्रति, बैंक पासबुक की प्रति, सम्बन्धित भूमि की खतौनी, जाति प्रमाण पत्र के साथ 100 रुपए के स्टाम्प पर निर्धारित शपथ पत्र के साथ निर्धारित अन्य अभिलेख मत्स्य समृद्धि फार्म भर कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। लाभार्थी का चयन प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्त पर किया जायेगा व सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये बजट की सीमा तक लाभार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। सामान्य वर्ग को निर्धारित परियोजना लागत का 40 प्रतिशत व महिला/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों को 60 प्रतिशत अनुदान योजना में देय है। योजना से सम्बन्धित आनलाइन आवेदन एवं गाइडलाइन विभागीय पोर्टल **http://fymis.upsdc.gov.in** पर देख सकते है। योजना से सम्बन्धित किसी भी जानकारी हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण कमरा नम्बर-5 विकास भवन में किसी भी कार्य दिवस पर सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

प्रधानमंत्री आवास शहरी के अपात्र लाभार्थी 12 जुलाई तक नगर पंचायत रानीगंज में प्रतिवेदन दें,

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/परियोजना निदेशक डूडा त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिये आवास शहरी के अन्तर्गत लाभार्थी व्यक्तिगत आवास निर्माण के अन्तर्गत नगर पंचायत रानीगंज की स्वीकृत डीपीआर में जो लाभार्थी अपात्र पाये गये है उन लाभार्थियों की सूची दिनांक 12 जुलाई तक सम्बन्धित नगर पंचायत में चस्पा/उपलब्ध रहेगी। निर्धारित तिथि के उपरान्त कोई भी आपत्ति नही ली जायेगी। अगर किसी भी लाभार्थी को अपात्रता में कोई आपत्ति है तो अपना प्रतिवेदन सम्बन्धित नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के पास जमा कर सकता है।

वृहद वृक्षारोपण के तहत जनपद में 33 लाख 86 हजार वृक्ष रोपित किये गये

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। प्रदेश सरकार द्वारा आज 05 जुलाई 2022 को वृहद वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत शासन द्वारा नामित प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन उत्तर प्रदेश/नोडल अधिकारी प्रतापगढ़ सुभाष चन्द्र शर्मा ने विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका के ग्राम पंचायत उपाध्यायपुर तालाब पर पौधरोपित कर वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की। वृहद वृक्षारोपण अभियान के दौरान विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वरूण सिंह सहित ग्राम प्रधान एवं आमजन मानस ने उपाध्यायपुर तालाब पर वृक्षारोपण किया। जिलाधिकारी ने इस दौरान ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि तालाबों पर लगाये गये वृक्षों को सुरक्षित रखें एवं समय-समय पर देखभाल करते रहे।

वृहद वृक्षारोपण अभियान के दौरान पौराणिक स्थल माँ चन्दिकन देवी धाम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख सचिव सुभाष चन्द्र शर्मा, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गुप्ता सहित ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान द्वारा आम, अमरूद, पीपल, बरगद, शीशम, नीम, जामुन आदि के वृक्ष रोपित किये गये। इस अवसर पर प्रमुख सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में प्रदेश में 35 करोड़ वृक्षों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके क्रम में जनपद प्रतापगढ़ को 47 लाख 40 हजार 552 वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके अन्तर्गत जनपद में आज 33 लाख 86 हजार 176 वृक्षारोपण का कार्य विभिन्न विभागों द्वारा किया जा रहा है। उन्होने कहा कि आज हम सभी लोग वृक्षारोपण कर कुदरत के साथ जुड़ने का कार्य कर रहे है, वृहद वृक्षारोपण अभियान को जन आन्दोलन के रूप में सफल बनाने के लिये प्रदेश सरकार ने संकल्प लिया है। उन्होने कहा कि जिस तरह से हम छोटे बच्चों को पाल-पोष कर बड़ा करते है उसी प्रकार से हम निःस्वार्थ भाव से पेड़-पौधों की देखभाल करनी चाहिये और पेड़-पौधे हमारी रखवाली करते है, हमें आक्सीजन प्रदान करते है। उन्होने कहा कि वृक्ष धरती का आभूषण है व पर्यावरण सन्तुलन में सहायक है, इसलिये सभी लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिये जिससे पर्यावरण का सन्तुलन बना रहे। पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे मदद करते है, ये हवा को शुद्ध करते है, पानी को संरक्षित करते है, जलवायु नियंत्रण में मदद करते है, मिट्टी की शक्ति को बरकरार रखते है और कई अन्य तरीको से समग्र पर्यावरण को लाभ पहुँचाते है। उन्होने आमजनमानस से अपील करते हुये कहा कि हर व्यक्ति अपने खेत के मेड़ के किनारे एक पौध अवश्य रोपित करें।

विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि जिस तरह से मनुष्य के जीवन में योग का महत्व है उसी प्रकार से मनुष्य के जीवन में वृक्षों का भी महत्व है, हम सभी लोगों की नैतिक जिम्मेदारी है कि जो भी वृक्ष रोपित करें उसकी सुरक्षा भी करें और शासन के वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाये। पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे मदद करते है। हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिये। विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि जनपदों में जलाशय बनाये जाये जिससे बारिश को पानी को इकट्ठा कर जलस्तर को बढ़ाया जा सके। पेड़-पौधें मनुष्य के जीवन में बहुत ही उपयोगी है, पेड़-पौधों से हमें औषधि प्राप्त होती है, वातावरण शुद्ध रहता है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कहा कि पृथ्वी पर पर्यावरण को जीवन्त बनाये रखने एवं जीवन को संजीवनी प्रदान करने के लिये वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। वृक्षारोपण से वन सम्पदा में वृद्धि होती है। वृक्ष ऑक्सीजन के उत्सर्जन के साथ ही वायुमण्डल में कार्बन डाई ऑक्साइड को नियंत्रित करते हैं। मानव व जीव-जन्तुओं के जीवन को सुखी, समृद्ध एवं वायुमण्डल को संतुलित बनाये रखने के लिये वृक्षों का विशेष महत्व है। वन हमारी प्राकृतिक आपदाओं से रक्षा करते हैं तथा धरती को जीवन्त और उपजाऊ बनाकर फल-फूल, औषधि व अन्न आदि प्रदान करते हैं। उन्होने ग्राम प्रधान सत्य नारायण से कहा कि पौराणिक स्थल माँ चन्दिकन देवी धाम में जो भी पौध रोपित किये गये है उनमें जाली लगवा दी जाये जिससे पेड़-पौधे सुरक्षित रहे और उनकी देखभाल करते रहे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने वृहद वृक्षरोपण अभियान के दौरान सम्मिलित हुये प्रमुख सचिव, विधायक गण, अधिकारियों/कर्मचारियों, जनप्रतिनिधिगण, ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान एवं अन्य सम्भ्रान्त लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने आमजन मानस से कहा कि सभी को एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिये व उसकी देखभाल करने का संकल्प भी लेना चाहिये। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा माँ चन्दिकन देवी धाम में 06 महिलाओं को फलदार वृक्ष का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त उपस्थित अतिथियों द्वारा माँ चन्दिकन देवी धाम का दर्शन भी किया गया।

उसके उपरान्त वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत प्रमुख सचिव, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पुलिस लाइन परिसर में महिला एवं पुरूष आरक्षियों के साथ वृक्षारोपण किया गया। इसके अलावा चिलबिला स्थित पालीटेक्निक, राजकीय आई0टी0आई0 परिसर में भी वृक्षारोपण किया गया। जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में विभिन्न भूमि यथा सामुदायिक, नहर, रोड, स्कूल कालेज प्रांगण, निजी काश्तकारों की भूमि आदि स्थलों को चिन्हित कर मनरेगा गाइडलाइन्स के अन्तर्गत वृक्षारोपण कराया जा रहा है।

भाजपा का सहयोगी होने के कारण बूथों को मजबूत कर केंद्र में पुनः भाजपा की सरकार बनाना एक लक्ष्य है-डॉ.बाचस्पति*

बारा विधानसभा के दर्जन भर बूथों पर विधायक ने भाजपाइयों संग बैठक कर बनाई रणनीति
विधायक ने ग्रामीणों संग चौपाल लगाकर सुनी जनसमस्याएं,निदान का दिया आदेश

राबेद्र शुक्ला जिला ब्यूरो

दैनिक समाज जागरण प्रयागराज। जनप्रतिनिधि व भाजपा के सहयोगी होने के कारण कमजोर बूथों पर पहुंच जनता के समस्याओं का सुन निदान कर भाजपा के ह्यह्यसबका

साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सबका प्रयास" को मूलमंत्र मानकर पुनः बूथ सशक्त कर भाजपा की केंद्र मे मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाना प्रथम लक्ष्य उक्त बातें विधायक बारा डॉ.बाचस्पति ने बूथ सशक्तिकरण अभियान के बैठक को नारीबारी के एक धर्मशाला मे कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कही और आगें केंद्र और राज्य की योजनाओं को बताकर कमजोर बूथों को सशक्त बनाने के लक्ष्य में लगे रहे। जगह-जगह पौधारोपड़ भी विधायक डॉ.वाचस्पति ने किया। नारीबारी के साथ सुरवल साहनी,कोहडिया,गडैया, सोनवर्षा साढाटिकट,अकौरिया, कल्याणपुर,गदामार,देवरी,वेनी,बसहरा उपरहार,ओढ़गी तरहार,जनवा,ओढगी तरहार,मदूरी,रिगंवा आदि बूथों पर भी विधायक ने बैठक कर जनचौपाल के माध्यम से समस्याओं को सुनकर निदान का भरोसा दिया। साथ में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी,मंडल अध्यक्ष नारीबारी अंजनी लाल,मंडल अध्यक्ष जसरा जगत शुक्ला, उमेश शुक्ला के साथ बूथ सशक्तिकरण अभियान के आयोजक धर्मराज पाल, दिवाकर त्रिपाठी, अखिलेश सिंह पटेल, सोमनाथ वर्मा, कप्तान सिंह, शंकरलाल पांडेय के साथ सुभाष सिंह पटेल, रत्नाकर सिंह,संतोष सिंह,सुधाकर सिंह, महामंत्री ऋषि मोदनवाल, शक्ति केंद्र संयोजक गिरीश कुमार चतुवेर्दी, राकेश कुमार केसरवानी, राजकुमार केसरवानी, प्रदीप कुमार पाण्डेय,अनिल चतुवेर्दी,प्रशांत यादव आदि रहे।

विद्युत करंट की चपेट में आने से दंपत्ति की मौत

माता पिता की मौत की जानकारी मिलते ही छोटे-छोटे तीनों बच्चे करने लगे बिलाप

एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण

कौशांबी मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेनशाह आलमाबाद गांव के माजरा सैबसा में विद्युत करंट की चपेट में आने से दंपति की मौत हो गई है दंपति की मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया है मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची स्थानीय थाना पुलिस ने मृतक दंपति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दंपति की मौत के बाद उनके तीन बच्चे रो-रोकर बेहाल है।

जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेनशाह आलमाबाद गांव के माजरा सैबसा निवासी कमल सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र गऊकरण सिंह मंगलवार की सुबह चारा मशीन में पशुओं के लिए चारा काटने के लिए जैसे ही मशीन को पकड़ा उन्हें विद्युत का तेज झटका लगा पति को तड़पते देख उनकी पत्नी शोभा देवी उम्र लगभग 35 वर्ष कमल सिंह को बचाने के लिए पहुंची जिस पर कमल के साथ उनकी पत्नी शोभा देवी भी विद्युत करंट की चपेट में आ गई पति पत्नी दोनों की मौके पर तड़प-तड़प कर मौत हो गई जैसे ही दंपति की मौत हुई उनके छोटे-छोटे दो बेटे और एक बेटी घर से बाहर निकाल आए है माता पिता की मौत की जानकारी मिलते ही छोटे-छोटे तीनों बच्चे विलाप करने लगे होहल्ला सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे विद्युत करंट से दंपति की मौत की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को लगी लोग अवाक रह गए मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने दंपत्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

बताते चलें कि गऊ करण सिंह के शिवमंगल सिंह और कमल सिंह 2 पुत्र थे शिवमंगल सिंह की पहले ही मौत हो चुकी है और कमल सिंह भी विद्युत करंट की चपेट से आने में काल के गाल में समा गया है गऊकरण सिंह की भी पहले मौत हो चुकी है परिवार में बच्चों की देख भाल के लिए कोई नहीं बचा है जिससे बच्चों का हाल बेहाल है।

स्मार्ट क्लास से डिजिटल पढ़ाई का सपना रह गया अधूरा

समाज जागरण

प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ः

प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास चलाने का आदेश जारी कर दिया गया है। कई विद्यालयों में व्यवस्था भी कर ली गई है,

बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए स्मार्ट क्लास योजना शुरू की गई। प्रोजेक्टर, कम्प्यूटर व स्क्रीन की व्यवस्था इसके लिए कराई गई। जिम्मेदारों की लापरवाही से कुंडा इलाके में एक भी स्मार्ट क्लास नहीं चल रही है।

कुंडा ब्लॉक के तीन प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट कक्षा के लिए चयनित किया गया है। जिसमें शिक्षा विभाग ने कम्पोजिट विद्यालय ताजपुर, प्राथमिक विद्यालय शहाबपुर और जमेठी को चयनित कर तकनीकी उपकरणों से सुसज्जित किया। सोमवार को जब पड़ताल की गई तो एक भी स्मार्ट क्लास चलती नहीं मिली। ताजपुर के प्रधानाध्यापक मो. फरीद खान का कहना है कि प्रोजेक्टर खराब होने से स्मार्ट क्लास नहीं चल रही है। शहाबपुर के प्रधानाध्यापक अनिल पांडेय का कहना है कि

विद्यालय में स्मार्ट क्लास के लिए लगाए गए सभी उपकरण पंचायत चुनाव के समय खोल लिए गए थे तभी से स्मार्ट क्लास नहीं चल रही है। जबकि जमेठी के प्रधानाध्यापक विजय सिंह का कहना है कि अभी स्मार्ट क्लास शुरू नहीं हो की है।

अभद्रता के बाद अवकाश पर गए बीडीओ

समाज जागरण

प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:झएक प्रधान प्रतिनिधि के अभद्रता किए जाने के बाद दहशत में आए बीडीओ उसी दिन मुख्यालय छोड़कर चले गए। सोमवार को उनका एक सप्ताह का अवकाश का पत्र आया। बीडीओ के अवकाश पर जाने से लोगों का भुगतान नहीं हो पाया। दर्जनों प्रधान फाइल लिए ब्लॉक में चक्कर लगाते रहे।बाबागंज ब्लॉक के बीडीओ जितेन्द्र यादव शनिवार को ऑफिस में काम कर रहे थे। उसी समय एक प्रधान प्रतिनिधि तीन फाइलें लेकर पहुंचे और हस्ताक्षर करने को लेकर विवाद हुआ। प्रधान प्रतिनिधि ने फाइले बीडीओ के मुंह पर मारते हुए अभद्रता किया था। जिससे नाराज बीडीओ उसी दिन ब्लॉक छोड़कर चले गए। सोमवार को उनका एक सप्ताह अवकाश पर रहने का पत्र आया। बीडीओ के अवकाश पर जाने से इलाके के प्रधानों का भुगतान रुक गया। लखनऊ से पैसा जारी होने के बाद भी बीडीओ के अभाव में भुगतान नहीं हो पाया। प्रधान पूरे दिन फाइल लिए ब्लॉक का चक्कर लगाते रहे ।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का एयरपोर्ट पर हुआ जोरदार स्वागत

यमुनापार के भाजपाइयों का एयरपोर्ट पर मौजूद रहा हूजूम

राबेद्र शुक्ला जिला ब्यूरो

दैनिक समाज जागरण प्रयागराज उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मंगलवार को प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचे जहां पर भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ने उपमुख्यमंत्री को बुके भेंट कर कार्यकताओं संग स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर अल्पसख्यक मोर्चा के क्षेत्रिय उपाध्यक्ष सरदार पतविन्दर सिंह,किसान मोर्चा क्षेत्रिय सदस्य अनुज सिंह परिहार,जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी,कातीर्केय आदि के साथ भारी संख्या में यमुनापार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रयागराज में तीर्थ पुरोहित हत्याकांड टल सकता था अगर पुलिस ने शिकायत पर कार्यवाही की होती

राबेद्र शुक्ला जिला ब्यूरो

दैनिक समाज जागरण प्रयागराज : नैनी के अरैल क्षेत्र में तीर्थ पुरोहितों के बीच यजमानी को लेकर हुए विवाद के बाद मंगलवार को फायरिंग और हत्या की घटना टाली जा सकती थी अगर पुलिस ने सोमवार को ही कार्यवाही की होती। पीड़ित पक्ष ने एक दिन पहले ही पुलिस चौकी में हमलावरों की खिलाफ लिखित शिकायत दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की। चौकी इन-चार्ज विवाद को समझने मौके पर ही नही आए।

शिकायत करने के एक दिन बाद ही सच्चा बाबा आश्रम के पास झगड़ा बढ़ने पर पुरोहित बबुआ तिवारी और उसके साथियों पर दूसरे पक्ष ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। गोली लगने से बबुआ और उसका साथी लवकुश जख्मी हो गए। दोनो को अस्पताल के जाया गया जहां बबुआ की मौत हो गयी। घटना के बाद एसपी यमुनापार से जब शिकायत दर्ज करने के बाबत पूछा गया तो उन्होंने भी

स्वीकारा की चौकी इन-चार्ज मामले को सुलझाने नही आए। हालांकी इन-चार्ज पर कार्यवाही के मामले में बोलने पर वह हिचकते रहे।

डीएम एवं एसपी ने बकरीद कॉवड़ यात्रा सावन मेला के दृष्टिगत की धर्मगुरुओं के साथ बैठक।

सोशल मीडिया पर भड़काउ पोस्ट एवं अशान्ति फैलाने वालों के विरूद्ध की जाएगी कार्यवाही।

एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण

कौशाम्बी जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा उदयन सभागार में ईदुज्जुहा बकरीद कॉवड़ यात्रा सावन मेला में कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी उप जिलाधिकारियों व क्षेत्राधिकारियों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों तथा सम्भ्रान्त नागरिकों धर्मगुरूओं के साथ पीस कमेटी की बैठक की गयी बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों क्षेत्राधिकारियों एवं थानाध्यक्षों से ईदुज्जुहा बकरीद कॉवड़ यात्रा सावन मेला में कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अब तक की गयी तैयारियों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि त्यौहारों पर विशेष सतर्कता बरती जाय तथा सम्वेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी की जाय जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाये उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष अभियान चलकार नालियों की साफ-सफाई कराने तथा टूटी नालियों की मरम्मत कराने के निर्देश दिये उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को गॉवों की नालियों की विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई कराने एवं एंण्टीलार्वा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने के भी निर्देश दिये उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को बिजली व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने तथा चिकित्साधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी की जा रही हैं। उन्होंनें कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काउ पोस्ट एवं अशान्ति फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेंगी उन्होंने कहा कि अगर कोई सामूहिक कार्यक्रम किया जाय तो उसकी अनुमति जरूर प्राप्त कर लिया जाय तथा जनपद में कोई भी असामाजिक कार्य न होने पाये उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि जनपद में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बनाये रखा जाय उन्होंने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति कोई समस्या है तो उन्हें तत्काल अवगत करायें अवश्य निराकरण किया जायेगा बैठक में उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिको धर्मगुरूओं ने कहा कि ईदुज्जुहा बकरीद कॉवड़ यात्रा सावन मेला को आपसी सौहार्द्र के साथ मनाया जायेगा तथा जनपद में कोई अप्रिय घटना नहीं होने दी जायेंगी इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह सभी उप जिलाधिकारीगण व क्षेत्राधिकारीगण एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा सम्भ्रान्त नागरिकगण एवं धर्मगुरू उपस्थित रहें।

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम डोमरी में ढाई हजार पौधे रोपित किए गए! वन महोत्सव के तहत

समाज जागरण संवाददाता वाराणसी जिला प्रशासन की तरफ से जनपद में 21 लाख से ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य है! जिलाधिकारी वाराणसी कौशल राज शर्मा जी के दिशा निर्देश पर नगर पंचायत सूजाबाद में, अधिशासी अधिकारी अजीत सिंह के देखरेख में 9700 पौधे लगने हैं आज दो हजार से ज्यादा पौधे गंगा के किनारे लगाए गए ज्यादा से ज्यादा पौधे अमरुद के लगाए गए इस विषय पर गंगा प्रहरी पर्यावरणविद दर्शन निषाद ने जानकारी दिया कि नगर पंचायत सुजाबाद और डोमरी दसको वर्ष पहले, वाराणसी और चंदौली जनपद में अमरूद की खेती के लिए प्रसिद्ध था यहां से अमरूद रामनगर राजकुमार, विभूति नारायण जी को बहुत पसंद था ! जो सपरिवार को यहां का फल प्रत्येक वर्ष सावन मास में राजा के घराने में जाता था ! इसलिए फल के खेती से आमदनी का अच्छा साधन था लेकिन शहरीकरण हो जाने के कारण हरियाली खत्म हो गई है इसलिए मियावाकी विधि से छोटे जंगल का निर्माण किया गया है अब जंगल तैयार है लेकिन फलदार खेती नहीं है इसलिए गंगा के किनारे अस्सी परसेंट अमरुद के पौधे लगाए गए ताकि अपने प्राचीन अमरूद की खेती लौट आए ऐसा ही प्रयास किया गया है मैं माननीय जिलाधिकारी साहब का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने हमारे नगर पंचायत में फलदार वृक्ष लगाने हेतु दिए हैं अधिशासी अधिकारी अजीत सिंह ने कहा कि हरियाली के साथ-साथ पर्यावरण भी हरा भरा रहेगा नगर सुंदर रहेगा और यहां के लोगों के लिए प्रत्येक सीजन में अमरुद मिलता रहेगा इससे गंगा की भूमि कटान रुकेगा वातावरण शुद्ध और हरा भरा रहे हैं इस कार्यक्रम में छोटेलाल प्रधान रौनी वर्मा, राष्ट्रीय सेवा कर्मी राजेश निषाद, श्याम सोनकर राजू पासवान संदीप रावत गंगा प्रहरी दीनदयाल गंगा प्रहरी दिनेश, गौरी शंकर शिवकुमार मुख्य रूप से नगर पंचायत के सफाई कर्मी एवं कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे !

22 may 2022:Layout 1 7/6/2022 1:06 AM Page 7

नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

पुलिस अधीक्षक गोण्डा ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे।उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना धानेपुर पुलिस ने वांछित अभियुक्त अनिल निषाद उर्फ मांगू को मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना नवाबगंज क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया था जिसके सम्बन्ध में पीडिता के पिता द्वारा थाना नवाबगंज में अभियोग पंजीकृत कराया गया था । गिरफ्तार अभियुक्त-अनिल निषाद उर्फ मांगू पुत्र गंगाराम निषाद निवासी माझा-राठ थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा

डीएम ने की महिला कल्याण विभाग के योजनाओं की समीक्षा दिये आवश्यक निर्देश दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति व राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर व चाइल्ड लाइन के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों का तत्परता से निस्तारण कराएं। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना कोविड व सामान्य, प्रवर्तकता कार्यक्रम, मिशन शक्ति 4.0, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व वन स्टॉप सेंटर आदि की भी समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी को निर्देशित किया कि वह अपने स्तर से संस्थाओं का समय-समय पर निरीक्षण करते रहें। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी संस्थाओं में जाएं, वे बच्चों के लिए चॉकलेट, टॉफी, मिष्ठान या फल आदि भी लेकर भी जाएं। यह एक सराहनीय पहल होगी तथा इससे बच्चों का मनोबल भी बढ़ेगा। उन्होंने चाइल्डलाइन के कोआर्डिनेटर आशीष मिश्रा को निर्देशित किया चाइल्डलाइन नंबर 1098 का व्यापक प्रचार प्रसार कराएं। इसके बाद जिलाधिकारी ने उ.प्र. रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष की समीक्षा की, जिसमें समिति द्वारा 6 प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गयी। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित, सीडब्लूसी अध्यक्ष प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव, चीफ कोआर्डिनेटर उपेन्द्र श्रीवास्तव, यूनीसेफ के अनिल कुमार, जेपी यादव, चन्द्रमोहन वर्मा, नेहा श्रीवास्तव, ज्योत्सना सिंह, मनोज कुमार, राजकुमार आर्य, नेहा श्रीवास्तव, देवीदयाल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

चोरी करने का वांछित अभियुक्त अवैध गाजा के साथ गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

पुलिस अधीक्षक गोण्डा ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत चोरो/लूटेरों/नकबजनों/वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने एवं चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण के लिए समस्त प्रभारी निरीक्षकों/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिये थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना इटियाथोक पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। आज दिनांक 04.07.2022 को थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर चोरी के वांछित अभियुक्त लालता सोनकर को अवैध गाँजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना इटियाथोक द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त-लालता सोनकर पुत्र साधू सोनकर निव0 बदौरा थाना नवीन मार्डन, जनपद श्रावस्ती।

अब्दुल्लागंज रेंज में ब्लाक प्रमुख ने किया पौध रोपण

बहराइच ब्लॉक नवाबगंज के अब्दुल्लागंज वन रेंज में आज वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत ब्लाक प्रमुख नवाबगंज जेपी सिंह,तथा रेंज अधिकारी हेमंतमणि त्रिपाठी ने पौधरोपण किया।रेंज अधिकारी ने बताया कि तीन लाख 52 हजार का लक्ष्य है। जिसमें 175000 पौधरोपण का कार्य आज पूरे किए गए हैं। 320 हेक्टेयर एरिया में पौधरोपण का कार्य पूरा कराया गया है। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख जेपी सिंह ने कहा कि पेड़ पौधे पर्यावरण के लिए बहुत ही आवश्यक है। पौधरोपण कार्यक्रम में ललित त्रिपाठी ,अशोक कुमार पाठक, पत्रकार संघ के अध्यक्ष एसके मद्धेशिया,भुवनभास्कर वर्मा,हाजी अनवर,शिवपूजन सिंह सहित वन दरोगा शंभू यादव,रमेश खन्ना,दर्जनों कर्मचारी वाचर मौजूद रहे।

नोडल अधिकारी महोदया की अध्यक्षता में जिला पर्यावरणीय समिति की बैठक सम्पन्न

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

नोडल अधिकारी श्रीमती कंचन वर्मा महानिरीक्षक निबन्धन स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में जिला पर्यावरणीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त सम्बन्धित विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए वृक्षारोपण के महाभियान को जन सहभागिता से बृहद स्तर पर पौधों का रोपण करने हेतु ससमय तैयारी पूरी कर ले। उन्होंने बताया कि 01 जुलाई से 07 जुलाई तक वन महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा। जिसके लिए पौध रोपण का लक्ष्य विभागवार आवंटित किया गया है। जिसमें विभागवार पौध रोपण हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने भी सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण से ही पर्यावरण में आ रहे असंतुलन को रोका जा सकेगा। वृक्ष हमारे लिए कई प्रकार से लाभदायक होते हैं। इनसे अनेक प्रकार की सुविधाएं मिलती है। यह मानव जीवन के लिए प्रकृति के अनुपम उपहार हैं। उन्होंने कहा कि वन पेड़-पौधे ही नहीं हैं अपितु ये अनेकों उपयोगी जीव-जंतुओं व औषधियों का भंडार भी हैं, इससे गिर रहे जलस्तर को भी रोका जा सकेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, डीएफओ वन विभाग आर.के. त्रिपाठी, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, समस्त उप जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सीवीओ रविंद्र सिंह राठौर, तहसीलदार सदर राजीव मोहन सक्सेना, सहकारिता अधिकारी, ईओ गोण्डा, डीडी कृषि, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीसी मनरेगा संत कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, आरटीओ विभाग, जिला उद्योग अधिकारी, एक्सईएन आर.ई.एस, एक्सईएन विद्युत, प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे 35 करोड़ वृक्षारोपण अभियान के तहत जनपद गोंडा में वृहद स्तर पर हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

आज दिनांक 05.07.2022 को शासन द्वारा चलाए जा रहे हैं 35 करोड़ वृक्षारोपण अभियान के तहत रिजर्व पुलिस लाइन गोंडा में पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन रेंज डॉ उपेंद्र अग्रवाल व अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज द्वारा वृक्षारोपण कर आमजन को अधिक से अधिक पेड़ लगाने हेतु प्रेरित/जागरूक किया गया। इसी प्रकार वृहद स्तर पर जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने अपने सर्किल तथा जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी द्वारा अपने अपने थाना/चौकी क्षेत्र में वृक्षारोपण कर अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया तथा आमजन को पेड़ लगाने हेतु जागरूक भी किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी लाइन व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नामित तीन मंत्रियों को टीम ने किया मथुरा जनपद के विकास कार्यों का निरीक्षण।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता मथुरा वृंदावन

नगला माना जैसे ही ग्राम सचिवालय बनें सभी ग्राम पंचायतों में,,,भूपेंद्र चौधरी। कैबिनेट मंत्री पंचायती राज भूपेंद्र सिंह चौधरी,आयुष खाद्य और औषधि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र उर्फ दयालु, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही की संयुक्त टीम ने जनपद मथुरा के ग्राम पंचायत नगला माना विकासखंड मथुरा में नवनिर्मित ग्राम सचिवालय का निरीक्षण किया।तत्पश्चात सामुदायिक शौचालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र को भी देखा। आंगनवाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओ की मंत्री गण ने गोद भराई की तथा नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन कार्यक्रम भी हुआ।ग्राम सचिवालय के परिसर में विकासखंड मथुरा के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित किए गए ठाकुर जी की पोशाक, टोकरी ,आर्टिफिशियल ज्वेलरी, पगड़ी आदि का निरीक्षण किया। एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से माननीय मंत्री ने तैयार वस्तुओं के मूल्य एवं इनके बाजार में विक्रय की संभावनाओं पर भी चर्चा की। मंत्री गण ने ग्राम पंचायत नगला माना के आयोजित चौपाल कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं के लाभ के विषय में वार्ता किया। चौपाल में तीनों मंत्री के अतिरिक्त जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, विधायक मांट विधायक राजेश चौधरी, विधायक बलदेव पूरन प्रकाश, गोवर्धन विधायक मेघश्याम, विधान परिषद सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व विधायक ठाकुर कारिंदा सिंह, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी डॉ नितिन गौड़, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजय कुमार सिंह,जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चौधरी, डीसी मनरेगा दुष्यंत सिंह,जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिनव मिश्रा, बीडीओ सुधा कुमारी आदि उपस्थित रहे।जनपद के विकास विभाग से संबंधित अधिकारियों के समक्ष ग्राम पंचायत में राशन की व्यवस्था, मनरेगा के कार्यों की प्रगति, स्वयं सहायता समूह के विकास कार्य, विद्युत आपूर्ति आदि पर विशेष चर्चा की गई। ग्रामीणों ने मीठे पानी के लिए टी टीएसपी की मांग की, जिस पर मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने क्षेत्र पंचायत से निर्माण कराने हेतु खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया। अंत्येष्टि स्थल की मांग भी ग्रामीणों द्वारा की गई, जिसे योजना से प्राप्त होने पर उपलब्ध कराया जाएगा। सुदृढ़ विद्युत व्यवस्था रखने हेतु अधि शासी अभियंता विद्युत को मंत्री ने निर्देशित किया। कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने ग्रामीणों से वार्ता के क्रम में विद्युत की सुचारू आपूर्ति, मीठे पानी की व्यवस्था का आश्वासन दिया एवं खंड विकास अधिकारी को तालाबों की साफ-सफाई तथा नए अमृत सरोवर बनाने के लिए निर्देशित किया। विद्यालय परिसर के बगल मंत्री गण एवं विधायक गण ने वृक्षारोपण किया एवं ग्रामीणों से पेड़ लगाने हेतु अपील भी की। चौपाल के पश्चात मंत्री गण एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों तथा मंडलायुक्त के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों पर समीक्षा की। बैठक में पीडब्ल्यूडी, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग ,चिकित्सा विभाग,जल निगम,ग्राम विकास जैसे समस्त विभागों की योजनाओं की प्रगति समीक्षा की। एवं तेजी से प्रगति कार्यों को पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। बैठक सभागार में मांट,बल्देव,गोवर्धन विधायक, एमएलसी ओम प्रकाश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, जिला अध्यक्ष भाजपा मधु शर्मा, मथुरा वृंदावन नगर निगम महापौर मुकेश आर्य बंधु, मंडलायुक्त अमित गुप्ता ,जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, मुख्य विकास अधिकारी नितिन गौड़, नगर आयुक्त अनुनय झा, एडीएम प्रशासन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजय सिंह,जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चौधरी, जिला विकास अधिकारी सुधा कुमारी, डीसी मनरेगा दुष्यंत सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिनव मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी सतीश मिश्रा,अपर मुख्य अधिकारी सुधीर टहलान, अधिशासी अभियंता विद्युत सचिन, बेसिक शिक्षा अधिकारी दीवान सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम पीके खंडेलवाल आदि मौजूद रहे

बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

जिलाधिकारी डॉ० उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि बीएड प्रवेश परीक्षा को बहुत ही कड़े निदेशों के साथ संपन्न कराया जाए। और इस परीक्षा में किसी भी परीक्षा केंद्र पर किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना होने पाए। सभी केंद्रों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गई है तथा पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि बीएड की प्रवेश परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न होगी तथा छात्र/छात्राओं के प्रवेश पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। सभी संबंधित प्रधानाचार्य एवं संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा है कि इ.ए.प्र. वेश परीक्षा में आने वाले छात्र/छात्राओं को बैठने की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, ट्राफिक आदि की व्यवस्थाओं में कहीं भी कोई समस्या न होने पाये। सभी परीक्षा केंद्रों पर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी सुरेश कुमार सोनी, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, समस्त उपजिलाधिकारी, एलबीएस पीजी कॉलेज प्राचार्य, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, डीपीओ मनोज कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित, डीपीओ प्रोवेशन, जिला गन्ना अधिकारी, प्राचार्य जीजीआईसी, प्राचार्य सरयू कन्या पाठशाला, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार, सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

स्योहारा सिरकार के आदेशानुसार चल रहे तालाबो के जीर्वोद्धार

रिपोर्ट फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

और सौन्दर्यकरण के बीच आज ग्राम अकबरपुर आशा उर्फ हरोली में स्थित तालाब में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा विधायक अशोक राणा ने पौधे लगाते हुए कहा कि पौधे ही मानव जाति के साथ समस्त प्रकृति को शुद्ध जीवन यानी आक्सीजन, फल,फूल,लकड़ी,ओषधि देते हैं पेड़ ही बाढ़ के प्रकोप को रोक सकते हैं इसलिए पृथ्वी व अपनी सुरक्षा के लिए हमे पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा भी करनी चाहिए।इस मौके पर लगभग 300 पौधे यहां लगाए गए। इस मोके पर मुख्य अतिथि धामपुर विधायक अशोक राणा, ब्लाक प्रमुख उज्जवल चौहान ,खंड विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह ,एडीओ पंचायत दिनेश, करुणा चौहान ,ग्राम पंचायत अधिकारी विवेक कुमार, माधव राणा ,टीए अरविंद कुमार ग्राम प्रधान पति निजामुद्दीन आदि मौजूद रहे।

एसएसपी ने 44 दरोगाओं के किए तबादले34 पुलिस चौकियों के प्रभारियों को किया इधर से उधर अभी और दरोगाओं के तबादले के आसार,हड़कंप

बहराइच के तेज तर्रार एसपी केशव कुमार चौधरी ने चलाया तबादला एक्सप्रेस,, उप निरीक्षकों का चला तबादला एक्सप्रेस,, कई उप निरीक्षक हुए इधर से उधर,

बहराइच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने कानून व्यवस्था चुस्त दुरूस्त करने को सोमवार देर रात 44 दरोगाओं के तबादले किए है। बड़े फेरबदल में 34 पुलिस चौकी प्रभारियों को इधर से उधर किया गया है। अभी कुछ और दरोगाओं के तबादले के आसार है। जिसके चलते पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने देहात कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक वीर पाल सिंह को नगर कोतवाली की कानूनगोपुरा पुलिस चौकी की जिम्मेदारी दी है।बौंड़ी थाने में तैनात अयोध्या सिंह को नगर कोतवाली की चौक चौकी प्रभारी का दायित्व दिया है। जबकि जरवलरोड पुलिस चौकी पर तैनात विनोद कुमार सिंह को नगर कोतवाली की रोडवेज पुलिस चौकी प्रभारी बनाया गया है ।नानपारा कस्बा पुलिस चौकी प्रभारी अनुराग प्रताप सिंह को नगर कोतवाली की सिविल लाइन पुलिस चौकी प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है । रूपईडीहा की चिकनिया पुलिस चौकी प्रभारी राज नारायण त्रिपाठी को नगर कोतवाली की जिला अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात दिवाकर तिवारी को देहात कोतवाली की तिकोनी बाग पुलिस चौकी प्रभारी , नानपारा कोतवाली की राजा बाजार पुलिस चौकी प्रभारी अमित प्रकाश को टिकोरा मोड़ पुलिस चौकी प्रभारी , कोतवाली देहात मे तैनात राजकुमार को चिलवरिया पुलिस चौकी प्रभारी बनाया गया है ।रामगांव थाने में तैनात महेन्द्र कुमार को जिला कारागार पुलिस चौकी प्रभारी ,जिला अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी अशोक कुमार को चित्तौरा पुलिस चौकी प्रभारी ,टिकोरा मोड़ पुलिस चौकी प्रभारी चंद्रशेखर प्रजापति को दरगाह गल्ला मंडी पुलिस चौकी प्रभारी ,बख्शीपुरा चौकी प्रभारी कौसर अली कुरैशी को कैसरगंज थाने , पुलिस लाइन्स से दीवान असलम खान को बख्शीपुरा चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है ।जिला कारागार पुलिस चौकी प्रभारी सुरेन्द्र प्रताप बौद्ध को हरदी थाने , बाबागंज पुलिस चौकी प्रभारी संतोष सिंह को वरिष्ठ उपनिरीक्षक नगर कोतवाली ,महसी तहसील पुलिस चौकी प्रभारी हरीश सिंह को खुटेहना पुलिस चौकी प्रभारी ,पुलिस लाइन से अमर नाथ मिश्र को मल्लांवा पुलिस चौकी प्रभारी ,चौक चौकी प्रभारी राम सुधार यादव जरवल कस्बा पुलिस चौकी प्रभारी , यूपी 112 से गजराज यादव को गंडारा पुलिस चौकी प्रभारी बनाया गया है। रिसिया थाने से नेपाल सिंह को भग्गड़वा पुलिस चौकी प्रभारी ,पुलिस लाइन से इंद्रसेन सिंह को पुरैनी बाजार पुलिस चौकी प्रभारी , रोडवेज पुलिस चौकी प्रभारी दुर्विजय सिंह रिसिया मोड़ पुलिस चौकी प्रभारी ,गल्ला मंडी पुलिस चौकी प्रभारी धनंजय तिवारी को कस्बा नानपारा पुलिस चौकी प्रभारी ,अपराध शाखा से योगेंद्र सिंह गुरगुट्टा पुलिस चौकी प्रभारी बनाया गया है कैसरगंज से राकेश कुमार सिंह को राजा बाजार पुलिस चौकी प्रभारी , दरगाह से शैलेंद्र कुमार सोनकर सनतलिया पुलिस चौकी प्रभारी , रानीपुर से समबद्ध चुनाव सेल से सूरज कुमार को जालिम नगर पुलिस चौकी प्रभारी ,मटेरा चौकी से संतोष कुमार सिंह को मिहींपुरवा पुलिस चौकी प्रभारी , कानूनगो पुरा पुलिस चौकी प्रभारी सुभाष चंद्र यादव को दौलतपुर पुलिस चौकी , रामकेश पयागपुर से बाबागंज पुलिस चौकी प्रभारी , गुरगुट्टा पुलिस चौकी प्रभारी अरूण कुमार द्विवेदी को चिकनिया पुलिस चौकी प्रभारी बनाया गया है । विशेश्वरगंज थाने से विजय कुमार को सीतापुर गांव पुलिस चौकी प्रभारी , नगर कोतवाली से नागेन्द्र सिंह शिवपुर मोहरनियां पुलिस चौकी प्रभारी , दौलतपुर पुलिस चौकी प्रभारी सुनील कुमार वर्मा अमृतपुर पुरैना पुलिस चौकी प्रभारी , हरदी थाने से आलोक सिह महसी पुलिस चौकी प्रभारी बनाए गए है। पुलिस लाइन से सुनील कुमार सिंह प्रभारी तहसील महसी प्रभारी बनाया गया है । तिकोनी बाग पुलिस चौकी प्रभारी अरविंद कुमार मिश्रा को बैवाही पुलिस चौकी प्रभारी , पुलिस लाइन से अमित प्रताप सिंह को खैरीघाट थाने , जालिम नगर पुलिस चौकी प्रभारी अवधेश द्विवेदी को वरिष्ठ उपनिरीक्षक नवाबगंज , खुटेहना पुलिस चौकी प्रभारी गजेन्द्र पांडेय को वरिष्ठ उपनिरीक्षक मुर्तिहा कोतवाली , सिविल लाइन पुलिस चौकी प्रभारी विन्देश्वरी प्रसाद यादव को वरिष्ठ उपनिरीक्षक फखरपुर, भग्गड़वा पुलिस चौकी प्रभारी अर्जुन सिंह भदौरिया को देहात कोतवाली , मिहींपुरवा पुलिस चौकी प्रभारी रविन्द्र प्रसाद वरिष्ठ उपनिरीक्षक देहात कोतवाली ,चित्तौरा पुलिस चौकी प्रभारी ओंकार यादव को वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामगांव थाने का दायित्व सौंपा गया है ।





सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने रामपुर मथुरा गेस्ट हाउस पहुंचकर आम जनमानस की समस्याओं को सुना

दैनिक समाज जागरण गौतम सिंह चौहान

रामपुर मथुरा सीतापुर सेवता विधायक ज्ञान तिवारी के द्वारा रामपुर मथुरा गेस्ट हाउस पहुंचकर आम जनमानस की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए उसके बाद ग्राम पंचायत तुलसीपुर खरिका में वृक्षारोपण किया और सभी आम जनमानस को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि वृक्ष धरती का आभूषण है हम लोगों के जीवन को सुखमय बनाने का कार्य करता है जो फल छाया ऑक्सीजन देते हैं तथा जल को शोधन करते हैं इसलिए हर व्यक्ति को वृक्ष लगाना अनिवार्य है 'तत्पश्चात विकासखंड पहुंच कर क्षेत्र पंचायत की बैठक में शामिल हुए और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का जायजा खंड विकास अधिकारी से लिया जिसमें बजट से ज्यादा कार्य कराए जाने पर नाराजगी जाहिर की और कहा की जो भी बजट आए उसका 3 गुना की कार्य करवा सकते हैं 5 वर्ष के कार्य को एक ही वर्ष में पूरा करा देंगे तो क्षेत्र पंचायत सदस्य क्या करेंगे जो भी कार्य क्षेत्र पंचायत में कराए जाएं वह क्षेत्र पंचायत सदस्य की निगरानी में होना चाहिए और प्रत्येक वीडियो को कम से कम ढाई लाख रुपए का कार्य दिया जाए और कहा सरकार की योजनाओं को सभी गरीबों तक पहुंचाने के लिए विधवा वृद्धा पेंशन के लिए इधर-उधर भटकना ना पड़े सभी लाभार्थियों को सही मार्गदर्शन देकर उनका कार्य प्राथमिकता पर करवाये जाय इस अवसर पर महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य ब्लाक प्रमुख तारा देवी खंड विकास अधिकारी ऐश्वर्य यादव खंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश मलिक जेईई कमलेश मौर्य भूषण शुक्ला लक्ष्मी नारायण मौर्य मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सतनाम सिंह तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रधान गण मौजूद रहे

कुरबानी के अवशेष इधर उधर ना फैंके : कारी इकरार

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर । नौजवान आलिमे दीन और समाजी शख्सियत कारी इकरार साहब का कहना है कि हमें चाहिए कि हम कुरबानी करने के बाद कुरबानी के अवशेष इधर उधर ना फैंके क्योंकि यह ना सिर्फ इंसानियत बल्कि इस्लामी तालीम और हुक्म के भी खिलाफ है कारी इकरार साहब ने कहा कि मुसलमानों को चाहिए कि स्थानीय स्तर पर पुलिस और प्रशासन को अपना सहयोग देकर एक अच्छे मुसलमान अगर एक अच्छे भारतीय होने का भी परिचय दें कारी इकरार साहब ने कहा कि कुरबानी एक ऐसा अमल है जो सब इबादतों में अफजल है और अल्लाह की नजर में सबसे ज्यादा मकबूल तरीन फरीजा है लिहाजा हमें भी कुरबानी के अमल का एहतराम और ख़्याल रखना चाहिए और इसका बेहतरीन एहतराम यह है कि हम कुरबानी के जानवर के अवशेष इधर उधर ना फैंके बल्कि उनको एहतराम और अदब के साथ कहीं दफन कर दें और कुरबानी का बेहतरीन ख़्याल यह है कि हम कुरबानी के गोश्त को अपने फिरिजों में ना भर कर रखें बल्कि जरूरतमंदों और मुसतहिकों में तकसीम करें कारी इकरार साहब ने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि वो ईद के त्योहार पर अपने गैर मुस्लिम दोस्तों को अपने यहां आमंत्रित करें और उनकी शानदार मेहमान नवाजी करें ताकि आपसी प्रेम और भाईचारे की एक मिसाल और नजीर कायम हो सके

वांटेड अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार कोर्ट के सामने किया पेश

रिपोर्ट मोहम्मद आबिद खान दैनिक समाज जागरण बिजनौर

जनपद बिजनौर की स्योहारा पुलिस ने लंबे समय से वांटेड चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट के सामने पेश किया है।उप निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि 1997 में आईपीसी 323 और 506 में निरूद्ध वांटेड ओमप्रकाश पुत्र हरचरण निवासी ग्राम महुपुरा थाना स्योहारा जिला बिजनौर को गिरफ्तार किया है।उप निरीक्षक ने बताया कि अदालत ने अभियुक्त के विरुद्ध गैर जमानती वारंट तथा धारा 82 और 83 के लिए भी आदेश जारी किए हैं। अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

22 may 2022:Layout 1 7/6/2022 1:06 AM Page 8

15 लीटर देशी चलाई शराब के साथ दो तस्कर गिरफतार, बाइक जप्त

समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा

बगहा, नगर थाना क्षेत्र के खैपोखरा रेल्वे ढाला के समीप बाइक पर 15 लिटर देशी चुलाई शराब के साथ दो तस्कर को पुलिस ने गिरफतार किया है। इस मामले में नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा ने बताया की हमे गुप्त सूचना मिली थी की खैरपोखरा के रास्ते शहर में शराब का खेप पहुंचने वाला है। सुचना को गंभीरता से लेते हुए एएसआई दीनदयाल प्रसाद एएसआई चितरंजन प्रसाद के नेतृत्व में छापेमारी किया है जिस दौरान खैरपोखर रेल्वे ढाला के समीप से एक बाइक पर दो 15 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ दो तस्कर को गिरफतार किया है। जिस दौरान बाइक को भी जप्त लाया गया। दोनों तस्करों की पहचाना नगर थाना अंतर्गत पुअरहाउस मोहल्ला निवासी वार्ड नंबर 35बबलू गोड और सनोज सहनी के रूप में हुई है। दोनों तस्करों के विरुद्ध थाना में कांड अंकित कर पूछताछ के बाद न्यान्य हिरासत जेल भेज दिया गया।

स्कार्पियों और बाइक की टक्कर

दर्दनाक सड़क हादसे मे बाइक सवार 3 की मौत..

समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा

जिले मे आय दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओ से लोग नही ले रहे सबक.. लौरिया के परसा मठिया गाँव के समीप की घटना...

एन एच 727 बेतिया मुख्यपथ पर लौरिया थाना क्षेत्र के परसा मठिया चौक के समीप स्कार्पियो और बाइक की आमने सामने की टक्कर में बाइक पर सवार 8 वर्ष के मासूम सहित तीन की मौत घटना स्थल पर ही हो गई है। बताया जा रहा हैं कि 8 वर्षीय बच्चे को इलाज कराने के लिए मृतक शिव मुखिया अपने साले लोटन मुखिया के साथ बाइक से मोतिहारी जा रहे थे, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 727 पर बेतिया की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी, इस दुर्घटना मे मौके पर ही बाइक पर सवार तीनो की मौत हो गई है। घटनास्थल पर पहुँची लौरिया थाना की पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक व स्कार्पियो को जप्त कर लिया हैं, । मौके से स्कार्पियो का ड्राइवर फरार हो गया, जिसकी तलाश में लौरिया थाना की पुलिस जुट गई है। वही मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया!

ग्राम स्वराज पुस्तकालय का उद्घाटन जिला परिषद् प्रतिनिधि भाई रणधीर झा के फीता काटकर किया

समाज जागरण मुरारी झा

जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज अवतरण मधुबनी जिला के हरिपुर मैं शिक्षा सेवा प्रकल्प के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार एवं गरीब परिवार के बच्चों के लिए सभी प्रकार की परीक्षाओं के पुस्तक की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए आज दिनांक 5 जुलाई 2022 को ग्राम स्वराज पुस्तकालय का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद प्रतिनिधि भाई रणधीर झा के द्वारा फीता काटकर किया ।

हरपुर दक्षिण पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि भाई सौरभ राय जी एवं आदरणीय सरपंच महोदया ललिता देवी वरिष्ठ आदरणीय नारायण झा जी प्रताप मिश्र जी मिथिला विकास संगठन के संस्थापक एवं अन्य गणमान्य की उपस्थिति में इस शुभ कार्य का शुभारंभ किया गया। आदित्य वाहिनी के संयोजक चिराग झा जी ने बताया कि अपने ग्रामीण परिवेश में सामान्य परिवार के लिए जागरूकता का अभाव को देखते हुए उनको शिक्षा के प्रति जागृति करना और उनके जीवन को आदर्श एवं समृद्धि बनाने में एक आदर्श पुस्तकालय का उपयोग करके पुस्तकालय की सार्थकता को सिद्ध करना और एक आदर्श समाज का निर्माण करना हम सब का लक्ष्य है शिक्षा से संस्कार में वृद्धि एवं समाजिक समृद्धि के लिए अति आवश्यक है मानते हुए इस पुस्तकालय को एक उच्च स्तर का पुस्तकालय बनाने के लिए समाज का प्रसिद्ध होना और इसकी विशेषता यह होगी कि इसमें आध्यात्मिक धार्मिक पुस्तकों के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी पुस्तकों का संपूर्ण संकलन एक जगह पर उपलब्ध होगा जिससे ग्रामीण समाज के बच्चों के लिए यह वरदान साबित होगा। आदित्य वाहिनी की आदित्य वाहिनी के यह पहल अन्य क्षेत्रों में भी किए जाएंगे और वहां के शिक्षक समाजसेवी और आदित्य वाहिनी के स्वयंसेवक से संपर्क साध कर के उस क्षेत्र में भी आदर्श पुस्तकालय का निर्माण किया जा सके इसके लिए आगे प्रयास जारी रहेगा और कम से कम एक ब्लॉक में एक आदर्श पुस्तकालय का निर्माण हो जिससे वहां की व्यवस्था में परिवर्तन आ सके इसके लिए आदित्य वाहिनी प्रयासरत रहेगी इसमें समाज सेवी शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि का सहयोग लेने के लिए भी प्रयासरत रहेंगे। ग्राम स्वराज पुस्तकालय हरिपुर की कोर कमेटी का भी गठन किया गया जिस के संयोजक संघर्षशील युवा श्री नाथ मंडल जी को बनाया गया जिनका विगत वर्षों में ग्रामीण परिवेश में रह रहे गरीबों को संगठित करने में अभूतपूर्व योगदान रहा है उनके नेतृत्व में संचालक कमेटी का गठन किया जाएगा और यह कमेटी इस को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

अलखिदमत लीलखल्क फाउंडेशन के माध्यम से पाँच पंचायत में शिक्षक का हुआ नियुक्ति

समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा

अलखिदमत लीलखल्क जो केंद्र सरकार से मंजूरी की गई संस्था फाउंडेशन के माध्यम से पाँच पंचायतो में शिक्षक का बहाली किया गया जिसमें एक पाली नगर पंचायत से सवनम प्रवीण को नियुक्त कर दिया गया है वही कई अन्य पंचायतों में फॉउंडेशन के द्वारा शिक्षक का नियुक्ति करनी है जिसको लेकर सभी ग्राम पंचायत के अध्यक्ष को सूचना दे दिया गया है जिसमें पंचायत ब्रह्मपुरा , मसवासी पंचायत ,अलीनगर पंचायत, पररी जयदेवपट्टी पंचायत में शिक्षक को नियुक्त किया जाना है ।

फाउंडेशन के द्वारा मसर्रत प्रवीण , पिता इस्लाम नगर पंचायत पाली वार्ड नंबर एक का स्थाई निवासी है मसर्रत प्रवीण लगभग कई दिनों से मानसिक रूप से बिमार है। उसके घर में इनकम का कोई स्रोत नहीं होने के कारण बेचारी उसकी मां मेहनत मजदूरी करके किसी तरह परिवार को चलाती है पैसे के आभाव के कारण लगभग तीन महीने से बच्ची बीमार थी सीरियस हालत होने के कारण फाउंडेशन के राष्ट्रीय (अध्यक्ष) सदरे आलम इलाज का जिम्मा लिया है। जहाँ टीचर का बहाली होने पर गरीब के बच्चों में जगा पढने का जोश जज्बा जिसमें गरीब के बच्चे को फ्री में एजुकेशन दिया जायेगा प्रखंड स्तरीय पाँच टीचर का बहाली किया जाएगा ।

उसमें से गरीब कस्बे के बच्चे को हॉस्टल कि व्यवस्था कर दिया है जाएगा उसके साथ साथ कॉपी कलम कपड़ा खाना सारा व्यवस्था फाउंडेशन के तरफ से और बहुत सारी व्यवस्था की करना है ।

जिसमें गरीब की बच्ची की शादी, इलाज दवा, प्रदेश अध्यक्ष सदरे आलम

खुंखार बाघों के बीच जंगल में फंसी रही हजारों यात्रियों की जिंदगी, बंदरों के कारण दो घंटे तक ठप हो गई थी रेल सेवाएं

समाज जागरण
बेतिया ब्यूरो मुरारी कुमार

बेतिया:बाघों को देखकर ही रौंगटे खड़े हो जाते हैं। फिर जब घने जंगलों के बीच इन खुंखार बाघों के बीच दो घंटे बिताना पड़े तो क्या स्थिति होगी यह समझा जा सकता है। बीते सोमवार को ऐसे ही खौफ का सामना बरौनी अवध एक्सप्रेस के यात्रियों को उठाना पड़ा। गोरखपुर नरकटियागंज रेल खंड के वाल्मीकि नगर टाइगर रिजर्व एरिया में रेलवे की ओवरहेड बिजली तार टूट गया। उस समय ट्रेन वाल्मिकी नगर टाइगर रिजर्व के एरिया में मौजूद थी। तार टूटने के कारण ट्रेन को जंगल में रोकना पड़ा।

बीच जंगल ट्रेन रुक जाने के बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया। एक तो ट्रेन बीच जंगल में रुकी, दूसरा वो भी बाघों वाले इलाके में। ऐसे में परेशान होना भी लाजिमी था। इसी वजह से काफी यात्री अपने कोच को बंद कर अंदर दुबके रहे तो वहीं काफी यात्री बिना डरे जंगल में रेल

ट्रैक पर बैठे रहे। वहीं जब इस मामले की सूचना मिली तो रेल विभाग में हड़कंप मच गया। रेलवे के अधिकारी आवागमन को बहाल करने के लिए पहुंचे। इस दौरान लगभग दो घंटे तक अवध एक्सप्रेस जंगल में अटकी रही और उसके पैसेंजर परेशान रहे।बताया जाता है कि वाल्मिकी नगर टाइगर रिजर्व में इस वक्त 50 के करीब बाघ हैं। कुछ दिन पहले बाघों ने आम लोगों को अपना निशाना भी बनाया था। ऐसे में जब पूरी ट्रेन ही बाघों से भरे जंगल में दो घंटे तक खड़ी रही। वहीं तार टूटने की जवह से सप्तक्रांति एक्सप्रेस समेत कई ट्रेन को अलग-अलग स्टेशनों पर रोका गया। रेलवे कर्मचारियों की घंटों की मशक्कत के बाद टूटे तार को ठीक किया गया जिसके बाद परिचालन सामान्य हो सका। रेलवे ने बताया कि जंगल में उत्पाती बंदरों ने ओएचई के तार को तोड़ दिया था।

बगहा:वर्ग नवम में नामांकन के लिए नार्थ बिहार सुगर्स मिल्स हाई स्कूल नरईपर के द्वारा निकाली गई रैली।

आगामी 15 जुलाई तक प्रवेशोत्सव अभियान के तहत स्कूल से बाहर के छात्रों का स्कूल में नामांकन कराना हैं : प्राचार्य मार्कण्डेय सिंह

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

बगहा।प्रवेशोत्सव विशेष नामांकन अभियान को सफल बनाये जाने को लेकर मंगलवार को प्लस टू नार्थ बिहार सुगर्स मिल्स हाई स्कूल नरईपर बगहा दो के द्वारा विशाल रैली निकाली गई।विशाल रैली का नेतृत्व स्कूल के प्राचार्य मार्कण्डेय सिंह द्वारा किया गयाजिसमें स्कूल के तमाम छात्र एवं शिक्षक भी सम्मिलित हुए।जिसमें वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण आठवीं वर्ग के शत प्रतिशत छात्र का नामांकन वर्ग नवम में सुनिश्चित करने के लिए 15 जुलाई तक अभियान चलाया जाना है।जिसको लेकर प्रवेशोत्सव अभियान को लेकर विशाल रैली में छात्र व शिक्षकों ने पोषक क्षेत्र के अलग-अलग मार्गों से होकर अभिभावकों को नामांकन अभियान के लिए प्रेरित किया। स्कूल के प्राचार्य मार्कण्डेय सिंह ने कहा

कि 1 जुलाई से लेकर आगामी 15 जुलाई तक प्रवेशोत्सव अभियान के तहत स्कूल से बाहर के छात्र सबको स्कूल में नामांकन कराना है।जिसके लिए स्कूल परिसर से लेकर आस पास के पोषक क्षेत्रों में प्रवेशोत्सव अभियान को लेकर विशाल रैली निकाली गई और स्लोगन के माध्यम शिक्षकों व छात्रों ने अभिवावकों को जागरूक किया।जिसका उद्देश्य छात्र सबको स्कूल से जोड़कर शिक्षित बनाना है। हरेक छात्र शिक्षित हो। यही मुख्य उद्देश्य है और स्कूल में शत प्रतिशत छात्रों का नामांकन कराना हैं।मौके पर शिक्षक चंद्रशेखर कुमार राव,मनोज कुमार, मोफिर्जुरहमान,राशिद एकबाल, प्रभु राम,पुस्तकालय अध्यक्षा पूर्णिमा कुमारी,लिपिक अशोक कुमार सिंह,आदेशपाल अबुल हाशिम सहित तमाम छात्र मौजूद रहे।

गौनाहा वार्ड सदस्य प्रभार को लेकर वार्ड संघ द्वारा बीडीयो को सौंपा गया मांग पत्र।

3 दिनों के अंदर कार्रवाई नहीं होने पर वार्ड संघ द्वारा जन आंदोलन के साथ सामूहिक इस्तीफा की चेतावनी।

समाज जागरण मोहम्मद आजाद

गौनाहा / मंगलवार को प्रखंड वार्ड संघ के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर वार्ड सदस्य अधिकार को लेकर संघ द्वारा 5 जुलाई को प्रखंड कार्यालय के समक्ष अपनी मांग पत्र सौंपी है। संघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि साहेब आलम, उपाध्यक्ष सुनील, चौधरी कोषाध्यक्ष रामक्षत्ररी यादव, मीडिया प्रभारी संदीप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी रंजन कुमार, द्वारा बताया गया कि पंचायत चुनाव संपन्न हुए 8 महीने बीत गया। लेकिन अब तक नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को पूर्ण प्रभार नहीं मिलने के कारण प्रखंड प्रशासन के समक्ष कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है। लेकिन अब तक प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय प्रकाश राय द्वारा कोई भी संतोषजनक कार्रवाई नहीं करने के कारण प्रखंड के सभी वार्ड सदस्यो

मे भारी आक्रोश है। जिसको लेकर आज फिर से अपनी मांग पत्र प्रखंड कार्यालय को दिए हैं। यदि प्रखंड प्रशासन द्वारा 3 दिनों के अंदर वार्ड सदस्य को पूर्ण प्रभार, पंचायतों में कार्यकारिणी समिति की गठन, मुखिया द्वारा की जा रही पंचायत मे होने वाले विकास कार्यों में पारदर्शिता इत्यादि समस्याओं को लेकर समाधान नहीं किया गया तो चौथे दिन प्रखंड के सभी वार्ड सदस्य सामूहिक रूप से प्रखंड कार्यालय के समक्ष अपना इस्तीफा देते हुए जन आंदोलन के लिए विवश होंगे। जिसकी सारी जिम्मेवारी एवं जवाबदेही प्रखंड प्रशासन की होगी। इस अवसर पर वार्ड संघ के सदस्य शांति देवी, रीना देवी, संजय सिंह, गुलरेज आलम, चंदा देवी, रंजना देवी, नीलम देवी, मुकेश पासवान, विनोद काजी, नमसे आलम खान, शेख नियाज अहमद, मीरा देवी, प्रिया देवी, सीता देवी, फूलमती देवी आदि सैकड़ों वाद सदस्य उपस्थित रहे।

त्रिवेणी केनाल डायवर्सन ध्वस्त, बढ़ी परेशानी, जान जोखिम में डाल कर आवागमन को मजबूर राहगीर।

समाज जागरण मोहम्मद आजाद

गौनाहा / प्रखंड अंतर्गत डरौल पंचायत के शेराहवा भुस्की चौक स्थित त्रिवेणी केनाल मे बनाई गई डायवर्सन पूरी तरह ध्वस्त हो गई है जिसके कारण आवागमन बाधित हो गया है। विदित हो कि उक्त चौक स्थित त्रिवेणी केनाल पुल बरसों से क्षतिग्रस्त था जिसके नव निर्मा कार्य प्रगति पर होने के कारण पुल से पश्चिम दिशा में आवागमन के लिए डायवर्सन बनवाया गया था। जो हाल फिलहाल बारिश के कारण त्रिवेणी नहर का जल स्तर बढ़ने से कई दिन पहले डायवर्शन ध्वस्त हो गया है। लेकिन अब तक जल संसाधन विभाग या संवेदक द्वारा उसे दुरुस्त नहीं करवाया गया जिससे आवागमन बहाल हो सके । नरकटियागंज से थरुहट क्षेत्र को जोड़ने विला यह मार्ग अति महत्वपूर्ण है इसी रास्ते से शाही ट्रैवल्स की चार बसे प्रतिदिन

बेतिया से नरकटियागंज शेरहवा मस्जिदवा तथा मटियरीया थाना तक आती जाती है जो आज कई दिनों से मार्ग बदलकर आवाजाही कर रही है। जिससे क्षेत्र के लोगों को यात्रा करने में भारी असुविधा हो रही है। स्थानीय ग्रामीणो द्वारा बताया गया कि पुल निर्माण से पूर्व बनाए गए डायवर्सन को एकदम कमजोर बनाया गया था यदि इसे पहले ही मजबूत बनाया गया होता तो आज हजारों लोगों को आवाजाही में असुविधा नहीं होती। अभी पुल निर्माण कार्य पूर्ण होने में कई महीनो लग सकता हैं। ऊपर से बरसात का सीजन भी शुरू हो गया है यदि इस रास्ते से आवागमन बाधित रहा तो इस क्षेत्र के लोगों को कई कोस दूरी तय कर आना जाना पड़ेगा ।

पति के शव से लिपट पत्नी ने तोड़ी दम एक साथ उठी दो अर्थी

समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा

दरभंगा जिला के तारडीह में जन्म जन्म का साथ है हमारा तुम्हारा.... इस गीत के अल्फाज मछैता पचही टोल के रहने वाले सुधीर झा एवं उनकी पत्नी निर्मला देवी के जीवन पर सटीक बैठती है।

बीमार पति की मौत के चंद घंटे बाद ही पत्नी निर्मला देवी ने भी अपने प्राण त्याग दिए। पति के मौत के गम में उनका भी प्राण निकल गया।बुजुर्ग दंपति की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।परिजनों ने गमगीन माहौल में दंपति का एक साथ अर्थी निकाला तो ग्रामीणों के आंखों से बरबस ही अश्रु धारा बहने लगी। बुजुर्ग दंपति की मौत क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई।

ग्रामीणों का कहना है कि दोनों बड़े ही धर्म परायण एवं सात्विक विचार के धनी थे। लोगों के साथ काफी मधुर संबंध था।

मालूम हो कि सुधीर झा का रविवार की सुबह पटना में इलाज के दौरान निधन हो गया था। निर्मला देवी अपने

छोटे पुत्र चंदन झा के साथ पति का शव लेकर स्वयं देर शाम दरभंगा अपने आवास पर आई थी।घर में पिता और पति की मौत से माहौल गमगीन था।बड़ा पुत्र धीरज झा जो पिता की मौत की सूचना पर रविवार को ही देर शाम घर पहुंचने पर उन्होंने कहा 'मां के आखिरी अल्फाज थे कि ले अब अपन राजपाट संभाल हम हूं अब जाय छियौ' कहकर पिता के शव से लिपट कर बेहोश हो गई और उनके प्राण छूट गए।

घटना के बाद से विवाहिता पुत्री राखी झा के साथ परिजनों में कोहराम मच गया है।वही मृतक दंपति अपने पीछे 2 पुत्र एक पुत्री एवं नाति पोता सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर चले गए।घटना की सूचना पर मृतक दंपति के आखिरी दर्शन को लेकर लोगों की भीड़ उम्र पड़ी।दोनों मृतक दंपति का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर उनके पैतृक गांव पचही मछैता में हुआ।

बड़े पुत्र धीरज झा ने अपने मां पिता को मुखाग्नि दी।

जनता दल यूनाइटेड का सदस्यता मिलन समारोह सुरेंद्र कुशवाहा जदयू मे शामिल

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की उपस्थिति मे जदयू मे शामिल हुए सुरेंद्र कुशवाहा।

जनता दल यूनाइटेड ने सदस्यता मिलन समारोह का आयोजन किया, इस आयोजन मे जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा उपस्थित हुए। जदयू के इस मिलन समारोह में रालोसपा के प्रदेश संयुक्त सचिव रहे सुरेंद्र कुशवाहा अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की जदयू की सदस्यता ग्रहण की ।इस दौरान सुरेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि उपेंद्र कुशवाहा से उनका पुराना राजनीतिक संबंध था ऐसे वे उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं । सुरेन्द्र कुशवाहा के सदस्यता ग्रहण पर जदयू के वरिष्ठ नेता दयाशंकर सिंह ,जिला प्रवक्ता राकेश सिंह,भुतपूर्व विधायक प्रभात रंजन सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि जोगिंदर सिंह ,सांसद प्रतिनिधि योगी कुशवाहा, दलित कार्यसमिति के सदस्य शंभू डोम, जिला परिषद अध्यक्ष निर्भय महतो, ने बधाई दी, पूर्व एमएलसी राजेश राम ने अपने संबोधन में कहा की सुरेंद्र कुशवाहा के पार्टी में शामिल होने से पार्टी के

संगठन को मजबूती मिलेगी, सुरेंद्र कुशवाहा सभी तबको में लोकप्रिय हैं। मिलन समारोह की अध्यक्षता जेडीयू के जिलाध्यक्ष भीष्म साहनी व संचालन विजय पांडे ने किया । इससे पहले उपेंद्र कुशवाहा रविवार की देर शाम वाल्मीमिकनगर पहुंच थे। सोमावर को उन्होने वाल्मीकीनगर के भेडीहारी में दलित बस्ती मे जाकर दलित परिवारों के लोगो के बीच भोजन कर सामाजिक समानता का संदेश दिया। जदयू कार्यकताओं ने उपेंद्र कुशवाहा के बगहा आगमन पर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर जदयू के वरिष्ठ नेता कैलाश बैठा, लक्ष्मी खत्री, बिंदी देवी, आरती देवी, निवेदिता मिश्रा,शांति देवी, सुरेन्द्र बैठा, ग्यासुद्दीन, मुन्ना सिंह, ओम प्रकाश शाही, राजु मिश्रा, विनोद कुशवाहा ,,महेश्वर काजी, इम्तियाज अहमद, सतेंद्र कुमार, के साथ जदयू के कार्यकर्त्ता उपस्थिति रहे!

रामनगर में फरोगे उर्दू कॉन्फ्रेंस मैं भारी भीड़ उमड़ी ।

समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा

रामनगर, 4जून।माइनॉरिटी वेलफेयर एंड प्रमोशन ऑफ उर्दू मोमेंट के तत्वधान में एक विशाल फरोगे उर्दू कॉन्फ्रेंस रामनगर के मुगल खान हॉल में रविवार को हुआ। जिसमें नगर व ग्रामीण क्षेत्रों जिनमें रामनगर, बगहा, लौरिया, नरकटियागंज, देवराज, सब्या, वाल्मीकिनगर आदि से लोग फरोगे उर्दू कॉन्फ्रेंस में विशाल भीड़ के साथ मौजूद थे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन दीप जलाकर बगहा अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमाार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में माइनॉरिटी वेलफेयर एंड प्रमोशन ऑफ उर्दू मोमेंट चेयरमैन सह मशहूर शायर डॉ शकील मोईन का संबोधन हुआ। कार्यक्ररम का संचालन प्रोफेसर इसरार अहमद ने किया। संगठन के उद्देश्यों को डॉ जफर इमाम कादरी ने बताया। इस क्षेत्र में उर्दू को जमीनी स्तर पर स्थापित करने सार्थक प्रयास के रूप में माना गया। इस संगठन के द्वारा पूरे बिहार मे अलग-अलग जगहों पर उर्दू भाषा को सार्थक पहल एवं जमीनी कोशिश की जा रही है। इस प्रयास को पूरे चारों तरफ क्षेत्रों में उर्दू भाषा को प्राथमिकता के साथ सराहा जा रहा है। कार्यक्रम में बगहा अनुमंडल के डीसीएलआर मोहम्मद इमरान, रामनगर डीएसपी भी मौजूद थे। उर्दू भाषा को और भी मजबूत करने के लिए बिहार के कई जिला से पहुंचे बुद्धिजीवी इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

जिनमें गया से डॉ आमिर खान, मुजफ्फरपुर से आबदा स्कूल के सेक्रेटरी डॉ मोहम्मद रईस , डॉ खुर्शीद अनवर अरमान, नदीम खान, सिवान से इस्लामिया कॉलेज के सेक्रेटरी जफर गनी, प्रोफेसर इसरार अहमद के द्वारा

सारगर्भित संबोधन से लोगों को उत्साहित एवं उत्प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम का स्वागत समिति के संरक्षक डॉ मोतिउर रहमान, हाजी रिजवानुउल्ला, अध्यक्ष मुखिया संघ अफसर इमाम, सचिन शेख औरंगजेब,नौशेर आलम आए हुए मेहमानों का पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र से सम्मानित किया। फरोगे उर्दू कॉन्फ्रेंस में नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से विशाल भीड़ पहुंची।

राष्ट्रीय जनता दल के 26 वां स्थापना दिवस व सदस्यता अभियान आयोजित किया गया बैठक।

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

बगहा-2 अंतर्गत राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय रामधनी कंपलेक्स परिसर में 26 वां स्थापना दिवस पर बैठक कर विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया. बैठक की अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष विजय कुमार महतो ने किया वही संचालन आलमगीर अंबानी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि राजद के बगहा प्रभारी व पूर्व विधायक हरसिद्धि के राजेंद्र राम द्वारा इस कार्यक्रम में पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बताया कि यह पार्टी पूर्व से गरीब और दलित शोषित सभी प्रकार के लोगों के लिए कार्य करती आ रही है उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रही डबल इंजन की सरकार लोगों की शोषण कर रही है साथी महंगाई शिक्षा स्वास्थ्य एवं सभी प्रकार के भ्रष्टाचार आदिपुर बढ़ावा दे रही है वहीं उन्होंने पार्टी सदस्यता के अभियान को लेकर गांव गांव तक अभियान चलाकर सभासद बनाएं

काशी पार्टी का और विस्तार हो सके. उन्होंने कार्यकताओं के साथ हर एक बिंदु पर चर्चा करते हुए जानकारी ली . वही युवा राजद के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल युवा राष्ट्रीय जनता दल बगहा पुलिस जिला के तरफ से राष्ट्रीय जनता दल क के 26 वें स्थापना दिवस वह विशेष सदस्यता अभियान सिल्वर जुबली के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है जो आने वाले समय में उखाड़ कर फेंक देना है उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव गांव जाकर सदस्यता अभियान पर चलाएं और अधिक से अधिक सदस्य बनाएं जिससे पार्टी मजबूत हो सके। इस कार्यक्रम में उपस्थित बगहा पुलिस जिला के जिला महासचिव विनोद यादव, ने भी सदस्यता अभियान को ले कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए दूर जाकर सदस्यता अभियान चला रहे हैं ताकि मेरी पार्टी मजबूत हो और आने वाली 2025 में बिहार में सरकार बन सकें. मुकेश कुशवाहा ओम प्रकाश यादव सुनील कुमार सुमन राधे श्याम प्रसाद लक्ष्मीना देवी दीपक शुक्ला शिव नारायण यादव जावेद अख्तर आलम लाल बाबू साह रामेश्वर यादव आदि उपस्थित रहे.

सृजनशीलता के साथ राष्ट्र प्रथम का भाव सिखाती है एबीवीपी: साक्षी सिंह

सर्जना निखार शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री साक्षी सिंह

समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दरभंगा इकाई द्वारा 5 जुलाई को सर्जना निखार शिविर के समापन समारोह में विविध विधाओं से सजी प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात समापन समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय मंत्री साक्षी सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् सदैव से ही छात्र-छात्राओं की अंतर्निहित प्रतिभा को निखारने तथा उनके अंदर के राष्ट्रभाव को जागृत व प्रकट करने का अवसर देते रही है। युवाओं की शक्ति को रचनात्मक गतिविधियों में लगाकर राष्ट्र हित के लिए तैयार करने वाला विश्वविद्यालय है विद्यार्थी परिषद्। जहां एक तरफ 'मिशन साहसी' के माध्यम से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने लाखों छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने व आत्मविश्वास पैदा करने में सफलता पाई है वहीं ऋतुमती अभियान के माध्यम से महिला स्वास्थ्य के लिए मुहिम चला रखा है। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के मत, पंथ, संप्रदाय से निरपेक्ष होकर अभाविप सदैव ही राष्ट्र प्रथम का भाव सिखाने वाले संगठन का नाम है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्।

विशिष्ट अतिथि कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. शशिनाथ झा ने संबोधित करते हुए पिछले 15 वर्षों से अभाविप दरभंगा के द्वारा सतत रूप से आयोजित होते आ रहे "सर्जना निखार शिविर" की सराहना की तथा प्रशिक्षकों को जामवंत तो शिक्षार्थियों को हनुमान की संज्ञा दी। कला को ईश्वर की कृति बताते हुए प्रशिक्षित छात्राओं के कला प्रदर्शन व प्रदर्शनी की उन्होंने भूरि-भूरि प्रशंसा कि।

कार्यक्रम में विषय प्रवेश कराते हुए प्रदेश सह मंत्री पूजा कश्यप ने कहा कि विगत 15 वर्षों से पूरे भारत भर में दरभंगा इकाई के कार्यक्रम सर्जना निखार शिविर की चर्चा होती है। पूरे 1 महीने तक चलने वाले इस शिविर में छात्राओं के अंदर की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनको विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। कोरोना से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण पिछले 2 वर्ष में इस शिविर का आयोजन नहीं हो पाया था। पुनः शुरू हुए इस शिविर में सैकड़ों छात्राएं हिस्सा ली हैं।

विभाग संयोजक उत्सव परासर ने बताया कि 2 वर्षों के बाद आयोजित हो रहे इस शिविर में उत्साह पूर्ण ढंग से छात्राएं भाग ली हैं तथा इसके समापन समारोह में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री सुश्री साक्षी सिंह, क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल जी, प्रदेश सह संगठन मंत्री अजीत उपाध्याय जी की विशेष उपस्थिति से जिले भर के कार्यकताओं में उत्साह की लहर दिखी है।

जिला संयोजक हरिओम झा तथा नगर सह मंत्री अणिमा सिन्हा ने कार्यक्रम का संचालन किया। समापन समारोह में विविध विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली दर्जनों छात्राएं अपने संगीत, नृत्य, पेंटिंग, सिक्की आर्ट, भाषण कला, समाचार लेखन आदि कौशल का प्रदर्शन की तथा अपना अनुभव प्रकट किया।

कार्यक्रम में विविध विधाओं का प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों यथा आरबी ठाकुर, अनुराधा लाला, मोहित पाण्डेय, श्रेया सिंह, ए के झा, प्रजेश कुमार झा, राहुल सिंह, अनामिका कुमारी, आंचल कुमारी, सत्येन्द्र झा, विशाल कुमार, संतोष दत्त झा आदि को सम्मानित किया गया।

नगर मंत्री सूरज ठाकुर ने मैथिली भाषा में बोलते हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के आयोजन में नीली रानी, दीपशिखा, गुड़िया, सिम्मी ठाकुर, काजल, निधि, राहुल सिंह, अनीश श्रीवास्तव, कौशल झा, रवि यादव, अमित शुक्ला, अमित वत्सल, वागीश झा, ऋषिकेश आचार्या, राघव आचार्य, आनंद कुमार, शुभम चौधरी, सूरज चौधरी, नीतीश मिश्रा, उज्ज्वल राज, शिव सुंदर कुमार, सुमित सिंह, आशुतोष गौरव, सुमन सिंह, आर्यन सिंह, सुमित मिश्रा, नीली, मंगल जी, राजेश कुमार आदि का विशेष योगदान के साथ उपस्थित रहे।

वन्दे मातरम् के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

वजीरगंज प्रखंड के हम पार्टी की सदस्यता अभियान को लेकर की बैठक

हम पार्टी चले गांव की ओर कार्यक्रम को लेकर आज पहुंचेंगे पार्टी के कई दिग्गज

वजीरगंज (गया)वजीरगंज प्रखंड के हम पार्टी के प्रखंड इकाई के सदस्यों की एक खास आज दिनांक वजीरगंज प्रखंड मुख्यालय में किया गया ,जिसमें यह निर्णय लिया गया कि 5 जुलाई को हम पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश के पदाधिकारी गण को वजीरगंज आगमन पर वजीरगंज प्रखंड के

सभी कार्यकर्ता गण सदस्यता अभियान को लेकर जागरूकता अभियान चलाएंगे एवं हम पार्टी के हाथों को मजबूत करना है इस मौके पर प्रखंड के सभी पंचायत स्तर पर बैठक करने का निर्णय लिया गया इस मौके पर जिला से आए जिला सचिव उमेश मांझी, जिला महासचिव सुनील कुमार मांझी,जिला सचिव विकास पासवान,प्रखंड अध्यक्ष रामबली मांझी, महिला प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष सावित्री कुमारी, प्रखंड मीडिया प्रभारी दयाल कुमार मांझी, प्रखंड महासचिव हुलास मांझी ,इमरान खान, सुरेंद्र कुमार ,संजय कुमार,अनिल मांझी,, कपिल मांझी ,गिरानी मांझी ,पुलिस मांझी, राजकुमार मांझी, बीरबल मांझी, आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

चाकू से युवक को जख्मी करने के मामले में आठ नामजद समेत 20 के विरुद्ध प्राथमिकी

चाकू मारने के बाद जख्मी के चाचा के दुकान में लूटपाट करने का भी लगा आरोप

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):- सोमवार की देर शाम युवक पर चाकू से प्रहार कर जख्मी कर देने के मामले में जख्मी के चाचा सौर चंडीपुर ग्रामीण सह किराना दुकानदार चुनचुन सिंह के आवेदन पर आठ नामजद एवं 11 अज्ञात के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के सौर चंडीपुर ग्रामीण सुरेंद्र सिंह के पुत्र चुनचुन कुमार ने अपने भतीजा शिवम कुमार को चाकू से हमला कर जख्मी कर देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करवा पुलिस से बदमाशो पर कड़ी कार्रवाई की मांग किया है। थाना को दिए आवेदन में पीडित के चाचा चुनचुन सिंह ने कहा कि घटना के समय बदमाशों ने दुकान मे रखा नगद 53 हजार रुपया नकद लूट की शिकायत किया है। इस मामले में आठ नामजद सहित 11 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

दिए गए आवेदन में कहा गया है कि सोमवार की शाम को अपने भतीजा के साथ दुकान में बैठा हुआ था। इसी बीच थाना क्षेत्र के मलूका बीघा ग्रामीण चंद्रभूषण कुमार, विनय यादव, कमलेश यादव ,गुलेश्वर यादव, राहुल कुमार ड्राइवर, छोटे उर्फ गोलकी यादव, सिंटू यादव, वीरेश यादव सहित कुल 20 की संख्या में आए आरोपियों ने मेरा भतीजा शिवम पर हमला कर दिया। हमला कर शिवम को जख्मी करने के बाद आरोपीतों ने मेरे दुकान के काउंटर में रखा चार लाख 53 हजार नकदी सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गया। कहा गया है कि घटना में शामिल सभी आरोपी बालू के अवैध कारोबार से जुड़े हैं।

बालू लदा एक ट्रैक्टर समेत वाईक जब्त, प्राथमिकी दर्ज

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज पुलिस ने सोमवार की शाम बाजार के पटेल चौक के पास से छापेमारी कर एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया है। जब्त ट्रैक्टर को स्थानीय थाना लाने के क्रम मे एक वाईक सवार युवक ने पुलिस वाहन को चकमा दे कर ट्रैक्टर को भागने का प्रयास किया जाने लगा। तब पुलिस ने ट्रैक्टर भागने के प्रयास में शामिल युवक को पकड़ने के लिए खदेड़ा। तब युवक वाईक छोड़ भाग निकला। बाद में पुलिस ने ट्रैक्टर के साथ वाईक को भी जप्त कर थाना लाई। जांचोपरांत प्राथमिकी दर्ज कर ट्रैक्टर मालिक चालक व रस्ता रोकने के प्रयास में शामिल युवक के विरुद्ध कारवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

राष्ट्रीय जनता दल का 26वां स्थापना दिवस पर औरंगाबाद शहर में चलाया गया विशेष सदस्यता अभियान

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबाद:(बिहार)

बिहार - सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश उपाध्यक्ष, डॉक्टर सुरेश पासवान ने कहा है कि राष्ट्रीय जनता दल का 26वां स्थापना दिवस अवसर पर जिला मुख्यालय औरंगाबाद स्थित रमेश चौक सहित शहर के विभिन्न वार्डों में

राजद का विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया' विशेष रूप से किसान, मजदूर एवं युवा पीढ़ी की अभिरुचि काफी रही! हरेक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम 40,000 (चालीस) हजार सदस्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है ! सभी नेता, कार्यकर्ता अपने - अपने इलाके में जोर - शोर से सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए लगे हुए है '

शुभारंभः रिलायंस स्मार्ट का उद्घाटन, लोगों को मिलेगी सुविधा

समाज जागरण नवादा (आर्यन मोहन)

नवादा:-जिलें में स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर के पास मंगलवार को रिलायंस स्मार्ट का उद्घाटन हुआ।रिलायंस स्मार्ट के हेड के द्वारा फीता काटकर इसका उद्घाटन किया गया।प्रतिष्ठान का उद्घाटन होने से लोगों को काफी सुविधा मिल रही है। नवादा के लोगों के लिए घरेलू समाग्री के जरूरत के सारे सामान एक छत के नीचे उपलब्ध

है।चावल,दाल,हरी ताजी सब्जी, कोल्ड ड्रिंक, कॉस्मेटिक के सारे सामान एवं घरेलू सारी समाग्री उपलब्ध होने से ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी।कई ग्राहकों ने अपना-अपना फीडबैक में बताया कि रिलायंस स्मार्ट खुल जाने से एक छत के नीचे ही सारा सामान उपलब्ध हो जाता है। मौके पर रिलायंस स्मार्ट के प्रशांत कुमार, दिपक मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

दुधैला मोड़ पर दुर्घटना का शिकार हुए अधेड़ की नहीं हुई शिनाख्त

पकरीबरावां(नवादा) नवादा- जमुई स्टेट हाईवे पर धमौल ओपी क्षेत्र अंतर्गत दुधैला मोड़ के पास सड़क दुर्घटना का शिकार हुए अधेड़ की अबतक शिनाख्त नहीं हो पाई है। स्थानीय प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास के बाद भी अबतक इसका पता नहीं चला है। फिलहाल, डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के बाद सदर अस्पताल में रखा गया है। एसएचओ नीरज कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर सदर अस्पताल में रखा गया है।

बता दें कि सोमवार की संध्या अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई थी। स्थानीय प्रशासन द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

शिवपुर गांव में भी सक्रिय है ईसाई मशीनरी? दलित परिवार बदल रहे अपना मूल धर्म

समाज जागरण
नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)

नवादा जिले के कौआकोल प्रखंड में एक गांव है शिवपुर। यह गांव शेखोदेवरा पंचायत का हिस्सा है। इस गांव से जुड़ी एक बात दन दिनों खासी चर्चा में है कि यहां बसने वाले दलित परिवार का बड़ा तबका धर्मांतरण कर चुके हैं या कर रहे हैं। रविदास परिवार के बारे में ऐसी चर्चा है। कहा जा रहा है कि इस वर्ग के आधा दर्जन परिवार ही बचे हैं जो हिंदू परिवार रह गए हैं। बाकी परिवार का लगाव ईसाई धर्म से हो गया है। ईसाई मिशनरी यहां खासी सक्रिय है। इस बात का खुलासा भाजपा नेता ई. रंजीत कुमार के दौरे के बाद हुआ है। वे कुछ दिनों पूर्व कौआकोल भ्रमण के क्रम में शिवपुर गांव पहुंचे थे। जहां उनके कार्यकर्ता द्वारा यह बताया गया कि काफी परिवार ईसाई धर्म को अपना चुके हैं। ई. रंजीत का मानना है कि यह अनुचित कार्य वहां हो रहा है। उन्होंने वैसे परिवारों से अपना संस्कार, संकृति व धर्म को न छोड़ने की अपील की है।

इस बावत उन्होंने सोशल मिडिया पर पोस्ट भी डाला है, जिसमे लिखा गया है कि हिंदू धर्म के हर लोग कैसे आपस मे सहजता से मिल सकें इस तरह का भाव समाप्त होता जा रहा है। जिसको पुनर्जिवित करने के लिए हमलोग को एक कदम बढ़ाना होगा। नवादा जिला का शिवपुर गांव में रविदास परिवार से मिलने का मौका मिला। घर जब पहुंचा तो अतिथि देवो भव जैसा प्यार मिला। बड़े प्यार से इन्होंने जल पिलाया।

आगे इन्होने कहा कि बातचीत के दौरान पता चला कि यहां पूरा गांव 6 घर को छोड़कर ईसाई बन गए हैं। विदेशी संस्था हमारे अपने लोगो को दूर कर रहे है। एक समय था कि इनके घर की माताएं-बहनों का प्रवेश

हमारे पसूति के कमरे में होता था जो कि आज के जमाने के अस्पताल का क्ठव की तरह ही होता था। तब तो छुआ छूत नही था। लेकिन आज लोग बाग इस तरह के सामाजिक व्यवस्था को हिला दिए और इनसे दूरी बढ़ती चली गई। हमलोग ही इनको अपने घर परिवार से दूर कर दिए। जात-पात की खाई के चलते आज कुछ लोग ईसाई, बोधिस्ट, मुस्लिम धर्म अपना तो रहे हैं, लेकिन जब बात चीत किया तो ये लोग छनिक फायदे के लिए जो धर्म परिवर्तन किए हैं, वहां हिंदू धर्म के जैसाा खुलापन नहीं है। कई संस्था आज इनके बीच नित्य सक्रिय है। इनके दिलो दिमाग पर अपने एक भारत श्रेष्ठ भारत के विपरीत कार्यक्रम चला रहे हैं। हमलोगों को समरसता से अच्छा होगा कि सहज समाज का निर्माण करें। जिस तरह से हमलोग अपने परिजन, स्वजन के साथ पर्व त्योहार में बैठ कर भोजन कराते हैं, उसी तरह से हमारा एक परिवार अपने गांव या शहर के उन परिवारों को चिन्हित कर पर्व त्योहार में एक परिवार का भोजन और अंग वस्त्र देकर सम्मान से भोजन करना है। इस तरह से सहजता का भाव अपने हिंदुओं के हर जात में जागेगा। लोग के यहां जाना और आना सहज होगा तभी हम अपने जात पात की दूरियों को कम करने में सफल होंगे।

इंजीनियर रंजीत कहते हैं कि हम सब हिंदू एक है का भाव जगाकर ही सभी को एक कर सकते है। भारत तो अपने साधु संत को आदर देने वाला देश है और यह भाव इनके मन मे है, तभी तो शिवपुर में संत शिरोमणि रविदास महाराज जी का भव्य मंदिर भी है। हमारा अगला कार्यक्रम में इन तरह के परिवारों को चिन्हित कर इनसे सहजता का भाव जगाने का होगा। पूरे नवादा जिले के इस तरह के परिवार जिनको विदेशी संस्था अपनो से दूर करने का प्रयास कर रही है, इनको पुनः सहज भाव प्रेम से अपनाया जाएगा।

बता दें कि इस प्रकार के मामले अक्सर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आते रहते हैं, पूर्व में रजौली ० अकबरपुर प्रखंड ऐसी शिकायतें मिली थी।

नगर पंचायत में लगी गंदगी का नहीं ले रहा है कोई आलेक,जनता ने आंदोलन करने का दिया संकेत

समाज जागरण

गया। जिला मुख्यालय से करीब 75 किलोमीटर दूर इममागंज प्रखंड के दो पंचायत रानीगंज और इममागंज को नगर पंचायत में शामिल किया गया है। जब दोनों पंचायत रानीगंज व इममागंज नगर पंचायत में शामिल हुआ था,तो लोगों में जश्न का माहौल था। और स्थानिय विधायक सह पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतनराम मांझी को लोग बधाई दे रहे थे। लेकिन जब स्थल पर समस्या के निदान की बात आती है तो विधायक से लेकर स्थानिय प्रशासान हाथ खड़ा कर देते हैं। के काम के लिए कोई भी फण्ड ही नहीं है। लेकिन दिन पर दिन लोगों की समस्या जटिल होती जा रही है। क्योंकि हल्की बारिश में पूरा रानीगंज बाजार जलमग्न हो जाता है। जी हां आप ने सही सुना,क्योकि रानीगंज बाजार की कचौड़ी गली की सभी दुकानें दो दिन से बंद थी। इसका मुख्य कारण बताया जा रहा है के गली के बीचों बीच नाली है,और वो गंदगी से भरी है। जिससे बीमारी फैलने के साथ साथ आवा-गवन बाधित हो चुका था। वहिं रानीगंज का धर्मशाला रोड नाले में तब्दील हो चुका है। जिसमें करीब तीन फीट

गड्ढा हो चुका है,उसमें जलमग्न है। उसी सड़क से छात्र स्कूल आना जाना करते हैं। जिसमें कई बार दुर्घटना भी घट चुकी है। ऐसे ही ठीक इमामगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय के निकट ही नाले का गंदा पानी का बहाव सड़क पर होता है। और उसी से सीओ ,बीडीओ समेत सभी अधिकारी का आना जाना है। वहीं ये सारी समस्या को देखते हुए इमामगंज के युवा समाजसेवी भवानी सिंह ने ये सारी समस्या से गया जिलाधिकारी तेयागराजन एसएम को अवगत कराया। साथ ही रानीगंज के गोपाल सिंह,पूरण साव,संजीव कुमार, गुलजारी ठाकुर, कुंदन कुमार,पिंटू प्रसाद गुपत समेत सैकड़ों लोगों ने जिलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया। लोगों का कहना है के आश्वाशन दिया गया था। लेकिन किसी पदाधिकारी ने सुध तक नहीं लिया। जब किसी जिला प्रशासान के अधिकारियों ने सुध नहीं लिया तो समाजसेवी जो जन जन के दिल में बसने वाले युवा भवानी सिंह ने खुद के खर्चे से रानीगंज बाजार की कचौड़ी गली को साफ करा दिया। जिसके लिए रानीगंज के दुकानदार युवा भवानी सिंह का आभार व्यक्त कर रहे हैं। और ये कह रहे हैं के हमलोगों के भविष्य का नेतृत्वकर्ता आपही के हाथों में देंगे।

योगेंद्र हत्या कांड में बेटों पर लगा गोली मारने का आरोप, पत्नी के बयान पर छह के विरुद्ध प्राथमिकी

जमीनी बटवारे में विवाद के कारण पुत्र ही बना पिता का दुश्मने

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-जमीनी विवाद के कारण पुत्र ही बन गया पिता के दुश्मन, भाइयों संग मिलकर अपने ही बाप को गोली मार मौत का घाट उतार दिया। बाद में मृतक की दूसरी पत्नी सरिता देवी के बयान पर मृतक की पहली पत्नी से हुए तीन पुत्रो, सगा भाई एवं भतीजा को हत्या आरोपी बनाया गया। सोमवार की शाम थाना क्षेत्र के दोसुत पंचायत की बेगराजपुर गांव में शाम पांच बजे के करीब घर के पास स्नान कर रहे ग्रामीण योगेंद्र चौहान उर्फ योगी (45) को निशाना बना लगातार चार गोलियां दागी गई। गोली लगने के बाद पास रहे घर भागने के दौरान योगी जमीन पर गिर गया जहां कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। बाद में वारिसलीगंज थाना में मृतक की दूसरी पत्नी सरिता देवी ने अपने बयान में कहा कि जमीन बटवारे के विवाद को लेकर उसकी मृत सौतन का पुत्रो रंजीत

चौहान, मुकेश चौहान, कन्हैया चौहान तीनो पिता योगेंद्र चौहान समेत भाई सुरेंद्र चौहान, भतीजा कारू चौहान, तथा संजय चौहान को प्राथमिकी में आरोपित किया गया है। बातचीत के दौरान विधवा बनी सरिता ने बताई की उसका पति हाल ही में आर्म्स एक्ट के एक मामले में जेल से छूटा था। उन्होंने कही की मेरे पति की पहली पत्नी कैंसर से पीड़ित होकर असमय मर गई थी। तब वे मुझसे शादी किया था। हाल के दिनों में पैतृक जमीन बटवारे का विवाद पिता-पुत्रो के बीच चल रहा था। घटना उसी का परिणाम बताया गया। घटना के बाद मृतक योगी चौहान का सगा घटना को दूसरी ओर मोड़ने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा था कि तीन अज्ञात नकाबपोश बाइक से आया और योगी को गोली मार कर भाग निकला। परंतु घटना के समय घटना स्थल से महज कुछ दूर पर बैठी मृतक की पत्नी ने सारे मनगढ़ंत कहानी पर विराम लगाते हुए सचाई बयान कर प्राथमिकी दर्ज करवा पुलिस से न्याय की गुहार लगाई।

मीडिया प्रतिनिधियों के साथ फाइलेरिया उन्मूलन की कार्यशाला आयोजित

नवादाः- सिविल सर्जन डॉ० निर्मला कुमारी के निर्देश के आलोक में मंगलवार को सदर अस्पताल के जिला स्वास्थ्य केन्द्र के सभागार में जिला के मीडिया प्रतिनिधियों के साथ फाइलेरिया उन्मूलन की कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रभारी पदाधिकारी डॉ० बीरेन्द्र कुमार ने फाइलेरिया बीमारी के कारण और निदान पर विस्तृत प्रकाश डाले। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का क्रीमी किसी भी व्यक्ति के शरीर में वर्षों तक सुषुप्तावस्था में पड़ा रह सकता है। इसका लक्षण 05 से 10 वर्ष बाद भी पाया जाता है। पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले के सभी सम्मानित मीडिया प्रतिनिधियों को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के संबंध में जानकारी से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि 07 जुलाई से 21 जुलाई 2022 तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला में 24 लाख व्यक्तियों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 1065 टीम का गठन किया गया है। इसमें कुल 2130 कर्मियों को शामिल किया गया है जो घर-घर जाकर अपने सामने दवा खिलाने का कार्य करेंगे। एक टीम को प्रतिदिन 30 से 40 घरों को कवर करना होगा। 12 दिन में लक्ष्य के अनुरूप सभी व्यक्तियों को दवा खिलायी जायेगी। दवा के मात्रा के संबंध में बताया गया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 01 से 02 साल के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर बीमारी के रोगियों को यह दवा नहीं देना है। 02 से 05 वर्ष के बच्चों को डीईसी तथा एलमेंडाजोल का एक-एक गोली, 06 से 14 वर्ष तक डीईसी 02 गोली और एलमेंडाजोल 01 गोली और 15 वर्ष से उपर के लिए डीईसी 03 गोली और एलमेंडाजोल 01 गोली देने का निर्देश दिया गया। गोली खाने के पहले भर पेट खाना भी जरूरी है।जिला सूचना एवं जन-सम्पर्क पदाधिकारी सत्येन्द्र प्रसाद ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के संबंध में बताया कि यह बीमारी संक्रमितों लोगों को दिव्यांग बना देता है, बल्कि मानसिक स्थिति पर भी पूरा प्रभाव डालता है। यह अत्यंत ही घातक बीमारी है जो सजगता या व्यापक प्रचार-प्रसार से इस बीमारी से बचा जा सकता है। यह दवा भर पेट खाने के बाद सामने खिलाया जायेगा। इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। यह मादा क्यूलेक्स मच्छड़ के काटने से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संचारित होता है। इसका बचाव ही ईलाज है। इस बीमारी में हाथ पैर हाथी पांव के समान हो जाता है। इस रोग से बचने के लिए एकमात्र उपाय है कि निर्धारित मात्रा में सभी व्यक्ति दवा का अवष्य सेवन करें जो कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निःशुल्क दी जा रही है। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ0 बीपी सिंहा, डीआईओ डॉ0 अषोक कुमार ने भी इस रोग के उन्मूलन के संबंध में विस्तृत जानकारी से अवगत कराये।इस अवसर पर केयर इंडिया के प्रतिनिधि नागेन्द्र कुमार, जफर इकबाल, डब्लूएचओ के प्रतिनिधि आदि सम्मिलित थे। विष्व स्वास्थ्य संगठन के जोनल कोर्डिनेटर एजहिलासरण ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। जिसकी दवाई अलमेंडाजोल और बीईसी दवा प्रत्येक प्रखंडों में भेज दी गयी है।

बिहार -सरकार के सुशासनराज्य को बिहार के औरंगाबाद जिले में कलंकित करने के लिए जबादेह कौन ?

दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र ब्यूरो चीफ औरंगाबाद ।

औरंगाबाद 5 जुलाई 2022 बिहार - सरकार के माननीय मुखिया ,मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के सुशासन व्यवस्था में प्रशासनिक आतंक एवं लूट तंत्र की बढ़ावा, बढ़ते रिश्वतखोरी, योजनाओं की विफलता, सरकारी संपदा एवं वन संपदा की लूट तथा थाना के संरक्षण में सरेआम अबैध शरब के कारोबार- धंधा औरंगाबाद जिले में,कौतूहल का विषय बन चुका है । अब मीड़ि्या के जगह जनमानस ही मीड़ि्या से सवाल करते हैं और मीड़ि्या को चुप रहना पड़ता है या उनके सवालों का जबाब को तोड़ मरोड़ कर देना पड़ता है, जनता सरकार व जनप्रतिनिधियों से सवाल करने के जगह मीड़ि्या के माध्यम से बिहार सरकार के माननीय मुखिया नीतीश कुमार से जनना चाहते है कि क्या जंगलराज्य की भय दिखाकर जनमानस को लूटने की ब्यवस्था को ही बिहार में सुशासनराज्य कहते है ।

जंगलराज बनाम सुशासन राज की परिकल्पना व समीक्षा बिहार के औरंगाबाद जिले में बेहद चौंकाने वाले हैं,आखिर बिहार में सुशासन राज्य का दावेदारी करने वाले और दुंदुभी बजाने वाले जनमानस के साथ हो रहे अत्याचार ,सरकारी खजाने का लूट की समीक्ष जनमानस के बीच क्यों नहीं करते / कराते हैं ,अगर समीक्षा करते हैं तो कब और कहाँ करते हैं तथा समीक्षा करने के पहले सभी समाचार पत्रों के मीड़ि्या को आयोजित समीक्षा बैठक की जानकारी क्यों नहीं देते हैं।

अब सवाल उठता है कि बिहार में नीतीश कुमार के सुशासन व्यवस्था अगर इतने बुरे हैं तो जनमानस सड़क पर उतर कर अपने आवाज को बुलंद क्यों नहीं करते ? मीड़ि्या के सवालों का जवाब में बुद्धिजीवी कहते है ,सभी लोग देश भक्त व जेहादी नहीं हैं। देश के आजादी में भी चंदलोगो ने अपना सबकुछ निछावर कर दिया था । वीर सपूत हसते -हसते फांसी पर चढ़ गये थें , तब जाकर देश को आजादी मिला था। आज भी हलात वहीं हैं। हम अपने दबें आवाज को मीड़ि्या के माध्यम से सरकार तक पहुँचाना चाहते हैं ताकि बिहार में जंगलराज्य का सफाया और सुशासनराज्य का दावा करने वाले "बिहार- सरकार के माननीय मुखिया नीतीश कुमार " के कानों तक यह आवाज पहुंच जाएं ।

जिले के हितों का रक्षक एवं शुभचिंतक दावे के साथ कहते कि बिहार के औरंगाबाद जिले में सरकार प्रायोजित विभिन्न महत्वकांक्षी योजना एवं अपराधिक गतिविधियां व हिंसा की समीक्षा के लिए बिहार के मुख्यमंत्री तैयार हो अगर उन्हें दांतो तले उंगली दबाना नहीं पड़ा तो हम सभी सोशल एक्टिविस्ट एवं युवा वर्ग को जो भी सरकार द्वारा सजा दिया जाएगा वह भूगतने के लिए तैयार है।

4 बच्चों की मां आशिक संग फरार, जानें फिर क्या हुआ प्यार का अंजाम

समाज जागरण
नवादा(आर्यन मोहन)

नवादा : प्यार तो प्यार है, प्यार में उम्र का क्या वास्ता.. अस्सी के दशक में हिंदी फिल्म का यह गाना काफी मशहूर हुआ था। खासकर युवा इस गाने के काफी दीवाने थे , अब कहानी यहां भी बिल्कुल यही है। ना रिश्तों की परवाह , ना समाज के लोकलाज की फिक्र ,ना पति और बच्चों के भविष्य की चिंता ,बस है भी तो अपनी चिंता..अपने दिलो दिमाग पर छाए उस इश्क की चिंता...जिसका ना तो कोई भविष्य है...और ना कोई मंजिल..कहानी फिल्मी कथानक की तरह दिल में गुदगुदी पैदा करती है।

परत दर परत इस जिज्ञासा को बढ़ाती है कि आखिर इस प्यार का अंजाम क्या हुआ लेकिन रहस्य और रोमांच को बढ़ाती इस स्टोरी के पीछे एक स्याह सच भी है कि आखिर ये समाज और ये पारिवारिक व्यवस्था किस मोड़ पर जा रही है। यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर एक

महिला जिसका भरा पूरा परिवार है, चार-चार बच्चों की मां है एक प्यारा पति है जो अपनी कुव्वत के हिसाब से पत्नी को वो तमाम खुशियां दे रहा है लेकिन आखिर चूक कहां हो गई जहां पत्नी खुद अपने मौसेरे भाई के प्यार के चक्कर में पड़ गई और चार बच्चों को लेकर घर की सारी खुशियां छोड़कर फरार हो गई।

घटना नवादा के नगर थाना इलाके के इस्लाम नगर का है जहां चार बच्चों की मां ने रिश्ते के सारे ताने बाने को छिन्न भिन्न कर दिया और अपने प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई। इतना ही नहीं वो अपने साथ घर में रखे जेवर और जमीन के कागजात लेकर भी ले गई। अब बेचारा पति अपनी पत्नी को दोबारा लाने के लिए दर दर भटक रहा है। पुलिस से गुहार लगा रहा है कि उसकी पत्नी को कोई ढूंढ दे और चारों बच्चों के साथ उसे वापस ला दे।

लेकिन पत्नी का कोई पता नहीं है। बेचारा पति दर ब दर ढूंढ रहा है पुलिस ढूंढ रही है लेकिन महिला कहां है फिलहाल इस बात का पता नहीं चल पाया है।

अर्चना हत्याकांड का इममागंज एसडीपीओ ने किया खुलासा पिता ने ही किया था पुत्री की हत्या,पिसी कर दिया जानकारी

समाज जागरण

गया। इमामगंज पुलिस अनुमंडलीय क्षेत्र के डुमरिया प्रखंड के मठहा गांव की दसवीं की छात्रा अर्चना उर्फ तेतरी की हत्या के बाद,इममागंज एसडीपीओ अजित कुमार ने अनुसंधान के बाद हत्या का खुलासा करते हुए बताया के पिता ही ने नशे की हालत में एकलौती पुत्री की हत्या कर दिया। एसडीपीओ ने बताया के पिता इतने नशे में था के उसने क्या किया उसे घटना की कोई जानकारी नहीं है,पर उसके शर्ट पर खून के छींटे पाए गए,साथ में स्क्वार्ड डॉग जांच में भी पिता ही हत्यारा पाया गया। इसके एलावे मृतिका के हाथ और पांव पर कटे का निशान भी पाया गया है। साथ ही उन्हों ने खुलासा करते हुए यह भी बताया के अर्चना के पिता हेमंत साव कुल तीन शादी किया था। जो 2011 में तीसरी शादी किया था,जिसमें पत्नी इनके रवैये से छोड़ दी थी,दूसरी पत्नी से तीन बच्चे थे। घटना के दिन घर पर कोई नही था ,केवल पिता और पुत्री थी। भतीजा दीपक कुमार के अनुसार पिता पुत्री में लड़ाई चल रही थी,पुत्री ने पिता को खाना दिया पर पिता ने नहीं खाया। हलांकि चचेरा भाई दीपक ने अर्चना को कहा के अगर कोई दिकत है तो चलो हमारे घर पर अर्चना बोली कि हम अंदर से घर बंद करके सो जाएंगे। और पिता ठिक दरवाजे के बाहर सोते हैं। और हत्या हो जाती है।उसके बाद ग्रामीण पुलिस को सूचना देते हैं,जब पुलिस घटना स्थल पर आने की सूचना पिता को मिलती है तो वे भागने की कोशिश करते हैं ,लेकिन ग्रामीण रोक लेते हैं। उसके बाद डॉग स्क्वायड जांच होती है। फिर पिता ही उस जांच में पकड़े जाते हैं। उन्हों ने बताया के पिता को गिरफ्तार कर जांच के बाद जेल भेज दिया गया। दुष्कर्म का भी मामला प्रकाश में आया है,और हत्या किस हथ्यार से हुई यह सब पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा।

पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण सबसे महत्वपूर्ण कड़ी-वीरेंद्र

आर्यभट्ट चेतना मंच के द्वारा पर्यावण संरक्षण केलिए किया वृक्षारोपण

समाज जागरण

सीटी रिपोर्टर/ वजीरगंज (गया) वजीरगंज प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय मह्देवा के प्रांगण में शनिवार को आर्यभट्ट चेतना मंच गया के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के जिला संयोजक डॉ रविंद्र कुमार रवि एवं संचालन धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक बिरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होने कहा कि की सृष्टि में सिर्फ मानव जीवन ही नहीं बल्कि समस्त जीव जंतु व प्राणियों के लिए पेड़ पौधों का होना बहुत जरूरी है। पर्यावरण ठीक रहेगा तभी सृष्टि संभव है अन्यथा प्रलय होने से कोई नहीं रोक सकता। विधायक ने इस मौके पर गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में बरगद ,पीपल नीम सहित कई प्रकार के पौधे भी लगाए। उन्होंने क्षेत्र की कुछ जन समस्याओं को भी देखा और सभी के निराकरण का

आश्वासन दिया। इस दौरान केनार-पहाड़पुर पंचायत क्षेत्र के टोटही, पतुहला सहित कई अन्य गांवो का भ्रमण कर ग्रामीणों से उनकी समस्याओं को सुना एवं अविलंब पुनः निराकरण करने का आश्वासन दिया । उन्होंने बिजली, पानी ,सड़क, शिक्षा से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निपटारा के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को फोन पर तलब करके एक सप्ताह के अंदर निराकरण के लिए निर्देश दिया। कहा कि कोरोना संक्रमण काल से अब हम करीब-करीब उबर चुके हैं, इसलिए सावधानी के साथ विकास के कार्यों में तेजी लाया जाय। इस मौके पर पर पूर्व मुखिया मो मुस्ताक शाह, मुखिया प्रतिनिधि अमरेश कुमार पिंकू, सुरेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, सत्येंद्र सिंह, विनय कुमार सिंह ने सभी ग्रामीणों को अपने परिजनों को जन्म दिवस सहित अन्य खुशी के मौक्र पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने के इस प्रोत्साहित किया। इस मौक्र मौके पूर्व मुखिया मो मुस्ताक शाह, मुखिया प्रतिनिधि अमरेश कुमार पिंकू, सुरेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, सत्येंद्र सिंह, विनय सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण आम जनता मौजूद थे॥

पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान शोषितों , पीड़ितों , गरीबों , दलितों एवं वंचितों के आवाज थे ------- सत्येन्द्र रंजन।

जिला ब्यूरो अरवल
मृत्युंजय कुमार

अरवल जिला मुख्यालय के खुशी होटल में लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री पद्म भूषण से सम्मानित स्वर्गीय रामविलास पासवान जी की 76 वें जयंति के अवसर पर उनकी तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंति धूमधाम से मनाई गई ।जयंति समारोह की अध्यक्षता अरवल जिला लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया । जयंति समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कहा कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान देश के सर्वमान्य नेता थे , उन्होंने शोषितों , पीड़ितों , दलितों , गरीबों , पिछड़ा , अतिपिछड़ा , अल्पसंख्यक , वंचितों एवं समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को सम्पूर्ण विकास के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करते रहे ।

स्वर्गीय रामविलास पासवान ब्यक्ति नहीं विचार थे , उनके ब्यक्तित्व एवं कृतियों को किसी जाति धर्म , सम्प्रदाय में बांधकर नहीं रखा जा सकता है । वे देश के छह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विभिन्न मंत्रालयों में ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यो को निर्वहन करने में सफल रहे । आज देश के हर घर मे हर परिवार के हांथ में मोबाईल पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामविलास पासवान से जाना जाता है । स्वर्गीय रामविलास पासवान के देश हित मे किये गये विकास कार्यो के लिए उनके जयंति के अवसर पर श्रद्धा पूर्वक हम सभी लोग सम्मान के साथ याद कर रहे हैं । जयंति समारोह में प्रदेश सचिव विमला कुमारी , अरवल विधानसभा के संगठन अध्यक्ष रमेश रजक , जिला महासचिव राजेन्द्र यादव , जिला महासचिव रामानंद भगत , जिला सचिव सुनिल कुमार , जिला सचिव संजय कुमार , जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक कुमार , जिला कार्यकारिणी सदस्य कईल पासवान , मनोज कुमार , बीरेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मुख्य रूप से शामिल हुए ।

नवादा डीएम ने तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

समाज जागरण नवादा ब्यूरो

नवादाः-श्रीमती उदिता सिंह जिला पदाधिकारी नवादा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के सभागार में तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक हुई। गंगा उद्भव जल परियोजना की समीक्षा में पाया गया कि दो सप्ताह से कार्य अभियंता श्री बबन सिंह के द्वारा बंद किया गया है , जिसपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बहाना नहीं चलेगा। लक्ष्य के अनुरूप कार्य करना सुनिश्चित करें। गंगा उद्भव जल परियोजना सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। उन्होंने उप विकास आयुक्त को निर्देश दिये कि अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर और अंचलाधिकारी नवादा के साथ बैठक कर कल से कार्य शुरू करायें। 15 जून 2022 से काम बंद रहने से यह प्रोजेक्ट काफी पीछे चला गया है। उन्होंने उप विकास आयुक्त को निर्देश दिये कि अभियंता से स्पष्टीकरण पूछें और यह उनकी आखरी चेतावनी है। पाईप लाईन का भी कार्य लक्ष्य के अनुरूप नहीं किया गया है।

कार्यपालक अभियंता आरसीडी को निर्देश दिया गया कि नवादा से नारदीगंज रोड में ब्रेकर हटाया गया है, लेकिन रोड को चिकना नहीं किया गया है, जिससे यातायात में कठिनाई हो रही है। कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि नगर परिषद क्षेत्र में आवश्यकता के अनुसार सभी सड़कों पर डिवाईडर लगाना सुनिश्चित करें। गोंदापुर में निमार्णाधीन पुल का कार्य पूर्ण हो गया है और सम्पर्क पथ से जोड़ दिया गया है। फतेहपुर से गोविंदपुर रोड को मरम्मत करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता आरसीडी को

दिया गया है। कार्यपालक अभियंता भवन को निर्देश दिया गया है कि समाहरणालय परिसर में 100 सीट वाला मीटिंग हॉल बनाना सुनिश्चित करें। ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि बुधौल बस स्टैंड से मंगर विगहा तक सड़क को चकाचक करायें और क्षतिग्रस्त पुल के पास डायवर्सन बनाना सुनिश्चित करें। इसके लिए कल स्टीमेट बनाकर उपस्थापित करने का निर्देश दिया गया।

कार्यपालक अभियंता पीएचईडी बिना सूचना के बैठक से अनुपस्थित पाये गए जिनको वेतन बंद करते हुए स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश उप विकास आयुक्त को दिया गया। कार्यपालक अभियंता को अनुपस्थित रहने से अति महत्वपूर्ण योजना नल जल की समीक्षा नहीं की गयी।

कार्यपालक अभियंता विद्युत ने बताया कि बुधौल में पीएसएस सेंटर का निर्माण कार्य नवम्बर 2022 तक पूर्ण हो जायेगा। इसके बनने से नगर परिषद क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति 24 घंटे सुनिश्चित हो जायेगी। जिला योजना पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि कब्रिस्तान की घेराबंदी से लंबित सूची के संबंध में प्रतिवेदन दें। कितने का प्रशासनिक स्वीकृति मिली , कितने का टेंडर हुआ, कितने पर कार्य प्रारम्भ हुआ और कितने कब्रिस्तान की घेराबंदी पूर्ण हुआ। नारदीगंज बाईपास के संबंध में समीक्षा की गयी। जिसमें पाया गया कि 05 लाभुक का मुआवजा भुगतान नहीं होने के कारण कार्य में बाधा डाली जा रही है। जिला भूअर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिये कि लंबित भुगतान को प्राधिकार के पास जमा करते हुए शुक्रवार तक कार्य पूर्ण करायें।

आज की समीक्षात्मक बैठक में मो0 नैय्यर एकबाल उप विकास आयुक्त, श्री सत्येन्द्र प्रसाद जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक अभियंता आदि उपस्थित थे।

नवनियुक्त पदाधिकारियों का प्रशिक्षण

समाज जागरण नवादा ब्यूरो

नवादाः- श्री संतोष कुमार सुमन जिला कृषि पदाधिकारी नवादा ने बताया कि आज बिहार कृषि सेवा के नवनियुक्त छह पदाधिकारियों का कृषि के क्षेत्र में प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें बिहार कृषि सेवा कोटि के 01 और वर्ग 02 के कुल 06 पदाधिकारियों का अनुसंधान कृषि केन्द्र नरहट में दो दिवसीय विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के क्रम में नव नियुक्त पदाधिकारियों के द्वारा धान रोपिनी का गुर सिखाया गया। कृषि प्रक्षेत्र में प्रयुक्त होने वाले कृषि यंत्रों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पदाधिकारियों में श्री अविनाश कुमार अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रजौली, श्री अशोक कुमार सहायक निदेशक भूमि संरक्षण, श्री अभिषेक रंजन उप परियोजना निदेषक आत्मा, श्रीमती प्रेमलता कुमारी सहायक निदेषक नवादा सम्मिलित थे। इसके अलावे दो शेखपुरा जिला के नवनियुक्त पदाधिकारी श्री सुबोध कुमार सुधांषु, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी शेखपुरा एवं श्री त्रिपुरारी शर्मा उप परियोजना पदाधिकारी आत्मा सम्मिलित हुए। इसके पूर्व जिला के सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी और कृषि समन्वयक को 15-15 दिनों का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रषिक्षणोपरान्त नव नियुक्त पदाधिकारी विभाग के लक्ष्य के अनुरूप एवं जिले के अन्नदाता के विष्वास पर खरे उतरेंगे। डीपीआरओ नवादा।

बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा

चयनोपरान्त विभाग द्वारा नवादा जिला में नव नियुक्त बिहार कृषि सेवा कोटि-1 (षष्य) वर्ग-2 के कुल 06 पदाधिकारियों का उपयोगी अनुसंधान केन्द्र (कृषि प्रक्षेत्र), नरहट में निर्धारित दो दिवसीय विभागीय प्रषिक्षण कार्यक्रम (05-06 जुलाई, 2022) के तहत जिला कृषि पदाधिकारी, नवादा के नेतृत्व में कृषि से सम्बन्धित विभिन्न प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया, प्रषिक्षण के क्रम में नव नियुक्त पदाधिकारियों के द्वारा धान की रोपनी की गई। साथ ही कृषि प्रक्षेत्र में उपलब्ध कृषि यंत्रों का अवलोकन कर उसके उपयोग की विधि में जानकारी प्राप्त की गई। प्रशिक्षण प्राप्त करने में नवादा जिला के 04 नव नियुक्त पदाधिकारी क्रमषः- (1.) श्री अविनाष कुमार, अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, रजौली (2.) श्री अशोक कुमार, सहायक निदेशक (षष्य), भूमि संरक्षण, नवादा (3.) श्री अभिषेक रंजन, उप परियोजना निदेषक, आत्मा, नवादा (4.) श्रीमती प्रेमलता कुमारी, सहायक निदेषक (षष्य) प्रक्षेत्र, नवादा एवं शेखपुरा जिला के 02 नव नियुक्त पदाधिकारी क्रमषः (1) श्री सुबोध कुमार सुधांषु, अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, शेखपुरा (2.) श्री त्रिपुरारी शर्मा, उप परियोजना निदेषक, आत्मा, शेखपुरा शामिल रहें। इसके पूर्व ये सभी पदाधिकारी जिला में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं कृषि समन्वयक के स्वतंत्र प्रभार के रूप में 15-15 दिन का प्रषिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

बकरीद को लेकर धमौल ओपी परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

समाज जागरण नवादा ब्यूरो

धमौल ओपी परिसर में मंगलवार को बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अंचलाधिकारी नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार एवं धमौल ओपी प्रभारी नीरज कुमार की उपस्थिति में हुई बैठक में बकरीद को शांतिपूर्ण मानने पर चर्चा हुई। लोगों से त्योहार के संबंध में जानकारी ली। नमाज अदा करने के स्थल एवं समय की जानकारी ली। धमौल, पड़रिया,

जम्हड़िया, बड़ी गुलनी आदि के लोगों से जानकारी ली गई।
पदाधिकारियों ने त्योहार को लेकर दोनों समुदाय के लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि त्योहार को त्योहार की तरह मनाएं। किसी भी तरह के अफवाह से बचने की सलाह दी गई। कहा लोग असामाजिक तत्वों को बढ़ावा न दें। ऐसे लोगों को चिन्हित कर इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है। इसलिए कुछ ऐसा पोस्ट न करें जिससे आप परेशानी में पड़ जाएं। शांति समिति के लोगों को त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने में सहयोग की अपील की है। इस मौके पर धमौल मुखिया रामरूप यादव, सरपंच इंद्रजीत सिन्हा, बेलखुंडा सरपंच अहिया अंसारी, मुखिया मनोज चौरसिया, चंद्रमा यादव, जमाल उद्दीन, कैसर मंसूरी, मो. जैनुल आब्दीन, मोइन आलम सहित कई मौजूद थे।

मुख्य मंत्री एक हेल्प लाइन जारी की गई

समाज जागरण नवादा ब्यूरो

नवादाः- माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के द्वारा आज एम्बुलेंस, फायरबी ग्रेड या पुलिस से शिकायत/मदद के संबंध में एक हेल्पलाईन 112 नम्बर अपने कर कमलों से जारी किये। बिहार में ईमर्जेंसी सेवाओं के लिए अलग-अलग नम्बरों पर कॉल करने की आवश्यकता अब नहीं

रही। अब कहीं से भी एम्बुलेंस की आवश्यकता हो या फायरबी ग्रेड की या पुलिस से शिकायत करनी हो या कोई मदद लेनी हो तो बस एक नम्बर डायल 112 करें और सभी तरह की ईमर्जेंसी सेवाओं में मदद मिलेगी।
इस सेवा के लिए राज्य में कई माह से काम किया जा रहा था। आज जिले के प्राईम लोकेशन पर निदेशक सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के निदेश के आलोक में जिला सूचना जनसंपर्क अधिकारी स्वतंत्र प्रसाद के द्वारा तीन स्थलों पर फ्लैक्सी के माध्यम से इसको प्रदर्शित किया गया जो जिलेवासियों के लिए काफी कारगर साबित होगा। डीपीआरओ नवादा।

समय से पूर्व जन्म लेने वाले शिशु के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए कंगारू मदर केयर का पालन जरूरी

शिशु को माँ के सीने से चिपकाने से शिशु में होती है गर्माहट धड़कन सुनकर शिशु को राहत का होता है एहसास, मिलता है आराम

समाज जागरण लखीसराय

समय के पूर्व जन्म लेने वाले शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए कंगारू मदर केयर का पालन करना बहुत जरूरी है। दरअसल, समय से पूर्व जन्म लेने वाले शिशु का ना सिर्फ वजन कम होता बल्कि, ऐसे शिशु जन्म लेने के बाद भी कई तरह की समस्याओं से घिर जाते हैं। ऐसे शिशु के स्वस्थ्य शरीर निर्माण के लिए विशेष ख्याल रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए कंगारू मदर केयर तरीके को अपनाना सबसे आसान एवं बेहतर उपाय है। इस उपाय को अपनाने से ना सिर्फ शिशु स्वस्थ्य होता बल्कि, शारीरिक और मानसिक रूप से भी मजबूत होता है।

- बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास का होता है निर्माण :

सिविल सर्जन डॉ देवेन्द्र चौधरी ने बताया कंगारू मदर केयर बच्चों में मानसिक एवं शारीरिक विकास के निर्माण करने में काफी सहयोग करता है। बच्चा जब अपने माँ के नजदीक रहता तो माँ और बच्चे के बीच भावनात्मक रिश्ता मजबूत होता है।

- क्या है कंगारू मदर केयर, इसका उपयोग किस तरह होता है :

कंगारू मदर केयर एक ऐसा उपाय है जो कम वजन के साथ जन्म लेने वाले शिशु के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए अपनाया जाता है। इससे शिशु का वजन बढ़ता है। स्तनपान बेहतर होता है। बच्चे का तापमान सही रहता और वह संक्रमण से दूर रहता है। बच्चे और माँ के बीच रिश्ता मजबूत होता है। इसमें माँ अपने सीने पर सीधे पोजिशन में शिशु को चिपकाकर रखती हैं। इस स्थिति में माँ की छाती पूरी तरह खुली होनी चाहिए। जिससे माँ की शरीर की गर्माहट आसानी से और जल्दी शिशु में स्थानांतरित हो सके। इससे शिशु का तापमान सही रहता है। कंगारू मदर केयर माँ के अलावा पिता व परिवार के अन्य सदस्य भी दे सकते हैं। सिर्फ इस दौरान इस बात का ख्याल रखना है कि शिशु को कंगारू मदर केयर की सुविधा देने वाले स्वस्थ्य हों।

- कंगारू मदर केयर अपनाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा भी किया जाता है जागरूक :

समय पूर्व जन्म लेने वाले शिशु और जन्म के पश्चात कमजोर नवजात के परिजनों को एएनएम, आशा, केयर इंडिया के कर्मियों एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अन्य कर्मियों द्वारा भी कंगारू मदर केयर तकनीक को अपनाने के लिए जागरूक किया जाता है। दरअसल, यह तकनीक बिना खर्च का सबसे आसान और बेहतर उपाय है। इसके अलावा ऐसे शिशु का गृह भ्रमण कर भी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा देखभाल एवं आवश्यक मॉनिटरिंग की जाती है। ताकि शिशु को किसी भी प्रकार की शारीरिक परेशानी होने पर उनका समय पर उचित उपचार हो सके और बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सके।

- इन बातों का रखें ख्याल :-
- बच्चे को साफ हाथों से ही छूएं।
- यदि माँ बुखार, सर्दी या खाँसी से पीड़ित हो तो शिशु को कंगारू मदर केयर नहीं दें।
- घर के कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति नवजात को कंगारू मदर केयर प्रदान कर सकते हैं।

जिला मंत्रणा कक्ष में शिक्षा पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

समाज जागरण लखीसराय

मंगलवार को शिक्षा विभाग के पदाधिकारी के साथ जिला पदाधिकारी संजय कुमार सिंह मंत्रणा सभागार में बैठक कर कई आवश्यक निर्देश दिये। कस्तूरबा विद्यालय का संचालन नियमानुसार विभागीय गाइड लाइन के अनुरूप करने का निर्देश दिया। कस्तूरबा विद्यालय के प्रभारी तथा वार्डेन को विद्यालय के रख रखाव सह प्रबंधन की जिम्मेवारी होगी। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति पर बढ़ाने का निदेश दिया गया। पाठ् पुस्तक, पोशाक, भोजन तथा दैनिक उपयोगों की सारी सामग्री ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मध्याह्न भोजन योजना सभी विद्यालयों में कार्यशील रहनी चाहिए। पेयजल के अनुपलब्धता के कारण मध्याह्न भोजन बंद नहीं होनी चाहिए। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी भ्रमणशील होकर सभी

विद्यालयों का रोस्टर वार निरीक्षण करेगे। निरीक्षण स्पष्ट रूप से प्रतिवेदित करेंगे कि चिह्नित विद्यालयों में पठन पाठन बच्चों एवं शिक्षकों, मध्याह्न भोजन की स्थिति कैसी है। बच्चों को डीबीटी के माध्यम मिलने वाली आर्थिक सुविधाओं एवं उनके आधार संबंधित बैंक खाता के संबंध में भी प्रतिवेदित करेगे। विशेष सर्वेक्षण शिविर सभी प्रखंड में संचालित है। जहॉं सरकारी जमीनों का मापी पैमाइश एवं अभिलेख संधारण का कार्य किया जा रहा है। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि अपने स्वामित्व वाले सभी विद्यालयों की सूची विशेष शिविर कार्यालय में 20 जुलाई तक शत प्रतिशत उपलब्ध करा दे। कोविड टीकाकरण कार्यक्रम अन्तर्गत सभी विद्यालयों में 12 वर्ष से 18 वर्ष के बीच बच्चों को कोविड टीका कृत सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे।

पंप ऑपरेटर को दिया प्रशिक्षण

समाज जागरण रामगढ़ चौक लखीसराय

प्रखंड स्थित पी डब्लू एस भवन के प्रांगण में मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के बिल्लो,औरे,नंदनामा,नोनगढ पंचायत के सभी वार्ड में संचालित नल-जल योजना के पंप ऑपरेटरों को पीएचइडी विभाग के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया ।प्रशिक्षक के रूप में पीएचईडी के कनीय

अभियंता तरुण कुमार मौजूद थे। उन्होंने ऑपरेटरों को पंप संचालन से संबंधित कई जानकारी दिया।उन्होंने दैनिक साप्ताहिक किए जाने वाले कार्यों के प्रति विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी पंप ऑपरेटर अपने-अपने पंप में किसी प्रकार की त्रुटि रहने पर विभाग को सूचना देकर अविलंब ठीक कराएं।

लोजपा प्रत्याशी सह भावी घोसी विधायक एवं पूर्व एमएलसी सत्येंद्र शर्मा ने लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान का अपने आवास पर मनाया जयंती

दैनिक समाज जागरण
विश्वनाथ आनंद

गया (मगध बिहार)गया लोजपा प्रत्याशी सह भावी घोषी विधायक सत्येंद्र शर्मा(पूर्व एमएलसी) ने अपने गया आवास पर अपने नेता अभिभावक लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक, पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण स्व. रामविलास पासवान की जयंती मनाया ' इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान के तैलिए चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दिया

एवं उनकी जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला । श्री सत्येंद्र शर्मा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करते हुए कहा कि भारत की हर एयरपोर्ट का नाम रामविलास पासवान के नाम से नामकरण किया जाए 'उन्होंने यह भी कहा कि वंचितो, उपेक्षितों के हितों के लिए कार्य करते हुए अपना जीवन राज्य एवं देश की सेवा में समर्पित किया। उन्होंने आगे कहा कि देशहित एवं समाज के वंचितों और शोषित वर्ग के लिए किए गए समाजिक और संवैधानिक कार्य के लिए आपको देश हमेशा याद रखेगा ।

शांति समिति की बैठक मानिकपुर थाना परिसर में आयोजित

समाज जागरण लखीसराय

जिले के मानिकपुर थाना परिसर में मंगलवार को मानिकपुर थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में थाने परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई उक्त बैठक में थाना क्षेत्र अंतर्गत क्षेत्र के गणमान्य बुद्धिजीवी बैठक में शामिल हुए उक्त बैठक में थाना अध्यक्ष ब्रजेश कुमार के द्वारा बकरीद पर्व का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ शांत वातावरण में मनाए जाने की बात

कही गई जिसे आए हुए दर्जनों गणमान्य लोगों ने थानाध्यक्ष के द्वारा कही गई बातों को सुनकर अपने-अपने हस्ताक्षर बनाएं आपको बता दें कि मानिकपुर थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार अपने कार्यकाल के दौरान बड़े ही कम समय के अंतराल में थाना क्षेत्र अंतर्गत अपने मधुर स्वभाव को लेकर उनकी छवि बिल्कुल बेदाग है थाना क्षेत्र अंतर्गत किसी भी व्यक्ति को परेशानी होने पर निसंकोच होकर थाने परिसर आते हैं और अपनी बातों को थानाध्यक्ष के सामने रखते हैं जिन्हें थानाध्यक्ष के द्वारा बारीकी से जांच पड़ताल कर मामले का त्वरित निष्पादन भी कर लिया जाता है क्षेत्र में अपराधियों पर भी उनके द्वारा काफी अंकुश लगाया जा चुका है

मत्स्यजीवी सहयोग समिति चुनाव के पहले दिन ही उमडा.प्रत्याशियों की भीड़

समाज जागरण मुरारी झा

समस्तीपुर जिले के सिंघिया प्रखंड स्थित पंचायत समिति भवन सिंघिया में कुल 13 पदों के लिए मत्स्यजीवी सहयोग समिति चुनाव को लेकर आज नामांकन के पहले दिन ही कुल 24 लोगों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया जिसमें मंत्री सह कोषाध्यक्ष पद हेतु उपेंद्र कुमार मुखिया एवं अनिल कुमार मुखिया एवं अध्यक्ष पद हेतु दिनेश्वर मुखिया, सिकंदर मुखिया, एवं योगेंद्र मुखिया वही सदस्य पद हेतु पुरुष 12 महिला 7 प्रतिनिधियों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। वही नामांकन के दौरान हजारों की संख्या में प्रतिनिधियों के समर्थकों का जन सैलाब देखने को मिला, नामांकन होते ही समर्थकों ने फूल माला एवं

गुलाल से उनका स्वागत किया।
वही नामांकन के दौरान अनिल कुमार ने बताया निषाद समाज के खिलाफ हो रहे अन्याय के विरुद्ध मैंने न्याय दिलाने का काम करूंगा सरकार के द्वारा जो कुछ भी योजनाएं होंगी उसका लाभ हम जनता तक पहुंचाएंगे जो भी समस्याएं होगी जनताओं की उस से मुक्ति दिलाने का काम करेंगे।
वही पूर्व मंत्री कोषाध्यक्ष उपेंद्र मुखिया ने कहा मैं पिछले 5 वर्षीय में भी मेरे कार्यकलापों से जनता संतुष्ट रही है और मैं आगे भी जनता की हर समस्याओं के लिए तत्पर रहूंगा मैं आशा करता हूं इस बार भी जनता मुझे जीत दिलाएगी और मैं लोगों की सेवा करता रहूंगा।

लायंस क्लब ऑफ भागलपुर फेमिना की ओर से शुरू हुआ बहुद्देशीय मानसून मेला का आयोजन।

भागलपुर :---समाज जागरण /निभाष मोदी ।

महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु महिला उद्यमियों द्वारा लगाया गया अपने उत्पादों की प्रदर्शनी साथ ही की गई सामानों की बिक्री, जमकर लोग इस बहुद्देशीय मानसून मेला में खरीदारी करते दिखे भागलपुर। लायंस क्लब ऑफ भागलपुर फेमिना एक महत्वपूर्ण सेवा संस्था है, जो की भागलपुर में विभिन्न सेवा कार्य अपने शहर भागलपुर में वर्षों से करती चली आ रही है, उसी बाबत संस्था द्वारा अपने शहर भागलपुर में दो दिवसीय बहुउद्देशीय मॉनसून मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन लायंस क्लब के प्रथम उपजिलपाल लायन बिनोद अग्रवाल, भागलपुर ईस्टर्न बिहार चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्रवण बाजोरिया , महासचिव पुनीत चौधरी , कोषाध्यक्ष संजय जैन व लायन गोपाल खेतरीवाल - जोन चेयरमैन ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पूर्व उपमेयर प्रीति शेखर लायंस क्लब के जिला अनुदान प्रभारी छउक्क्रचेयरमैन लायन पंकज टंडन, लायन ज्योतिपुंज मेहरोत्रा , लायन नरेश अग्रवाल, प्रकाश सिंघानिया, अशोक बेजवानी आदि उपस्थित थे।

आज के मेले में भागलपुर के अनेको समाज की महिला उद्यमी द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शनी और बिक्रय किया जा रहा है। मेले में महिला उद्द्मियो द्वारा बनाये गए भगवा्न की पोशाक के स्टाल पर महिलाओं की काफी भीड़ थी । आज प्रदर्शनी मेले का पहला दिन था` महिलाओ के वस्त्र के अनेक स्टॉल लगाए गए है , जिनमे आयुषी डोकानिया का स्टाल काफी चर्चा में रहा। घरेलु आचार , घरेलु विभिन्न प्रकार के व्यंजन , जूते चप्पल, बिहारी लिट्टी चोखा का विशेष स्टाल , राखी, बेडसीट, भागलपुरी साड़ी का विशेष कलेक्शन , चाट- आदि व्यंजन के स्टॉल , घरेलु मिठाई का स्टॉल , घरेलु आइसक्रीम , घरेलु बेकरी के सामान का विशेष प्रदर्शनी सह विक्रय का आयोजन किया गया है। इस फेमिना कार्यक्रम मे लायन रश्मि अग्रवाल,लायन पल्लवी सिंघानिया ,लायन रेणु बेजवानी अध्यक्ष व सचिव,कोषध्यक्ष एवम कन्वेनर - लायन सारिका खेत्रीवाल, लायन सारिका जैन,लायन शिला जयसवाल , लायन बबिता गुप्ता , लायन मीणा चौधरी के अलावे दर्जनों सदस्या उपस्थित थीं।

अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का चला बुलडोजर

समाज जागरण लखीसराय

जिले में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने एक फिर से बुलडोजर चलाया है। श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने अशोकधाम मंदिर परिसर के आसपास अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों के विरुद्ध

बुलडोजर चलाया। डीएम के निर्देश पर एसडीएम राकेश कुमार की मौजूदगी में सदर सीओ एवं थानाध्यक्ष की मौजूदगी में बड़ी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान लगभग तीन दर्जन दुकानों को बुलडोजर चलाकर हटाया। जिला प्रशासन की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दुकानदार अपनी समान को हटाने में लग गए। मौके पर मौजूद एसडीएम राकेश कुमार ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर हटाने का निर्देश दिया गया था, नहीं हटाने पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अशोकधाम मंदिर में श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा होती है जिसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही है। इसी को लेकर अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

विदाई की बेला में अ्एड संजय चौधरी की हुई फजीहत, शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन, लगाए मुदार्बाद के नारे

समाज जागरण नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)

नवादा।बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा के शिक्षकों ने मंगलवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय के समक्ष जमकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थानांतरित जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार चौधरी मुदार्बाद के नारे लगाए। जिले के सभी नियमित/नियोजित शिक्षकों का करीब तीन माह से वेतन भुगतान नहीं होने पर कार्यालय का घेराव व विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन तब किया गया जब डीईओ संजय चौधरी विदा ले रहे थे और नए ीङ्क वीरेंद्र कुमार का योगदान पर उनका स्वागत हो रहा था।

नए डीईओ का स्वागत करते शिक्षकः

संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान ने कहा कि जिले में करीब 200 शिक्षकों का एक या दो दिन का वेतन जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा काट दिया गया है ,जिसे अविलंब वेतन निर्गत किया जाए। करीब चार माह से शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं हो पाया है वैसे शिक्षकों का लंबित वेतन का भुगतान जल्द करें। जिले में अप्रशिक्षित शिक्षकों का माननीय उच्च न्यायालय पटना द्वारा विद्यालय में योगदान कराने का आदेश निर्गत किया गया और बकाया वेतन भी भुगतान करने का आदेश निर्गत है, परन्तु जिला शिक्षा पदाधिकारी नवादा द्वारा उन सभी अप्रशिक्षित शिक्षकों का न तो विद्यालय में योगदान कराया और न हीं उनके वेतन भुगतान किया गया।

जिला सचिव आलोक कुमार ने कहा कि जून माह में विभागीय नियमानुसार जिला स्थानांतरण/ प्रोन्नति कमेटी द्वारा शिक्षकों का का सामूहिक ऐच्छिक स्थानांतरण किया जाता है, परंतु नवादा जिला में करीब सात वर्षों से ऐसा नहीं हो पाया है। एक तरफ सरकार कहती है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया जाए, परंतु विभाग द्वारा शिक्षकों को सिर्फ मानसिक और आर्थिक रुप से कमजोर और दोहन किया जाता रहा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जिला स्थानांतरण /प्रोन्नति समिति नियमावली को दरकिनार कर एक शिक्षक का स्थानांतरण शुभ लाभ के चक्कर में किया गया।जिले में सैकडो शिक्षकों का स्थानान्तरण हेतु आवेदन प्राप्त है, जिसे दरकिनार कर दिया गया। जबकि अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग पटना द्वारा आदेश दिया गया है कि सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी शिक्षकों का ऐच्छिक स्थानान्तरण करें। इसके बाबजूद भी नवादा में शिक्षकों का स्थानान्तरण नहीं कर पाये। जिले के सभी प्रखंडों से पहुंचे शिक्षकों में काफी आक्रोश देखा गया। शिक्षकों ने कहा कि किन्हीं के बच्चे जो बाहर पढ़ते हैं जिन्हें राशि उपलब्ध करानी है अब कैसे किया जायेगा। मुस्लिम वर्ग के शिक्षकों का निकट भविष्य में बकरीद का त्यौहार है और पर्व के पूर्व वेतन भुगतान संभव नहीं हो सकेगा। नये पदाधिकारी आने पर भी वेतन भुगतान होने में काफी विलंब होगा। जिले में सैंकड़ों नियमित/नियोजित शिक्षकों का बकाया वेतन है जिसे भुगतान करना चाहिए था।

विरोध प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार, जिला कार्यालय सचिव सुरेश प्रसाद सिंह, नवादा प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार, सचिव राजेश कुमार, हिसुआ प्रखंड

परबत्ता थाना क्षेत्र के जबतेली गांव में जमीन विवाद को लेकर दबंगों के द्वारा की गई मारपीट का वीडियो हो रहा पूरा तेजी से वायरल।

भागलपुर समाज जागरण /निभाष मोदी ।

नवगछिया के परबत्ता थाना क्षेत्र के जबतेली गांव में जमीन विवाद को लेकर दबंगों के द्वारा की गई मारपीट का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें साफ तौर पर देखा जा रहा है कि दबंगों के द्वारा राइफल चमकाते हुए लाठी डंडे से पुरुष और महिलाओं के साथ मारपीट की जा रही है। घटना जबतेली गांव की बताई जा रही है। जहां भूमिहीन जमीन पर कब्जा करने को लेकर अर्जुन यादव के द्वारा रुदल पासवान के घर पर हमला कर घरवालों के साथ मारपीट की गई। वहीं घटना के बाद परबत्ता थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। यह वीडियो की पुष्टि हमारा न्यूज चैनल नहीं करती है।

नवगछिया ; बकरीद में हुडदंग करने वालों पर पुलिस की रहेगी नजर

बिहपुर । बकरीद को लेकर बिहपुर थाना परिसर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता बीडीओ सतीश कुमार और संचालन थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने की। प्रभारी सीओ रोहित कुमार, आरओ आमिर हुसैन, पीएसआई आशुतोष कुमार भी मौजूद थे।बताया गया कि 10 जुलाई को बकरीद का त्योहार मनाया जाएगा। बकरीद के दौरान क्षेत्र पुलिस की गश्ती होती रहेगी। इस दौरान पुलिस की शराबियों के साथ-

साथ हुडदंगियों पर पर भी की पैनी नजर रहेगी। बकरीद त्योहार को शांति एवं भाईचारे के साथ मनाये। इस दौरान किसी प्रकार के अफवाह से बचें। इस दौरान जिप मोइन राइन, उपप्रमुख एनामुल, राजद जिलाध्यक्ष अलख निरंजन पासवान, सरपंच प्रमोद सिंह, मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण उर्फ फोर्ड, मुखिया सलाउद्दीन, अरशद अली आदि समेत कई लोग मौजूद थे।

22 may 2022:Layout 1 7/6/2022 1:07 AM Page 11

एनएच 327 ए पर राजपुर चौक के समीप एक आज्ञात बाइक के चपेट मे आने से एक 35 वर्षीय महिला का मौत हो।

दैनिक समाज जागरण/संवाददाता मो0जियाउद्दीन।

किशनपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत एनएच 327 ए पर राजपुर चौक के समीप एक आज्ञात बाइक के चपेट मे आने से एक 35 वर्षीय महिला का मौत हो गया। जानकारी अनुसार राजपुर पंचायत के वार्ड नंबर 2 निवासी मोहम्मद सरफुद्दीन के 35 वर्षीय रसीना खातून राजपुर चौक के समीप सड़क पार कर रही थी कि अचानक किशनपुर के तरफ से सुपौल की तरफ जा रही तेज रफ्तार अज्ञात

बाइक के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आनन-फानन में उपचार हेतु सदर अस्पताल ले जा रहा था कि रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया जिसस उनका मौत हो गया इधर मौत का सूचना मिलते ही परिजनो मे कोहराम मच गया स्थानीय ग्रामीण के अनुसार मृतका महिला को पांच संतान मे दो लडकी व दो लडका है और उनका पति व बच्चे जम्मू-कश्मीर मे मजदूरी का कार्य करता है इस संबंध मे थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि सडक दुर्घटना मे महिला का मौत हुआ है।जिसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सुपुर्द कर दिया जाएगा और आवेदन प्राप्त होते ही अग्रेतर कार्रवाई किया जाएगा।

बांका रजौन मै श्रावणी मेला को लेकर समीक्षात्मक बैठक।

रिर्पोट। ओम राजीव बांका

जिला पदाधिकारी, बांका के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी, बांका एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बांका की अध्यक्षता में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 2022 को लेकर रजौन प्रखंड मुख्यालय में समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में विधि व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द्र को बनाए रखने को लेकर बैठक की गई।

सभी प्रशासनिक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को शांति और भक्ति भावना से मिलजुल कर श्रावणी मेला को सौहार्दपूर्ण बनाए रखने का अनुरोध किया गया। श्रावणी मेला में अधिक संख्या में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के पहुंचने से पूर्व साफ-सफाई पर बल दिया गया।

बिहटा: मारपीट मामले में फरार एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/ बिहटा

पटना/बिहटा: मंगलवार को बिहटा पुलिस ने थानाक्षेत्र के दोघरा छिलका गांव में हुए मारपीट मामले में फरार एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नौबतपुर थाना क्षेत्र के गोनवा गांव निवासी फुलेन्द्र यादव उर्फ मुखिया के रूप में हुई है थानाअध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि इसी साल मार्च के महीने में

थानाक्षेत्र के दोघरा छिलका गांव में मारपीट का मामला सामने आया था वह इस मामले में फुलेन्द्र यादव उर्फ मुखिया नामजद था जिसकी गिरफ्तारी हुई है पूछताछ के बाद अभियुक्त को जेल भेजा गया है

अनुमंडल पदाधिकारी को कटाव से विस्थापित परिवारों को राहत देने के संबंध में दिया आवेदन

नवगछिया:----समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर

भाजपा जिला अध्यक्ष विनोद मंडल के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी को कटाव से विस्थापित परिवारों को राहत देने के संबंध में आवेदन दिया गया नवगछिया में कोसी नदी से कई जगहों पर दर्जनों घर परिवार कटाव से विस्थापित हो गए हैं जिस की सुध लेने वाला

कोई नहीं ऐसे परिवारों को सरकारी सहायता राहत देने की आवश्यकता है प्रखंड नवगछिया- पंचायत- प्रताप नगर ग्राम ठाकुर जी कचहरी टोला, पंचायत पूनमा प्रताप नगर, प्रखंड -खरीक पंचायत लोकमानपुर में एवं लोकमानपुर सिहकुण्ड प्रखंड- रंगरा- पंचायत- जहांगीरपुर बैसी सभी जगह पर कटाव से विस्थापित परिवार को अविलंब सहायता प्रदान की जाए।

गंगा में डूबने से बालक की मृत्यु।

पीरपैंती :---समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय ।

पीरपैंती प्रखंड के बड़ी मोहन पूर पंचायत के अखलेश मंडल के पुत्र कि गंगा में डूबने से मृत्यु हो गई।मृतक का नाम कृष्ण कुमार उम्र लगभग 7 साल है। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी।स्थानीय लोगो का कहना है कि साम के समय दोस्तो के साथ खेल खेल में ही गंगा

में डूब गया।लड़को के गांव में आकर लोगो को बताया,लेकिन पहुंचने पर देर हो चुकी थी।लड़के कि मौत हो चुकी थी।

चंपा देवी बालिका उच्च विद्यालय में बैठक।

पीरपैंती :---समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय ।

प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद मेहताब सर के अध्यक्षता में विद्यालय के शिक्षकों का एक बैठक संपन्न हुई इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नामांकन पखवारा विशेष में क्षेत्रों से छूटे हुए बालिकाओं का नवम वर्गमें प्रवेश हेतु बैठक आयोजित की गई। जिसने यह निर्णय लिया गया कि पूर्ववर्ती छात्रों के सहयोग से नए छात्रों का और छात्राओं का नवम वर्ग में प्रवेश विशेष पखवारा में किया जाए। सभी शिक्षकों से अनुरोध किया गया कि आप अपने अपने क्षेत्र में स्थानीय विद्यालय में बालक बालिकाओं को नामांकन के लिए प्रेरित करें ।अभिभावकों से संपर्क करें। सभी शिक्षकों से यह भी अनुरोध किया गया कि आप अपने स्तर पर छूटे हुए बच्चों का नामांकन नवम वर्ग में कराएं ।इसके लिए सभी शिक्षकों ने हामी भरी और नामांकन के प्रति उत्साहित दिखे। बैठक में शामिल शिक्षक चुन्नू सर, अजीत सर, जया मलिक ,मीनू मेम, अर्चना मेम सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

गंडक नदी में डूबे दो छात्र,एक की शव बरामद

दैनिक समाज जागरण
समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह

समस्तीपुर- जिले के रोसड़ा बूढ़ी गंडक नदी में मंगलवार को तीन छात्र स्नान करने गये। जिसमें दो छात्र गहरे पानी में चला गया। उसी दौरान दोनों छात्र डूब गया। वहीं दूसरे घाट पर स्नान कर रहे लोगों ने छात्रों को डूबते हुए देख जोर-जोर से शोर मचाया। वहीं आसपास के लोग नदी किनारे दौरे और स्थानीय प्रशासन को सूचना दिया। मौके पर रोसड़ा थानाध्यक्ष एवं अंचलाधिकारी अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। डूबने वाले छात्र की पहचान समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय निवासी धर्मेंद्र राय के 19 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार,दूसरे छात्र बेगूसराय जिला के सगी निवासी सरोज कुमार के 19

वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार के रूप में हुई। सन्नी कुमार रोसड़ा के शारदा नगर में अपने बुआ के घर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। बताया जा रहा है कि सन्नी कुमार,सौरभ कुमार,विशाल कुमार तीनो होली मिशन स्कूल में 10 वीं कक्षा के छात्र थे। तीनों छात्र स्नान करने के लिए बूढ़ी गंडक नदी पहूंच गये। वहीं सन्नी और सौरभ दोनों स्नान करने के दौरान गहरे पानी चला गया। दोस्त को डूबते देख विशाल कुमार गमछा से बचाने का प्रयास किया। लेकिन प्रयास असफल रहा और वहां से विशाल कुमार भाग गया। विशाल कुमार का घर बेगूसराय जिले के सगी गाँव है। डूबे दो छात्र में से एक की शव सियाराम सहनी के द्वारा पानी से निकाला गया। वहीं संवाद प्रेषण तक एनडीआरएफ टीम के द्वारा दूसरे छात्र की तलाश जारी है।

बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ का महावारी बैठक

दैनिक समाज जागरण
आरा,,, अख्तर शफी निक्की

बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ की माहवारी बैठक जिला सैनिक कल्याण ऑफिस के आराम घर में मेजर राणा प्रताप सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

सबसे पहले 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों के श्रद्धांजलि अर्पित की गई साथी आरा के रहने वाले पेटी अफसर रामेश्वर सिंह की देहांत पर भी शोक प्रकट किया गया

उसके बाद सभी पूर्व सैनिकों मैं अपना अपना विचार व्यक्त किया और अध्यक्ष महोदय ने सबके निवारण करने की कोशिश की उसके बाद पूर्व सैनिकों का एक कोर कमिटी जिसमें अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष महासचिव सचिव ने डीएम साहब के ऑफिस पर जाकर डीएम साहब से स्वागत किया उन्हें माला और अंग वस्त्र देकर भोजपुरी डिस्टिक के डीएम बनने पर बधाई दी डीएम साहब सैनिकों से आधे घंटे तक बात की और पूरे समस्याओं को अवगत कराया गया डीएम साहब ने बताया कि आपके दानापुर से ऋडउ साहब पिछले हफ्ते में आए थे हम से बात हुई है और हम भी चाह रहे हैं कि पूर्व सैनिकों का कुछ कल्याण किया जाए इसलिए मैं कल कैंटीन में 5:00 बजे पुण आऊंगा और खुद समस्या का समाधान करूंगा।

अध्यक्ष महोदय द्वारा डीएम साहब से

वार मेमोरियल बनाने के लिए भी विचार-विमर्श किया गया उन्होंने बताया की आरा के सांसद ऊर्जा मंत्री भारत सरकार श्री आरके सिंह साहब आपसे वार मेमोरियल के बारे में बात करेंगे कृपया आप उन्हें जगह की उपाय कर दे उसे यह फायदा होगा कि भोजपुर के शहीदों के नाम वार मेमोरियल पर लिखा जाएगा और जब भी 15 अगस्त और 26 जनवरी को परेड के पहले डीएम या एसपी साहब वहां आकर श्रद्धांजलि देने के बाद परेड की सलामी ले इस पर डीएम साहब ने बताया कि बहुत ही अच्छा सुझाव है।

अध्यक्ष महोदय ने बताया की ईसीएचएस में दवा कल या परसों आ जाएगा लेकिन 12 जुलाई से दवा मिलना स्टार्ट हो जाएगा आप लोग कृपया 12 जुलाई को दवा के लिए जाए।

सीएसडी कैंटीन सुचारू रूप से चल रहा है पूर्व सैनिकों सैनिकों एवं उनके परिवार के जो भी सदस्य आते हैं तो अपना कार्ड लेकर खुदा है और अपना समान लें। किसी दूसरे का कार्ड या किसी और को भेजने पर समान नहीं दिया जाएगा अभी कूलर ठंडा होगा रस सब अवलेबल है आप लोग इसका फायदा उठाएं

आज का मीटिंग का संचालन सूबेदार मेजर जैन सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन भी उन्होंने ही किया।

आज के मीटिंग में राम अयोध्या सिंह राम दयाल सिंह कन्हैया सिंह फ्लाइंग ऑफिसर तिवारी जी शिवपूजन सिंह मीना देवी फुल कुमारी देवी आदि मौजूद थे

पीरपैंती थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न।

भागलपुर समाज जागरण राजीब पाण्डेय /केदारनाथ पाण्डेय ।

पीरपैंती थाना परिसर में ईद उल जुहा के अवसर पर थाना अध्यक्ष महोदय पीरपैंती की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें थाना क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधि और अन्य लोग उपस्थित थे। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईद उल जुहा का पर्व शांतिपूर्ण एवं भाई चारे के साथ संपन्न हो। बुलबुल सिंह ने कहा कि यह त्योहार आपसी भाईचारे के साथ संपन्न हो अफवाह पर ध्यान ना दें ।रमेश रमन जी ने कहा कि हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई आपस में भाई-भाई हैं सभी लोग मिल जुलकर त्योहार मनाए। पूर्व स्टेशन प्रबंधक घनश्याम सर ने कहा कि अफवाह फैलाने वाले पर ध्यान

दिया जाएगा। किसी को भी माहौल खराब करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। थाना प्रभारी महोदय ने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के साथ सख्ती कि जाएगी और किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी लोगों ने एक स्वर में कहा पीर कि धरती,पीरपैंती में ऐसा कुछ भी नहीं होगा जिससे भाईचारा में अवरोध पैदा हो। शांति समिति में आए हुए प्रमुख लोग बुलबुल सिंह, रहमत अली, रमेश रामायण, मोहम्मद फारुख, सुरेंद्र ओझा, गोल्डन खान, उत्तम दास, घनश्याम दास ,वरुण गोस्वामी, अरविंद शाह मुखिया मानिकपुर , मोजिब खान ,उमर फारूक, रामगोपाल केडिया ,मोहम्मद सुल्तान, जय कांत साह, अनिल राजवंशी, हरि धन राजवंशी ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।

कुलसचिव मुस्ताक अहमद द्वारा चोरी-छिपे बेचने पर भड़के छात्र नेता जय प्रकाश झा

विश्वविद्यालय थाना में आवेदन देकर की कानूनी कार्रवाई करने की मांग

समाज जागरण मुरारी झा

दरभंगा मिथिला स्टूडेंट यूनियन के विश्वविद्यालय प्रभारी जय प्रकाश झा व जिला कॉलेज प्रभारी अनिश चौधरी ने यूनिवर्सिटी थाना में आवेदन देकर दरभंगा महाराज का रखे गए लोहे के एस्केप को कुलसचिव मुस्ताक अहमद द्वारा चोरी कर बेचने को लेकर प्राथमिक दर्ज करने का आवेदन दिया गया।

यूनिवर्सिटी थाना में आवेदन देने के बाद विश्वविद्यालय प्रभारी जय प्रकाश झा ने कहा कि समय 3:00 बजे विश्वविद्यालय कैंपस में रखे लोहा का एस्केप को कुलसचिव के मिलीभगत से चार गाड़ी लोहा को कवारी के हाथों अवैध तरीके से चोरी कर बेच दिया है जिसका शिकायत मुझे कई लोगों ने की जिसके बाद हमने एलएनएमयू के वीसी को शिकायत किया परंतु उन्होंने भी उस लोहा को बेचने से और चोरी होने से नहीं रोक पाए ना ही कोई पहल कर पाए ताकि लोहे की बिक्री पर रोक लग सके लोहा चोरी करने के बाद जब कुलसचिव से शिकायत किया तो उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय मेरा है हम सारा सामान बेच लेंगे।

हमारे संगठन मिथिला स्टूडेंट यूनियन छात्र हित में हमेशा कार्य करता है जिसका परिणाम है कि एलएनएमयू को पूरे बिहार का नंबर वन विश्वविद्यालय बना परंतु कुलसचिव द्वारा लोहा चोरी कर बेचने से एलएनएमयू का छवि धूमिल हो रहा है। दिए गए आवेदन में प्राथमिकी दर्ज के अलावा दोषी कुलसचिव

और भूसंडा पदाधिकारी को अभिलंब चोरी के आरोप में गिरफ्तार करें अन्यथा मिथिला स्टूडेंट यूनियन छात्र हित में ऐसे चोर पदाधिकारियों को सबक सिखाने को लेकर पुरजोर आंदोलन करेगी यदि 24 घंटा के अंदर में यूनिवर्सिटी थाना मामला दर्ज करके दोषियों पदाधिकारी को सजा नहीं देता है ना ही लोहा को अपने कब्जे में कर उसे बेचने से रोकने का प्रयास करता है तो 24 घंटा के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक डीजीपी राजपाल मुख्यमंत्री को आवेदन देकर चोरी करने वाले पदाधिकारियों को सजा दिलाने को लेकर दिन रात आंदोलन किया जाएगा तथा जरूरत पड़ने पर विश्वविद्यालय भी बंद किया जाएगा वही कॉलेज प्रभारी अनिश चौधरी ने कहा कि अभिलंब बचा हुआ लोहा को अपने कब्जे में कर अविलंब कुलसचिव और अन्य दोषियों पदाधिकारी पर कानूनी कार्रवाई करें जिसके विश्वविद्यालय थाना अध्यक्ष के सदा आभारी रहेगा क्योंकि विश्वविद्यालय में कुलपति हो या नाक भवन सब पैसे के बल पर ही चल रहा है और मोटी मोटी रकम लेकर विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचारियों से खुलेआम चोरी करवाया जा रहा है यदि ऐसे पदाधिकारियों को सबक नहीं सिखाया गया तो हमारा यूनियन जोरदार प्रतिकार करेगा जिसका पूर्ण जवाबदेही यहां के स्थानीय प्रशासन की भी होगी क्योंकि उनके रहते हुए उनके कैंपस से इतने भारी मात्रा में लोहा चोरी हो जाता है लेकिन यहां के पुलिस प्रशासन उन चोरों को पकड़ने में विफल रहते हैं

जय श्यामा माई सेवा समिति के संस्थापक ने थैलीसीमिया बच्चों के लिए किया अपना 13वां रक्तदान:- प्रशांत कश्यप

समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा

सरकारी ब्लड बैंक मैं (अ-) नेगेटिव रक्त उपलब्ध नही होने के कारण पिछले 3 रोज से एक थैलीसीमिया पीड़ित बच्चा जिसका नाम आर्यन कुमार, उम्र-3 साल है जिनका परिजन डी एम सी एच अस्पताल में भटक रहा था।। जिसकी जानकारी आज जय श्यामा माई सेवा समिति के संस्थापक सह मानवाधिकार इमरजेंसी सोशल हेल्पलाइन के प्रमंडलीय उपाध्यक्ष प्रशांत कश्यप को मिला और उन्होंने तुरंत सरकारी ब्लड बैंक जाकर अपना 13वां (अ-) निगेटिव रक्त रक्तदान कर थैलीसीमिया पीड़ित बच्चे की मदद किया।।

श्री कश्यप ने रक्तदान करते हुए सभी आम जनों से यह अपील किये है कि जो भी व्यक्ति 18 साल से ऊपर ओर जिनका वजन 50 किलो से ऊपर है और उनके रक्तदान का समय हो चुका हो तो अपने नजदीकी ब्लड बैंक मैं जाकर अपना रक्तदान करे ।। क्योकी कितने ऐसे मरीज है जैसे थैलेसीमिया पीड़ित रोगी , एनीमिया , प्रसर्व के दौरान महिलाएं , आदि जो ब्लड बैंक पर ही निर्भर रहते है।

ओर ऐसे मैं अगर हम अपना स्वेच्छिक रक्तदान नही करेंगे तो फिर ब्लड कि समस्या भी हमारे देश के लिए एक जटिल समस्या बन सकती है ।। इसीलिए श्री कश्यप ने कहा कि आप सभी आम जनों से अनुरोध है कि अपना नियमित स्वेच्छिक रक्तदान अवश्य करे ।।

मौके पर संगठन के सदस्य आदित्य झा माधव , बाला, अमित राय के साथ साथ ब्लड बैंक के कर्मचारी मृतुन्जय झा ,रामबालक जी आदि भी मौजूद थे।।

बिक्रमगंज में आर एल मेमोरियल हॉस्पिटल।

दैनिक समाज जागरण
आरा,, अख्तर शफी निक्की

जज कोठी मोड़, आरा की पहली इकाई का उद्घाटन समारोह। आर एल मेमोरियल हॉस्पिटल, जज कोठी मोड़, आरा के संस्थापक एवं वरिष्ठ लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ विजय गुप्ता जी का एक ही सपना है की कम खर्च में दूरबीन द्वारा होने वाली सर्जरी को सुदूर गाँव के आम आदमी तक पहुचाना इसी काम के लिए उन्होंने अपना पहला कदम आगे बढाया और रोहतास जिले के बिक्रमगंज में एडवांस लेप्रोस्कोपिक सेंटर के नाम से आर एल मेमोरियल हॉस्पिटल, जज कोठी मोड़, आरा के एक इकाई के रूप में प्रारंभ कर दिया है क जिसका उद्घाटन बिना किसी

चकाचौंध के बिक्रमगंज के सिनिअर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मनोरमा सिंह के द्वारा फीता कटवा कर किया गया क इस उद्घाटन समारोह में डॉ रामकिशोर सिंह, डॉ ओम प्रकाश, डॉ बिरेन्द्र प्रसाद पाण्डेय , चेयरमैन गुप्तेश्वर गुप्ता जी, भकुरा पंचायत के मुखिया राम इश्वर सिंह जी, एवं आर एल मेमोरियल हॉस्पिटल के वरिष्ठ कंसलटेंट एवं डायरेक्टर डॉ संगीता गुप्ता उपस्थित थे और उत्साह वर्धन करने के लिए बिक्रमगंज के लगभग 400-500 आम आदमी उपस्थित थे इस विशाल जन समूह को देख डॉ विजय गुप्ता जी इतने उत्साहित हुए की इन्होने ये घोषणा भी कर दी की 2023 तक छोटे छोटे शहरों में कम से कम और 5 ऐसे सेंटर प्रारंभ किये जायेंगे

टीबी एक संक्रामक बीमारी, छिपाने के बजाय समय पर इलाज जरूरी

दैनिक समाज जागरण
आरा,, अख्तर शफी निक्की

दो हफ्ते से ज्यादा खांसी रहने पर तुरंत कराएं जांच, सभी सरकार अस्पतालों में उपलब्ध है मुफ्त जांच - निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों को सरकार द्वारा दी जाती है सहायता राशि

आरा, 05 जुलाई हमारे शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र हर समय रोगजनक जीवाणुओं से लड़ता रहता है। लेकिन, प्रतिरण प्रणली कमजोर होने की स्थिति में कई बीमारियां हावी होने लगती हैं। ऐसी ही, बीमारियों में से एक है टीबी। जिसे तपेदिक या क्षय रोग के नाम से भी जाना जाता है। टीबी का पूरा नाम ट्यूबरक्लोसिस है, जो ह्यमाइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिसह्न नामक जीवाणु से होता है। टीबी रोग मुख्य रूप से फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है। हालांकि, टीबी का वायरस आंत, मस्तिष्क, हड्डियों, जोड़ों, गुर्दे, त्वचा तथा हृदय को भी प्रभावित कर सकता है। टीबी एक संक्रामक बीमारी, छिपाने के बजाय समय पर इलाज जरूरी है। यदि समय पर टीबी का इलाज नहीं हुआ, तो उसके गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीबी की सैम्पलिंग शुरू :

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया, टीबी जांच के लिए सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क जांच की सुविधा है। जिला मुख्यालय और डुमरांव अनुमंडल अस्पताल के अलावा सिमरी, राजपुर व ब्रह्मपुर पीएचसी में सीबी-नॉट के माध्यम से चिह्नित मरीजों में टीबी की

निःशुल्क जांच की जा रही है। साथ ही, अब जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर भी टीबी सैम्पलिंग की सुविधा शुरू कर दी गई है। ताकि संबंधित मरीज सुविधाजनक तरीके से जांच करा सके और उन्हें कोई असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि उक्त सेंटर पर सैंपल लेकर जांच के लिए स्थानीय स्वास्थ्य संस्थान भेजा जाता है। वहां से रिपोर्ट आने के बाद मरीजों को टीबी की दवा उपलब्ध करा दी जाती है।

टीबी मरीजों को मास्क पहनने की सलाह दी जाती है :

डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया, टीबी का वायरस संक्रमित मरीज से दूसरे स्वास्थ्य व्यक्ति में जा सकता है। इसलिए टीबी मरीजों को मास्क पहनने की सलाह दी जाती है। ताकि, दूसरे लोगों में संक्रमण न फैले। उन्होंने कहा कि टीबी का लक्षण महसूस होते ही ऐसे लोगों को बिना देर किए अपनी बलगम सहित अन्य टीबी की जांच करवानी चाहिए। जिला के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मुफ्त जांच एवं दवाई की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही ऐसे मरीजों को उचित पोषण आहार के लिए प्रधानमंत्री मंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत सहायता राशि भी दी जाती है।

ये हैं टीबी के लक्षण :

- भूख न लगना, कम लगना तथा वजन अचानक कम हो जाना।
- बेचैनी एवं सुस्ती छाए रहना, सीने में दर्द का एहसास होना, थकावट रहना व रात में पसीना आना।
- हलका बुखार रहना, हरारत रहना।
- लगातार खांसी रहना, खांसी में बलगम आना तथा बलगम में खून आना। कभी-कभी जोर से अचानक खांसी में खून आ जाना।
- गहरी सांस लेने में सीने में दर्द होना, कमर की हड्डी पर सूजन, घुटने में दर्द, घुटने मोड़ने में परेशानी आदि।

पीरपैंती के बड़गांव पर आदिम युग में जीने को मजबूर है आदिवासी समाज।

पीरपैंती :---समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय ।

बन्ना पंचायत के एक हिस्सा है जहां पर आदिवासी समुदाय के 80 90 घर अपना जीवन यापन कर रहा है। इस गांव में आज तक विकास के कोई रोशनी नहीं पहुंच पाई ।चुनाव के समय अनेक बड़े छोटे नेता लोग वहां पर जाकर आदिवासियों का वोट लेने के लिए लंबा चौड़ा वादा करते हैं और चुनाव जीतने के बाद नेता लोग भूल जाते हैं ।यहां के आदिवासी आदिम युग में जीने के लिए लाचार हैं। इस गांव में न तो पीने का पानी है न आंगनबाड़ी केंद्र, है न ही शिक्षा चिकित्सा का कोई उपाय है ।इस गांव की सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी को लेकर है। दूर से लोग पानी ढोकर लाते है सब

उनकी प्यास बुझती है। गांव में एक सरकारी चापाकल भी है जो साल में 10 महीने खराब रहता है ।सरकारी फंड से शौचालय का भी निर्माण किया गया था जिसमें जमकर लूट खसोट हुआ। वर्तमान समय में गांव में जाने के लिए एक सड़क बनाया जा रहा है जो गुणवत्तापूर्ण नहीं है ।आदिवासियों ने आरोप लगाया कि जैसे तैसे बाबू लोग रोड बना कर चले जाते हैं लेकिन यह रोड वर्षा को भी सही से नहीं झेल पाता है। मोटा मोटी आदिवासियों का जीवन नारकीय हो गई है और आदिवासियों को अपनी उद्धारक का बेसब्री से इंतजार है।

बड़ी घाट ठाकुरबाड़ी में अभिषेकात्मक महारुद्र यज्ञ 14 जुलाई से।

भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /शक्ति ठाकुर ।

श्रावण मास के पावन पर्व पर विद्यावाचस्पति डॉक्टर श्रवण जी शास्त्री के सानिध्य में स्थानीय बड़ी घाट ठाकुरबाड़ी परिसर में 14 जुलाई से 25 जुलाई तक दशम अभिषेकात्मक महारुद्र यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी महारुद्र यज्ञ समिति के सचिव प्रवीण कुमार भगत ने देते हुए बताया कि इस दौरान श्री शिव महापुराण एवं गरुड़ महापुराण का संगीत में प्रवचन का भी आयोजन किया जाएगा। महारुद्र यज्ञ समिति के अध्यक्ष त्रिपुरारी कुमार भारती ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत दिन के 1:00 बजे से एवं सायं 7:30 बजे से विद्यावाचस्पति डॉक्टर श्रवण

जी शास्त्री के निर्देशन में महा रुद्राभिषेक होगा। वही 10:30 बजे से महंत श्री सिया वल्लभ शरण जी महाराज द्वारा शिव महापुराण कथा का प्रवचन होगा। प्रवचन के द्वितीय सत्र 3:30 बजे से श्रीमद् भागवत कथा का प्रवचन साध्वी ऋचा (वृंदावन धाम) के द्वारा एवं कोरोना काल में मृत आत्माओं की शांति हेतु गरुड़ महापुराण का संगीतमय प्रवचन होगा। मौके पर समिति के संरक्षक महंत सिया वल्लभ शरण जी, अध्यक्ष त्रिपुरारी कुमार भारती (विधायक प्रतिनिधि) उपाध्यक्ष संतोष यादुका, सचिव प्रवीण कुमार भगत, कोषाध्यक्ष चंदन सिंह, ब्राह्मण एवं यज्ञ प्रभारी पंडित ललित शास्त्री, संयोजक अजीत कुमार पटेल एवं मिलन सागर मौजूद थे।

बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ का महावारी बैठक

दैनिक समाज जागरण आरा... अख्तर शफी निक्की

बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ की माहवारी बैठक जिला सैनिक कल्याण ऑफिस के आराम घर में मेजर राणा प्रताप सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

सबसे पहले 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों के श्रद्धांजलि अर्पित की गई साथी आरा के रहने वाले पेटी अफसर रामेश्वर सिंह की देहांत पर भी शोक प्रकट किया गया उसके बाद सभी पूर्व सैनिकों मैं अपना अपना विचार व्यक्त किया और अध्यक्ष महोदय ने सबके निवारण करने की कोशिश की उसके बाद पूर्व सैनिकों का एक कोर कमिटी जिसमें अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष महासचिव सचिव ने डीएम साहब के ऑफिस पर जाकर डीएम साहब से स्वागत किया उन्हें माला और अंग वस्त्र देकर भोजपुरी डिस्टिक के डीएम बनने पर बधाई दी डीएम साहब सैनिकों से आधे घंटे तक बात की और पूरे समस्याओं को अवगत कराया गया डीएम साहब ने बताया कि आपके दानापुर से ऋडउ साहब पिछले हफ्ते में आए थे हम से बात हुई है और हम भी चाह रहे हैं कि पूर्व सैनिकों का कुछ कल्याण किया जाए इसलिए मैं कल कैंटीन में 5:00 बजे पुण आऊंगा और खुद समस्या का समाधान करूंगा। अध्यक्ष महोदय द्वारा डीएम साहब से वार मेमोरियल बनाने के लिए भी विचार-विमर्श किया गया उन्होंने बताया की आरा के सांसद ऊर्जा मंत्री भारत सरकार श्री आरके सिंह साहब आपसे वार मेमोरियल के बारे में बात करेंगे कृपया आप उन्हें जगह की उपाय कर दे उसे यह फायदा होगा कि भोजपुर के शहीदों के नाम वार मेमोरियल पर लिखा जाएगा और जब भी 15 अगस्त और 26 जनवरी को परेड के पहले डीएम या एसपी साहब वहां आकर श्रद्धांजलि देने के बाद परेड की सलामी ले इस पर डीएम साहब ने बताया कि बहुत ही अच्छा सुझाव है।

अध्यक्ष महोदय ने बताया की ईसीएचएस में दवा कल या परसों आ जाएगा लेकिन 12 जुलाई से दवा मिलना स्टार्ट हो जाएगा आप लोग कृपया 12 जुलाई को दवा के लिए जाए।

सीएसडी कैंटीन सुचारू रूप से चल रहा है पूर्व सैनिकों

सैनिकों एवं उनके परिवार के जो भी सदस्य आते हैं तो अपना कार्ड लेकर खुदा है और अपना समान लें। किसी दूसरे का कार्ड या किसी और को भेजने पर समान नहीं दिया जाएगा अभी कूलर ठंडा होगा रस सब अवलेबल है आप लोग इसका फायदा उठाएं

आज का मीटिंग का संचालन सूबेदार मेजर जैन सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन भी उन्होंने ही किया।

आज के मीटिंग में राम अयोध्या सिंह राम दयाल सिंह कन्हैया सिंह फ्लाइंग ऑफिसर तिवारी जी शिवपूजन सिंह मीना देवी फुल कुमारी देवी आदि मौजूद थे

22 may 2022:Layout 1 7/6/2022 1:07 AM Page 12

झारखंड संक्षिप्त खबरें

निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी ने विशेष पीएमएलए की अदालत में

दैनिक समाज जागरण झारखण्ड राज्य

राँचीः- निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी ने विशेष पीएमएलए की अदालत में चार्जशीट दखिल कर दिया है। लगभग पांच हजार पन्नों की यह चार्जशीट ईडी की टीम दो बक्सो में भरकर कोर्ट पहुंची। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में पूजा सिंघल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची ने लोहरदगा के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अकाउंट क्लर्क शैलेश कुमार मिश्रा को 3000 घूस लेते गिरफ्तार किया

राँचीः-
राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह अवकाश पर चले गए हैं। उनके अवकाश से लौटने तक विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह को मुख्य सचिव का प्रभार दिया गया है। बताते चलें कि अरुण कुमार सिंह विकास आयुक्त होने के साथ-साथ स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव के प्रभार में भी हैं। कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

जिप सदस्य पति बजरंगी महथा पर लगाया जानलेवा हमला का आरोप , 24 घंटे बीत जाने के बाद भी दर्ज नहीं हुई प्राथमिकी

दैनिक समाज जागरण देवघर, झारखण्ड

रिखिया थाना क्षेत्र के बलसारा में किसी विवाद को लेकर जिप सदस्य के पति बजरंगी महथा , उसकें भाई तुफानी महथा व अन्य ने जमकर एक युवक की पिटाई कर दी। मामला संज्ञान में तब आया जब नगर थाना क्षेत्र के सलोनाटाँड़ निवासी दीपक माहथा ने रिखिया थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। लिखित आवेदन में जिक्र है कि बीते रविवार की शाम करीब साढ़े छह बजे वह अपने दोस्त कपिल के घर गया

हुआ था। लौटने के क्रम में बलसारा चौक पर दुकान में सामान की खरीदारी कर रहा था तथा दुकान के बाहर सिगरेट पी रहा था । इसी बीच बजरंगी महथा व उसका भाई तूफानी महथा मारपीट करने लगा। साथ ही जिक्र है कि उसे जमीन पर पटक दिया व इट पत्थर से प्रहार कर दिया । बाद में स्थानीय लोगों के द्वारा उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं बलसरा निवासी एक नाबालिग लड़की ने सोमवार को थाना में नगर थाना क्षेत्र के सलोनाटाँड़ निवासी दीपक माहथा पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया। हलांकि मंगलवार के सुबह उक्त नाबालिक लड़की ने दोबारा थाना में आवेदन देकर कहा कि दूसरे के बहकावे में आकर थाना में आवेदन दे दिए थे। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रहा है। वहीं दीपक ने बताया कि पुलिस के संरक्षण में जिप सदस्य के पति बजरंगी महथा क्षेत्र में आम लोगों को परेशान करते रहता है ।

राष्ट्रीय जनता दल पार्टी का 26 वां स्थापना दिवस समारोह

दैनिक समाज जागरण प्रखंड देवीपुर,अरविन्द यादव

आज राष्ट्रीय जनता दल पार्टी का 26 वां स्थापना दिवस समारोह पूर्व मंत्री श्री सुरेश पासवान जी के आवासीय कार्यालय जटाही देवघर में जिला अध्यक्ष डॉक्टर फनी भूषण यादव के नेतृत्व में मनाई गयी साथ ही साथ चल रहे सदस्यता

अभियान के बारे में भी समीक्षा किया गया और पार्टी केसभी पदाधिकारियों,प्रखंड अध्यक्षों एवं सक्रिय कार्यकताओं को निर्देश दिया गया कि सदस्यता अभियान युद्ध स्तर पर चला कर जिला के टारगेट को पूरा करें।

सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के लापरवाही पर बिरसा तहसीलदार समेत पांच अधिकारियों पर अर्थदंड

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों का समय सीमा में संतुष्टि पूर्वक निराकरण नहीं करने के कारण पांच अधिकारियों पर 02-02 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की यह राशि जिला रेडक्रास सोसायटी के खाते में जमा करने का आदेश दिया गया है। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि खैरलांजी के महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी लकेश उके, खैरलांजी के कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी पी एस वलाड़ी, खैरलांजी के प्रभारी तहसीलदार इन्द्रसेन तुमराली, बिरसा की तहसीलदार श्रीमती देवंती परते एवं जनपद पंचायत बालाघाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गायत्री कुमार सारथी द्वारा प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में बालाघाट जिले की स्थिति प्रभावित हो रही है। समीक्षा बैठकों में बार-बार निर्देश देने के बाद भी विभाग की ग्रेडिंग में कोई सुधार नहीं आया है। कलेक्टर डॉ मिश्रा ने इसे कदाचरण की श्रेणी में मानते हुए इन पांच अधिकारियों पर 02-02 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है और यह राशि जिला रेडक्रास सोसायटी बालाघाट के बैंक खाते में जमा कराने के आदेश दिये है।

शासकीय प्राथमिक शाला भटेरा चौकी के बच्चों से मिले न्यायाधीश

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निदेर्शानुसार दिनांक 01 जुलाई से 07 जुलाई तक बाल संवर्धन एवं बाल संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत 05 जुलाई को बालाघाट में स्थानीय भटेरा चौकी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। श्री आसिफ अब्बदुल्लाह जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट द्वारा प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से अभिभावक के रूप में सौहार्दपूर्ण चर्चा कर उनसे गीत, कविता और सामान्य ज्ञान से संबंधित चर्चा कर उनकी कुशलता और उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। बच्चों से उन्हें मिलने वाली सुविधाओं जैसे पाठ्य पुस्तक, मध्यान्ह भोजन आदि के बारे में भी जानकारी ली गयी । इस दौरान उपस्थित अध्यापकगण श्रीमती पूर्णिमा गौतम प्राचार्य, श्रीमती लक्ष्मी भलावी, आर.के. बोपचे, श्रीमती ममता अड़कने, श्रीमती शारदा शिव, कुमारी सरोज मैरावी से भी बच्चों के संवर्धन एवं संरक्षण की दिशा में सार्थक कार्यवाही हेतु चर्चा की गयी । इसके साथ ही शाला त्यागी बच्चों को शाला में प्रवेश दिलाये जाने के लिए आवश्यक प्रयास करने तथा बच्चों को अध्ययन के प्रति प्रोत्साहित करने कहा गया। अध्यापकगण द्वारा कुछ समस्याओं से अवगत कराया गया जिनके संबंध में न्यायाधीश महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों से भी समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। बच्चों को अच्छी पढ़ाई करने, अपने माता-पिता व गुरूजनों की आज्ञा का पालन करने की भी सलाह दी गयी।

राष्ट्रीय जनता दल का 26वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

दैनिक समाज जागरण
चतरा, झारखण्ड

राष्ट्रीय जनता दल का आज 26वां स्थापना दिवस चतरा नगरपरिषद स्थित नगर भवन में बहुत ही धूमधाम तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। ततपश्चात सभी गणमान्यों ने केक काटकर एक दूसरे को केक खिलाकर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम को कई गणमान्यों ने संबोधित कर पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। संगठन की शशक्त बनाने, मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही इस मौके पर सैकड़ों महिलाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, महिला मोर्चा स्थापना दिवस कार्यक्रम के अवसर पर जिलाध्यक्ष शारदा देवी, जिलापरिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. मुतुर्जा, जिला प्रधान महासचिव महेंद्र यादव, 20सूत्री जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, जिला प्रवक्ता पप्पू यादव, मंत्री प्रतिनिधि हारून रशीद, प्रवक्ता अतीक मंसूरी, मंत्री प्रतिनिधि गौरी यादव, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अरुण यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रतीक प्रकाश अंगार, चतरा 20सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शंकर सिंह, अशोक दांगी, भोली साहू, प्रखंड अध्यक्ष सुभाष यादव, दिलीप यादव, बिरेंद्र यादव, विकास यादव, राजेन्द्र राम, बिनोद पासवान, कपिल यादव, जयकुमार यादव समेत सैकड़ों राजद कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।*

शिकारीपाड़ा मे मां बिपत्तारिणी की पूजा हर्षोल्लास के साथ हुई संपन्न

दैनिक समाज जागरण
शिकारीपाड़ा/दुमका/

आज मंगलवार शिकारीपाड़ा के सार्वजनिक सरस्वती मंदिर प्रांगण में मा बिपत्तारिणी की पूजा अर्चना हर्षोल्लास के साथ की गई पुरोहित के द्वारा विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ पूजा किया गया एवं पूजा करने आए वर्ती महिलाओं को पुरोहित द्वारा पूजा से संबंधित सारी कथा सुनाई , एवं वर्ती महिलाओं ने माता के चरणों में पुष्पांजलि अर्पण किए,

प्रसाद के रूप में मां बिपत्तारिणी को दूब घास के साथ अनानास व आम सहित मौसमी फल चढ़ाए गए, और वर्ती सभी सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाई और परिवार की सकुशलता की कामना की, इसके बाद परिवार के सदस्यों ने प्रसाद ग्रहण करने से पहले 13 गांठ वाला धागा बांह में बांधा। मान्यता है कि मां विपततारिणी के प्रसन्न रहने से घर में सुख-शांति रहती है। मां विपततारिणी की पूजा का विधान रथयात्रा के बाद पड़ने वाले मंगलवार या शनिवार को होता है,

दादा इशाक टांई पूर्व सरपंच के निधन पर राजनेताओं ने जताया शोक

समाज जागरण जुबैर खान नूंह

नूंह। जिले में दादा इशाक के नाम से मशहूर नूंह खंड के गांव टांई निवासी पूर्व सरपंच के आकस्मिक निधन पर राजनेताओं ने शोक प्रकट किया है। इस मौके पर मुख्य रूप से सीएलपी उपनेता आफताब अहमद, पूर्व विधायक भाजपा नेता जाकिर हुसैन, फिरोजपुर झिरका विधायक मामन खान, पुन्हाना विधायक मोहम्मद इलियास, जावेद सोहना, डीएसपी साकिर मालब, तालीम जेई काटपुरी, जमशेद जेई सिरोही, चौधरी सपात मेवली, अरशद सरपंच बैंसी, अक्की सरपंच मेवका बडौदा राजस्थान, आसू सरपंच उटावड सहित अन्य गणमान्य लोगों ने शोक प्रकट किया। मरहूम दादा इशाक अपने जीते जी भतीजे अरशद चेयरमैन को समाज की सेवा करने की जिम्मेदारी सौंप कर गए थे। बीते शुक्रवार को हुए अचानक

से उनके निधन के बाद अभी भी गांव में शोक की लहर है। बता दें कि मरहूम दादा इशाक टांई गांव के लगातार 40 वर्षों तक सरपंच रहे। पूर्वमंत्री व पूर्व सांसद चौधरी खुर्शीद अहमद ने उनको हरियाणा डेयरी विभाग का चेयरमैन भी नियुक्त किया था लगातार पांच वर्षों तक इस दौरान उन्होंने प्रदेश में भी अपनी पहचान बनाई थी। दादा इशाक के बड़े बेटे उसमान पब्लिक हेल्थ विभाग में कार्यरत है, दूसरा बेटा नौमान ट्रांसपोर्ट के कार्य से जुड़े हुए है। दादा इशाक के छोटे भाई डॉ इसलामुद्दीन चेयरमैन एनजीओ के माध्मय से लंबे समय से कर रहे हैं। इस मौके पर उनके भतीजे अरशद चेयरमैन टांई ने कहा कि उनको जो जिम्मेदारी मिली है उसका बखूबी पालन किया जाएगा। समाज में वह भी लोगों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

25 बुजुर्गों में मिला मोतियाबिंद, ऑपरेशन के लिए चयन दृष्टि कार्यक्रम के तहत हो रहा है क्षेत्र के लोगों का इलाज : नवीन लाठर

नूंह जुबेर खान नूंह। नूंह खंड के गांव बीवां स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में बुजुर्गों के लिए एक निशुल्क आंखों के शिविर का आयोजन किया गया। एबीएस फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कैंप में 200 लोगों ने भाग लिया। जिसमें से 25 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। अगले सप्ताह नोएडा स्थित आई केयर आई हॉस्पिटल नोएडा में इनका ऑपरेशन कराया जाएगा। इस कैंप का आयोजन एबीएस फाउंडेशन व सम्मान एनजीओ दिल्ली के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अभी तक नूंह खंड के कई गांवों में आयोजित किया गया है। आज बुधवार को यह कैंप रोजका मेव गांव में आयोजित होगा। इसके बाद गांव खेड़ला में 7 जुलाई, मालब 8 जुलाई को होगा। एबीएस फाउंडेशन के अधिकारी नवीन लाठर ने बताया कि आगामी समय में क्षेत्र के 15 गांवों में निशुल्क आंखों के कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिनमें 100 लोगों

को ऑपरेशन की सुविधा का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दृष्टि कार्यक्रम के तहत हो रहा है क्षेत्र के लोगों का निशुल्क इलाज किया जा रहा है। इस मौके पर डॉक्टर मनोज, रिशु व राजकीय माध्यमिक विद्यालय रेहना हेडमास्टरए रहीश सहित अन्य ग्रामीण मौजूदए रहे।

एस आर एफ फाउंडेशन व एमवे द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पोषण और स्वच्छता के प्रति किया जा रहा है जागरूक ।

समाज जागरण जुबैर खान नूंह

एस आर एफ फाउंडेशन व एमवे पिछले कई वर्षो से स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर नूह ब्लॉक 42 गांवो में कुपोषण और एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी से निपटने के लिए काम कर रही है
इसी के चलते हुए आज मंगलवार 05/07/2022 को नूह ब्लॉक के 42 गांवो में पोषण और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक तथा लोकगीत के प्रस्तुत करके लोगो को जागरूक अभियान चलाया ।जिसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नूह के सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर गोविंद सरण व डॉक्टर संदीप राजपूत व उनकी टीम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिसमे उन्होंने कहा की एस आर एफ फाउंडेशन व एमवे जिस तरीके से काम कर रही है उनका बहुत ही सराहनीय कदम है जिससे हमारे गांव के लोग पोषण और सवच्छता के प्रति जागरूक हो रहे है
जिसमे आज सौंख,पल्ला, बिवान गांव में पोषण

व स्वच्छता के प्रति रंगा श्री ग्रुप ने नुक्कड़ नाटक तथा लोकगीत का प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया गया। नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को खुले में शौच न करने, अपने घर के अगल-बगल कूड़ा कचरा न फेंकना, लोगों को अपने घर के आस-पास साफ-सफाई, शौचालय का उपयोग करने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही नल का उपयोग सही तरीके से करने, जल संरक्षण, गंदी नाली की साफ-सफाई, नाली में जमा पानी में देने की जानकारी दी गई। और उन्होंने नाटक के माध्यम से संदेश दिया की बच्चे और गर्भवती महिलाए सही पोषण ले और समय समय पर टीकाकरण कराए ताकि सभी बीमारियों से छुटकारा मिल सके
एस आर एफ फाउंडेशन के कार्यक्रम अधिकारी गुण्यानिध मलिक ने बताया की एस आर एफ फाउंडेशन व एमवे के द्वारा पोषण और स्वच्छता के प्रति लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने के लिए यह प्रोग्राम चलाया जा रहा है यह प्रोग्राम नूह ब्लॉक के 42 गांवों के हर गांव में 2 से 3 जगह किया जा रहा है

आज नगर पालिका वारासिवनी के पार्षदों के निर्वाचन के लिए होगा मतदान

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर पालिका परिषद वारासिवनी के 15 वार्डों से पार्षदों के निर्वाचन के लिए आज मतदान कराया जायेगा। वारासिवनी में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने 05 जुलाई को वारासिवनी के मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदान केन्द्रों की स्थिति का जायजा लिया और मतदान कराने पहुंचे मतदान दल के सदस्यों से चर्चा की।
नगरीय क्षेत्र वारासिवनी में 15 पार्षदों के निर्वाचन के लिए 32 मतदान केन्द्रों पर प्रातः 07 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान कराया जायेगा। इनमें से 23 मतदान केन्द्रों को सामान्य श्रेणी में और 09 मतदान केन्द्रों को संवेदनशील मतदान केन्द्रों

की श्रेणी में रखा गया है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। नगर पालिका वारासिवनी के 15 वार्डों से पार्षद के निर्वाचन के लिए कुल 56 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। नगर पालिका क्षेत्र वारासिवनी में कुल मतदाताओं की संख्या 22 हजार 446 है। इनमें पुरूष मतदाता 10 हजार 791 एवं महिला मतदाता 11 हजार 655 है। 06 जुलाई 2022 को इन मतदान केन्द्रों पर प्रातः 07:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक मतदान कराया जायेगा। नगरीय निकाय वारासिवनी की मतगणना 17 जुलाई को होगी। नगरीय क्षेत्र वारासिवनी में स्थित एवं उसके 05 किलोमीटर की परिधी में आने वाली 05 मदिरा दुकानों को 04 जुलाई को शाम 05 बजे से 06 जुलाई को मतदान समाप्ति तक बंद रखने के आदेश दिये है । नगरीय क्षेत्र वारासिवनी में इस अवधि के लिए शुष्क दिवस प्रभावी रहेगा। 06 जुलाई को मतदान समाप्ति तक देशी मदिरा दुकान वारासिवनी, विदेशी मदिरा दुकान वारासिवनी, देशी मदिरा दुकान वारा, देशी मदिरा दुकान मेंहदीवाड़ा एवं देशी मदिरा दुकान नेवरगांव को बंद रखने का आदेश दिया गया है। इस शुष्क अवधि में मदिरा का क्रय-विक्रय एवं परिवहन प्रतिबंधित रहेगा। वारासिवनी नगरीय निकाय में स्थित कार्यालयों, दुकानों एवं फैक्ट्रियों में कार्यरत कर्मचारी बिना किसी व्यवधान के अपना मतदान कर सके इसके लिए 06 जुलाई 2022 को नगरीय क्षेत्र वारासिवनी के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

टावर चोक के पास जिला प्रशासन द्वारा बिना हेलमेट वालो से वसूला गया जुमार्ना।

दैनिक समाज जागरण देवघर (दिवाकर यादव) :-

देवघर टावर चोक के पास मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया गया ,बिना हेलमेट या फिर ट्रैफिक नियम का पालन नहीं करने वालो से फाइन कटा गया। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा उन सभी को

समझाया गया की दोबारा ऐसा गलती न करे हेलमेट लगाए,ट्रैफिक नियम का पालन हमेशा करे। जिला प्रशासन चोकसी के साथ चेकिंग अभियान में लगे रहे , बहोत से बाइक वाले भागने का भी प्रयास कर रहे थे ,लेकिन जिला प्रशासन द्वारा पकड़ कर फाइन वसूला गया।
और यातायात के नियमो का पालन करने से यात्रा सुखद और सुरक्षित हो जाती है, यदि हम इसका उलंघन करते है,तो किसी दुर्घटना का शिकार हम खुद होगे।

पूर्व मुख्य मंत्री सह भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी के शिकारीपाड़ा आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ता कर रहे हैं तैयारी

दैनिक समाज जागरण शिकारीपाड़ा/दुमका/

झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी जी 07 जुलाई को 11:00 बजे शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं की बैठक में शामिल होंगे, कार्यक्रम शिकारीपाड़ा विवाह भवन मे होना है, जिसको लेकर भाजपा शिकारीपाड़ा पूर्वी मंडल क्षेत्र से मंडलों के सभी पदाधिकारी, मंडलों के मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री गण, सभी पंचायत के संयोजक एवं सहसंयोजक, कळ उएछछ, संयोजक कळ उएछछ, सहसंयोजक कळ उएछछ, मिडिया प्रभारी, मिडिया सहप्रभारी, प्रभारी सोसल मीडिया, सहप्रभारी सोसल मीडिया आदि सभी भाजपा कार्यकताओं को शुभाशीष चटर्जी मंडल अध्यक्ष शिकारीपाड़ा पूर्वी ने कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है

हेट अंबाकुरा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में नहीं है चापाकल, 3 से 5 वर्ष के छोटे-छोटे मासूम बच्चे कुएं का दूषित पानी पीने को विवश

पानी का टंकी बेकार प्रशासन संबंधित विभाग के अधिकारी बेखबर

दैनिक समाज जागरण संवाददाता /अनिल कुमार

मोहनपुरः प्रखंड के सरासनी पंचायत के हेटअंबाकुरा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र कुपोषण का शिकार बना हुआ है। आंगनबाड़ी केंद्र में चापाकल ना रहने के कारण 3 से 5 साल के बच्चे तक कुए का पानी पीने के लिए विवश है। शायद इन मासूम छोटे-छोटे बच्चे को क्या पता कि कुएं के पानी में बरसात के मौसम में दूषित पानी रहते हैं। वही ग्रामीणों ने बताया कि सरकार द्वारा चापाकल तो गाड़ दिया गया लेकिन खराब होने के बाद मरम्मत के लिए विभाग द्वारा ध्यान नहीं देने के कारण चापाकल खराब हो गया और धीरे-धीरे बंद मिट्टी में तब्दील हो गया ।इस मामले को लेकर जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारी बेखबर है।
पानी टंकी बेकार
आंगनबाड़ी केंद्र के छत के ऊपर लगाए गए। पानी की टंकी मानो शोभा बढ़ाने के लिए लगाए गए हैं। सरकारी राशि खर्च कर पानी टंकी का निर्माण कराया गया था। इस

उद्देश्य की बच्चे को स्वस्थ पानी मिल सकेगा ।लेकिन ना ही इसका लाभ बच्चे को कभी नहीं मिला।

रेफरल अस्पताल बना एबुलेंस विहीन एक 108 एम्बुलेंस के भरोसे चलाया जा रहा है काम

दैनिक समाज जागरण सिमरिया झारखण्ड

आए दिन दर्जनों दुर्घटना ग्रस्त रेफर मरीजों के लिए बना सरदर्द, निजी वाहनों का करना पड़ता है उपयोग हॉस्पिटल में छह एम्बुलेंस वाहन इन दिनों है बीमार, नहीं हो रही उसकी ईलाज सिमरिया : अनुमण्डल के एक मात्र रेफरल अस्पताल में इन दिनों एम्बुलेंस का दंश झेल रहा है। कहने को तो रेफरल अस्पताल में बीमार मरीजों को ईलाज की जाती है किंतु छह बीमार पड़े एम्बुलेंस को आज तक इलाज नहीं हो पा रही है ।जिसके कारण सभी

सिमरिया रेफरल अस्पताल के एम्बुलेंस बिमार, रेफर मरीज लाचार

बीमार एम्बुलेंस कौमा में रहते हुए झाड़ियों में जीर्ण तिर्न अवस्था में पड़े है। क्षेत्र में दुर्घटना से ग्रस्त मरीजों के लिए जहां 108 एम्बुलेंस का तो उपयोग किया जाता है। परंतु रेफरल अस्पताल का निजी एम्बुलेंस एक भी नहीं है। जिसके कारण अधिक दुर्घटना ग्रस्त मरीजों को रेफर किए जाने के बाद मरीजों के परिजनों को निजी वाहन से बाहर ले जाना पड़ता है। और एक मोटी रकम देना पड़ता है। कभी कभी तो एम्बुलेंस नहीं होने के कारण परिजनों और चिकित्सकों के बीच तू तू मैं के साथ झड़प भी हो जाती है। वहीं एक एम्बुलेंस राज्य सभा सासंद धीरज साहू के द्वारा रेफरल अस्पताल को मरीजों की सुविधा के लिए दी तो गयी थी किन्तु वह एम्बुलेंस भी इन दिनों बीमार हालत में किसी डॉक्टर रूपी फरिस्ते के इंतजार में शेड में दम तोड़ रहा है। आखिर ऐसे में कैसे होगा सबका साथ सबका विकास। एक ओर केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार दोनों सरकारें गरीबों की आहें भरते हैं । और गरीबों के लिए ईलाज सुविधा के लिए सरकारी किताबों में करोड़ो खर्च की बात करती है ।परंतु हॉस्पिटल की दयनीय स्थिति देख खुद रेफरल अस्पताल अपने आप को बीमार नजर आ रही है। ना हीं उचित मात्रा में दवा है ना हीं सुविधा है। ऐसे में रेफरल अस्पताल मात्र रेफर अस्पताल बन कर रह गया है।